# ISMAIL NATIONAL MAHILA PG COLLEGE, MEERUT

# MEDIA COVERAGE

# 2022 - 23

**अमर उजाला**

**दिनांक 01/07/22 को राष्ट्रीय सेवा योजना मे प्राचार्य की अध्यक्षता मे वन महोत्सव सप्ताह मनाया**

### प्रश्नोत्तरी में काशिफा प्रथम

मेरठ। इस्माईल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य प्रो. अनीता राठी की अध्यक्षता में वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। वन महोत्सव का उद्देश्य अधिक पौधे लगाना, पर्यावरण को हरियाली से भरपूर करना और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। वन महोत्सव के पहले दिन ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी हुई। जिसमें प्रथम काशिफा, द्वितीय प्रेरणा गोयल और तृतीय स्थान पर इल्मा मलिक रही। संयोजन व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी मीनू शर्मा ने किया। संवाद

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 04/07/22 को वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

### निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया प्रतिभाग

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में वन महोत्सव कार्यक्रम 2022 विषय के अंतर्गत हिन्दी विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे 25 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की सदस्या की भूमिका हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर दीपा त्यागी ने निभाई। संचालन सुमन मिश्रा ने किया। सुमन मिश्रा ने वन महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### निबंध प्रतियोगिता में अनुपम प्रथम

मेरठ। इस्माईल पीजी कॉलेज में सोमवार को वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की निर्णायक हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी रही। उन्होंने सभी छात्राओं को प्रत्येक वर्ष वन महोत्सव मनाए जाने का उद्देश्यों के बारे में बताया। छात्राओं को अपने पौधे लगाने व पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुपम भारद्वाज, द्वितीय स्थान वरदा फातमा रहीं। ब्यूरो

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015
ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015

## अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान

## दिनांक 10/08/22 को काकोरी कांड विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया

### छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

मेरठ। इस्माईल डिग्री महिला पीजी कॉलेज में हिंदी, अंग्रेजी व समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली व काकोरी कांड नुक्कड़ नाटक किया गया। यात्रा का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी और डॉ. शिवानी अग्रवाल ने किया। संवाद

### काकोरी कांड पर हुआ नुक्कड़ नाटक



मेरठ। इस्माईल कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के हिंदी अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई व काकोरी कांड विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनिता राठी एवं हर घर तिरंगा कायम की नोडल अधिकारी डॉ. शिवाली अग्रवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



इस्माईल डिग्री कालेज में नाटक का मंचन करतीं छात्राएं • जागरण

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 11/08/22 को तिरंगे के सफर पर प्रदशनी लगी



### तिरंगे के सफर की प्रदर्शनी लगी

मेरठ। आईएन कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'तिरंगे के सफर पर प्रदर्शनी' लगी। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक होता है। भारतीय ध्वज में देश की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास झलकता है। डॉ. ममता सिंह ने कहा कि पहला राष्ट्रीय ध्वज सात अगस्त 1906 को पारसी बागान चौक (ग्रीन पार्क) कलकत्ता में फहराया गया था। यह ध्वज लाल, पीले और हरे रंग की क्षैतिज पट्टियों से बनाया गया था। ि

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**अमर उजाला**

**दिनांक 11/08/22 को छात्राओ ने मानव श्रंखला बनाकर आजादी की 75वी वर्षगांठ का संदेश दिया**



इस्माईल पीजी कॉलेज में छात्राओं ने बनाई मानव शृंखला। संवाद

## ग्रीन इंडिया मिशन का दिया संदेश

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। 'आजादी के सही मायने' विषय पर छात्राओं ने नाटक का मंचन किया। छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर आजादी की 75वीं वर्षगांठ, राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने सभी की सराहना की। नुक्कड़ नाटक की संयोजिका अधिकारी सुमन मिश्रा एवं मीनू शर्मा, मानव शृंखला की रेंजर्स प्रभारी डॉ. स्वर्णा और पौधरोपण की डॉ. नेहा और डॉ. सारिका शर्मा रहीं। इस मौकें पर निशा गुप्ता, डा. मणि भारद्वाज आदि मौजूद रहे। संवाद

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 13/08/22 को विवि मे आयोजित पोधारोपर्ण मे शिक्षिकाओ ने भी उत्साह से सहभागिता की**



विवि में आयोजित पौधारोपण में महिलाओं ने भी उत्साह से सहभागिता की। • हिन्दुस्तान

**अमर उजाला**

**दिनांक 17/08/22 को एक दीप एक भारत हमारा भारत दीपोत्सव व मानव श्रंखला आयोजित की गई**



मानव शृंखला बनातीं इस्माईल कॉलेज की छात्राएं। संवाद

### इस्माईल कॉलेज में बनाई मानव शृंखला

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में एक दीप एक भारत हमारा भारत दीपोत्सव व मानव शृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम राजनीतिक विज्ञान चित्रकला और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। संचालन डॉ. ममता व विनीता ने किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी नोडल अधिकारी डॉ. शिवाली अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में छात्राओं ने मोमबत्तियों से भारतीय नक्शे को प्रारूपिक किया। छात्राओं ने विजय विश्व तिरंगा प्यारा गाकर भारतीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति, डॉ. दीपा, डॉ. रेनू, डॉ. वंदना आदि मौजूद रहे। संवाद

**अमर उजाला**

**दिनांक 28/08/22 को वैदिक गणित की सात दिवसीय अन्तराष्टीय कार्यशाला**

मेरठ • सिटी

## ग्रंथों के अध्ययन से दूर होगा गणित का भय



सीसीएसयू के गणित विभाग में आयोजित कार्यशाला में शामिल शिक्षक। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

### सीसीएसयू कैंपस के गणित विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गणित विभाग में चल रही वैदिक गणित की सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। अध्यक्षता गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की प्रो. निधि हांडा एवं डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव ने की। प्रो. निधि हांडा ने बताया कि कंदिका तीन के प्रथम छंद में एक श्लोक मिलता है, जिसमें बताया गया कि समकोण त्रिभुज की कर्ण की भुजा पर बनाए गए वर्ग का क्षेत्रफल आधार और लंबाई पर बनाए गए वर्ग के क्षेत्रफल के योग के बराबर होता है। दूसरे सत्र की शुरुआत डॉ. तेजस कुलकर्णी के व्याख्यान के साथ डॉ. अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। डॉ. तेजस ने अव्यक्त युक्ति से अंकगणित की ओर के मार्ग पर विस्तृत चर्चा की। वैदिक गणित तथा उससे जुड़े हुए ग्रंथों के बारे में जानकारी देते हुए उनके अध्ययन के लिए सभी को प्रेरित किया। कहा कि वैदिक गणित से जुड़े अनेक ग्रंथों के अध्ययन से लोगों में गणित के भय को दूर किया जा सकता है। संचालन डॉ. सरू कुमारी ने किया। इस दौरान प्रो. जयमाला, प्रो. मुकेश कुमार शर्मा ने भी विचार प्रस्तुत किए। विभागाध्यक्ष प्रो. शिवराज सिंह एवं डॉ. सोनिया गुप्ता द्वारा संकलित पुस्तक का विमोचन किया गया।

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान

## दिनांक 01/09/22 को पर्यावरण व स्वच्छता क्लब के तत्वावधान मे राष्टीय पोषण सप्ताह का आयोजन

### स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार जरूरी

मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के सहयोग से 'स्वस्थ जीवन में संतुलित आहार का महत्व' विषय पर गोष्ठी हुई। प्रारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने किया। क्लब निदेशक आयुष गोयल-पीयूष गोयल ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित आहार जरूरी है। नशा गुप्ता, डॉ. शिवाली अग्रवाल, डॉ. मणि भारद्वाज, प्रियंका शर्मा, नम्रता शर्मा मौजूद रहे।




इस्माईल कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में विचार रखतीं वक्ता। संवाद

### संतुलित आहार को अपनाएं

इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में पर्यावरण व स्वच्छता क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मेरठ कॉलेज की प्रो. अंशु मेहरा ने बताया कि पोषण माह की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने छात्राओं को संतुलन आहार अपनाने के लिए कहा।

विशिष्ट अतिथि डाइटिशियन सान्हा पाहवा ने सभी को समय से ताजा और सही मात्रा में खाना खाने की सलाह दी। संचालन निशा गुप्ता ने किया। डॉ. शिवाली, डॉ. मणि, पर्यावरण व स्वच्छता क्लब के संचालक आयुष और पीयूष का सहयोग रहा।

## अमर उजाला

## दिनांक 03/09/22 को कॉलेज मे पोस्टर प्रतियोगिता हुई

### पोस्टर प्रतियोगिता में आयशा प्रथम



पोस्टर देखतीं शिक्षिका। संवाद

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। निर्णायक डॉ. सोनिया, डॉ. सारिका शर्मा और नीतू शर्मा रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम आयशा, द्वितीय खुशी और शिवानी तृतीय स्थान रहीं। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने सभी को पोषणयुक्त आहार के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन निशा गुप्ता ने किया। डॉ. शिवाली आदि मौजूद रहीं। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 05/09/22 को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**



शिक्षक दिवस पर इस्माईल पीजी कालेज में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं वरिष्ठ शिक्षिका • सौ. संस्थान

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 07/09/22 को बीएड विभाग मे पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

### पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता में यशिका प्रथम

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग में बुधवार को पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने भाषा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी अपनाकर पुस्तक को पढ़ा। प्रतियोगिता में यशिका, राशि जैन और आयशा पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। डा. कुलज्योत्सना और डा. नीलम शर्मा भी उपस्थित रही।-जासं

## दैनिक जागरण

## दिनांक 05/09/22 को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



शिक्षक दिवस पर इस्माईल पीजी कालेज में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं वरिष्ठ शिक्षिका • सौ. संस्थान

## दैनिक जागरण

## दिनांक 07/09/22 को बीएड विभाग मे पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

### पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता में यशिका प्रथम

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग में बुधवार को पुस्तक पढ़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने भाषा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी अपनाकर पुस्तक को पढ़ा। प्रतियोगिता में यशिका, राशि जैन और आयशा पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। डा. कुलज्योत्सना और डा. नीलम शर्मा भी उपस्थित रही। -जासं

**<u>अमर उजाला</u>**

**<u>दिनांक 09/09/22 को पाच दिवसीय शिक्षक पर्व का समापन समारोह हुआ</u>**

### बीएड की शिक्षिकाओं को किया सम्मानित




मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में पांच दिवसीय शिक्षक पर्व का समापन समारोह हुआ। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने बीएड की सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम में संयोजिका डॉ. वंदना भारद्वाज, विनीता गुप्ता और इंदु गर्ग रहीं। डॉ. दीपा त्यागी, विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना भारद्वाज मौजूद रहीं। संवाद

**<u>अमर उजाला</u>**

**<u>दिनांक 13/09/22 को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया</u>**




### छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। कार्यक्रम अधिकारी आंचल सिंह, सुमन मिश्रा व मीनू शर्मा ने स्वच्छता पखवाड़े के उद्देश्य बताया। संवाद

**अमर उजाला**

**दिनांक 14/09/22 को हिंदी दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार गोष्टी आयोजित हुई**

## कविता के माध्यम से बताया हिंदी का महत्व

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, मुख्य अतिथि राजर्षि टंडन मुक्त विवि की डायरेक्टर डॉ. पूनम गर्ग एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन असिस्टेंट प्रो. सुमन मिश्रा और डॉ. नेहा सिंह ने किया।

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 15/09/22 को जागरूक नागरिक एसोसिएशन के तत्वाधान मे सेव ओजोन सेव लाइफ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन**

## इस्माईल कॉले जोन पर गोष्ठी



इस्माईल डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित वक्ता। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में जागरूक नागरिक एसोसिएशन के तत्वाधान में सेव ओजोन सेव लाइफ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. वाई विमला और प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य अतिथि ने ओज़ोन लेयर का महत्व बताया। ओजोन क्षरण के रोकथाम और उपाय बताए। साथ ही प्लास्टिक प्रयोग पर रोक, पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों का प्रयोग व पौधरोपण के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुवर्णा रही। यहां गिरीश शुक्ला, आरके अरोड़ा, प्रो. दीपा त्यागी आदि मौजूद रहीं। संवाद

## स्लोगन प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम



इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल शिक्षिका। संवाद

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में ओजोन दिवस पर प्राचार्य प्रो. अनीता राठी की अध्यक्षता में नो फ्यूल डे का शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत उन्होंने मोटरसाइकिल का प्रयोग वर्जित करने, बैटरी चलित, सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करने तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने आदि के लिए प्रोत्साहित किया। ओजोन परत की रक्षा के लिए शपथ दिलाई। वहीं रसायन विभाग में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें छात्राओं ने पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता पोस्टर व स्लोगन बनाएं। प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम व वंशिका द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू अग्रवाल ने किया। संवाद

## ओजोन संरक्षण से बताए उपाय



मेरठ। आईएन महिला पीजी कॉलेज में रेंजर्स समिति एवं जागरूक नागरिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 'सेव ओजोन-सेव लाइफ' विषय पर गोष्ठी हुई। शुभारंभ प्रो.वाई विमला एवं प्राचार्या प्रो.अनीता राठी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। रेंजर्स प्रभारी डॉ.स्वर्णा ने गोष्ठी के उद्देश्य बताए। प्रो.वाई विमला, गिरीश शुक्ला, आरके अरोड़ा, प्रो.शिवाली अग्रवाल, प्रो.दीपा त्यागी, डॉ.रीना गुप्ता, डॉ.ममता, डॉ. विनीता, डॉ. शुभा त्रिपाठी, डॉ.पूजा राय मौजूद रहे।

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 19/09/22 को साइबर क्राइम और सुरक्षा को लेकर अभियान चलाने की तैयारी ओर जागरूक करना**

## गर्ल्स कॉलेजों में बढ़ाई जाएगी सख्ती-सतर्कता

**संवाद**

मेरठ, संवाददाता। मोहाली की घटना के बाद जिले के गर्ल्स कॉलेजों में सर्तकता बढ़ा दी गई है। साइबर क्राइम और सुरक्षा को लेकर अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। हिन्दुस्तान ने सोमवार को गर्ल्स कॉलेज में संवाद किया। जिसमें संचालकों ने कहा कि घटनाओं को रोकने के लिए लड़कियों को जागरूक करना जरूरी है।

"इस्माईल पीजी कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। शिक्षकों की अनुमति के बिना छात्राओं के मोबाइल प्रयोग पर बैन है। छात्राएं परिसर में शिक्षिका से अनुमति लेकर ही मोबाइल प्रयोग कर सकती हैं। लगातार सेमिनार, साइबर क्राइम पर कार्यशाला, प्राइवेसी, इंटरनेट पर एप्स के प्रयोग की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है-डा. अनीता राठी, प्राचार्य, इस्माईल पीजी कॉलेज

**अमर उजाला**

**दिनांक 23/09/22 को प्रयावरण को बचाने की पहल**



## पर्यावरण बचाने की पहल

अमर उजाला

इस्माईल कॉलेज का यह वह परिसर है जो सामान्य दिनों में दुपहिया वाहनों से भरा रहता था। पर्यावरण को बचाने की पहल के तहत शुक्रवार को सभी शिक्षिकाएं और छात्राएं साइकिल, पैदल, बैटरी रिक्शा से कॉलेज आईं। किसी ने भी डीजल-पेट्रोल के वाहन का इस्तेमाल नहीं किया। इससे पार्किंग स्थल खाली नजर आया।

**अमर उजाला**

**दिनांक 24/09/22 को राष्टीय सेवा योजना दिवस पर महिला स्वास्थ्य एवं स्वछता के लिए एक दिवसीय अभियान चलाया**

न्यूज डायरी

### महिलाओं को शिक्षा का महत्व बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं ने शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर फफूंड़ा गांव में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता और साक्षरता के लिए एक दिवसीय अभियान चलाया। इसमें ग्रामीण अशिक्षित महिलाओं को अक्षर ज्ञान और शिक्षा का महत्व बताया। इसके साथ ही बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। विजेता बच्चों को लेखन सामग्री वितरित की गई। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सुमन मिश्रा, मीनू शर्मा एवं डॉ. नेहा सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 24/09/22 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम आयोजित हुआ**

### कमजोर वर्ग के उत्थान से संभव है विकास

मेरठ: इस्माईल पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। डा. दीक्षा ने छात्राओं को बताया गया कि हिंदुत्व की विचारधारा से गहराई से जुड़े होने के बाद भी दीनदयाल उपाध्याय को एक अलग विलक्षण विचारधारा से जोड़कर देखा जाता है। उनके विचार देशवासियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

डा. ममता सिंह ने कहा कि अंत्योदय का अर्थ गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान करना है। डा. कविता गर्ग ने कहा कि उपाध्याय का मानना था कि भारत के स्वदेशी आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है कि उसके केंद्र में मानव को रखा जाए। यह विचारधारा समाजवाद और पूंजीवाद दोनों से ही हटकर थी। उनका मानना था कि जब तक कमजोर वर्ग का उत्थान नहीं होगा, देश का विकास संभव नहीं है।

**अमर उजाला**

**दिनांक 27/09/22 को हिंदी विभाग की ओर से वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन**

my city #हम लोग

## हिंदी अखंड भारत की एकता के आदर्श का प्रतीक

### अमर उजाला और चौधरी चरण सिंह विवि के हिंदी विभाग की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



सीसीएसयू के बृहस्पति भवन में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष और विपक्ष के विजेताओं को सम्मानित करतीं वीसी प्रो. संगीता शुक्ला। अमर उजाला

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण**

**दिनांक 28/09/22 को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम मे प्रतियोगिता आयोजित की गयी**



इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित वेशभूषा प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। संवाद

## मंतशा ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में स्लोगन, पोस्टर, पेंटिंग, लोकगीत, प्रादेशिक खान-पान व वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

निर्णायक डॉ. ममता, डॉ. सुवर्णा, डॉ. बबीता, डॉ. दिशा, लक्ष्मी व पूजा आदि रही। पोस्टर में मंतशा, खुशी व फरहीन, स्लोगन में प्रीति, समरीन व साहिबा, प्रादेशिक वेशभूषा में लखनवी, राजनीतिक विभाग की पंजाबी वेशभूषा व अर्थशास्त्र विभाग की कश्मीरी वेशभूषा विजेता रही। प्राचार्य प्रो.अनीता राठी, डॉ. ममता सिंह, डॉ. दीक्षा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो



इस्माईल पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य, चित्र, स्लोगन व लोकगीतों से देश की संस्कृति की झलक दिखाई।

## पोस्टर में मतंशा, खुशी, फरहीन बनी विजेता



मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा हुई स्लोगन, पोस्टर, पेंटिंग एवं वेशभूषा प्रतियोगिता में छात्राओं ने थीम पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत को दर्शाया। निर्णायक मंडल में डॉ. ममता गौतम, डॉ. स्वर्णा, डॉ. बबीता शर्मा, डॉ. दिशा दिनेश, लक्ष्मी एवं पूजा रहीं। पोस्टर में मतंशा, खुशी, फरहीन, स्लोगन में प्रीति, समरीन, साहिबा, लोकगीत में सुरभि, विवेक, खानपान में आयशा, फरहीन, हलीमा, समरा ग्रुप, प्रादेशिक वेशभूषा में लखनवी, पंजाबी, कश्मीरी वेशभूषा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 27/09/22 को हिंदी विभाग की ओर से वाद - विवाद प्रतियोगिता मे इस्माईल कॉलेज की रुकैय्या प्रथम**

## पक्ष में मेरठ कॉलेज की खिरद, विपक्ष में इस्माईल की रुकैय्या प्रथम

विषय के पक्ष में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली मेरठ कॉलेज की खिरद जहरा जैदी ने कहा कि हिंदी भाषा मात्र भारतीय भाषाओं की प्रतिनिधि नहीं, अखंड भारत की एकता के आदर्श की मुख्य प्रतीक है। हिंदी हमारे हृदय की भाषा है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक, संसद से सड़क तक, साहित्य से लेकर सिनेमा तक संवाद का सबसे बड़ा पुल बनकर सामने आई है। विपक्ष में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली इस्माईल गर्ल्स कॉलेज की रुकैय्या ने कहा कि जिस देश में अनेकता में एकता की बात की जाती है, उस देश में एकरूपता की बात करना कहां तक उचित है। प्रतियोगिता में सुभारती विवि से आशुतोष ने पक्ष और रिया शर्मा ने विपक्ष में अपने विचार रखे। आईआईएमटी विवि से दिव्या गुप्ता, शोभित विवि से प्राची विश्नोई और सुबोध कुमार, वेंक्टेश्वरा विवि से नेहा सैनी और बक्सप्रीत सिंह, एनएएस कॉलेज से भानु प्रताप और गुड़िया यादव, आरजी कॉलेज से नेहा ठाकुर, मेरठ कॉलेज से ऋषभ शर्मा एवं शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय से सीमा अग्रवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।



खिरद जहरा जैदी



रुकैय्या

### राष्ट्रीय आंदोलनों में हिंदी की बड़ी भूमिका

स्वाधीनता सेनानियों ने अपनी मातृभाषा हिंदी को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चंद्र बोस तक ने हिंदी की इस शक्ति को पहचाना। समाचार पत्र जब हिंदी में प्रकाशित होने लगे तो अधिक जनता आंदोलन के साथ जुड़ पाई। - **राखी कांबोज, आरजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज (पक्ष में द्वितीय)**



### सभी भाषाएं हैं बराबर

संविधान का अनुच्छेद यह संरक्षण प्रदान करता है कि भारत के नागरिकों के एक हिस्से को अलग भाषा, लिपि या संस्कृति अपनाने का अधिकार है। फिर क्यों अनेकता में एकता वाला ये देश आज अनेक भाषाओं की एकता को अनेकता में बदलना चाहता है। भारत में 22 भाषाओं को अधिकारिक दर्जा मिला है। - **आरती कसाना, कनोहर लाल गर्ल्स कॉलेज (विपक्ष में द्वितीय)**



**पक्ष में रखे विचार**

| नाम | कॉलेज | स्थान |
|---|---|---|
| खिरद जहरा जैदी | मेरठ कॉलेज | प्रथम |
| राखी कांबोज | आरजी कॉलेज | द्वितीय |
| निकुंज कुमार | हिंदी विभाग, सीसीएसयू | तृतीय |
| अनुपम भारद्वाज | इस्माईल गर्ल्स डिग्री कॉलेज | सांत्वना |
| राशि जैन | कनोहर लाल गर्ल्स डिग्री कॉलेज | सांत्वना |

**विपक्ष में रखे विचार**

| नाम | कॉलेज | स्थान |
|---|---|---|
| रुकैय्या | इस्माईल गर्ल्स डिग्री कॉलेज | प्रथम |
| आरती कसाना | कनोहर लाल गर्ल्स डिग्री कॉलेज | द्वितीय |
| अवंतिका गौतम, | इतिहास विभाग, सीसीएसयू | तृतीय |
| मौ. हमजा, | आईआईएमटी विवि | सांत्वना |
| सोनी चौहान, | शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय | सांत्वना |

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 15/10/2022 को रोवर - रेंजर समिति की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




**रेंजर्स को दी रोजगार के अवसरों की जानकारी :** इस्माइल पीजी कालेज में रोवर–रेंजर समिति की ओर से शनिवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो . अनीता राठी ने छात्राओं को रेंजर्स बनने के बाद प्राप्त अवसरों की जानकारी दी • सौ . कालेज प्रबंधन

**अमर उजाला**

**दिंनाक 18/10/2022 को हास्य कला मेला उधमिता पर्व आयोजित हुआ**

## हस्तकला प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा



कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हास्य कला मेला उद्यमिता पर्व आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि से प्रो. वाई विमला, रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। मेले में हस्तशिल्प से संबंधित 20 से अधिक स्टाल लगाए गए। न्यूज पेपर बैग, क्रोशिया के रुमाल, दीपावली के दीपक, शुभ लाभ, पेंटिंग, सलवार कुर्ता, मेज व फ्रीज कवर तथा हस्त निर्मित आभूषण आदि आकर्षण का केंद्र बने। मेले में सचिव अजय अग्रवाल, शैलेंद्र जयसवाल, डॉ. दीपा त्यागी, प्रो. हरे कृष्णा, डॉ. मनी महाजन, निशा गुप्ता, प्रो. दीप्ति कौशिक, डॉ. प्रियंका शर्मा आदि का योगदान रहा। संवाद

## अमर उजाला

## दिंनाक 19/10/2022 को छात्रा इशिका को राजभवन मे जुगाड़ मे राज्यपाल ने सम्मानित किया

### इस्माईल की इशिका को राज्यपाल ने किया सम्मानित

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज की की छात्रा इशिका को राजभवन में दो दिवसीय कार्यशाला कबाड़ से जुगाड़ में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सम्मानित किया। इशिका ने रद्दी, अखबार के हैंड बैग बनाए थे जिनकी सराहना चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने ही नहीं बल्कि राज्यपाल ने भी की। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने इशिका का स्वागत किया। संवाद



इशिका का स्वागत करतीं प्राचार्य अनीता राठी। संवाद

## दैनिक जागरण

## दिंनाक 20/10/2022 को आयोजित विचार गोष्ठी मे बेटी पढ़ाओ-लिंगानुपात मे सुधार लाओ का संकल्प लिया गया



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में आयोजित गोष्ठी में शामिल अतिथि व छात्राएं • सौ. कालेज

### बेटी पढ़ाओ-लिंगानुपात में सुधार लाओ का संकल्प

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड संकाय द्वारा गुरुवार को आयोजित विचार गोष्ठी में बेटी पढ़ाओ-लिंगानुपात में सुधार लाओ का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डा हुमा मसूद द्वारा किया गया। एडीएम सिटी दिवाकर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अमरीश कुमार, सीओ सिटी अरविंद चौरसिया, सीएमओ डा. अखिलेश मोहन, नोडल अधिकारी डा प्रवीण गौतम, दिनेश तलवार ने संबोधित किया। संचालक डा अंजू बाला राजपूत ने किया।

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 01/11/2022 को आरजी कॉलेज की प्राचार्य ने इस्माइल डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डा. अनीता राठी का स्वागत किया**

एक नजर में



आरजी पीजी कालेज में कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण • सौ. कालेज

### देश के महज 62 सौ कालेजों का ही नैक मूल्यांकन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को नैक दिशा निर्देशों के अनुरूप उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता गांधी मेमोरियल कालेज अंबाला के पूर्व प्राचार्य डा. आरपी सिंह ने कहा कि क्लास के भीतर की शिक्षा ही सबसे बेहतर है। कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि देश में 50 हजार से अधिक कालेजों में से अब तक महज 6201 कालेजों का ही नैक मूल्यांकन हुआ। इनमें केवल 259 कालेज ही आटोनामस कालेज बन सके हैं। आरजी कालेज की प्राचार्य निवेदिता मलिक ने इस्माइल डिग्री कालेज की प्राचार्य डा. अनीता राठी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 07/11/2022 को स्त्री रोग एवं इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डा. मनीषा श्रीवास्तव ने स्तन कैंसर के बारे मे जानकारी दी**

### मोटापे और शराब के सेवन से हो सकता है स्तन कैंसर

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डा. मनीषा श्रीवास्तव ने स्तन कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए कहा स्तन कैंसर के प्रमुख कारण मोटापा, ज्यादा आयु में गर्भ धारण, शराब का सेवन, विकिरण उपचार, वंशानुगत उत्परिर्वतन एवं हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी है। लक्षणों के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्तनों में सूजन, आकार में वृद्धि या परिवर्तन, स्तन में गांठ महसूस होना है। स्वस्थ आहार और व्यायाम से अपने वजन को नियंत्रित रखें और अपने बच्चे को छह माह तक स्तनपान करवाए। संचालन डा. पूजा राय, प्रभारी चिकित्सा समिति ने किया।-जासं

## अमर उजाला

## दिंनाक 09/11/2022 को रेंजर्स रोवर समिति के सड़क सुरक्षा के प्रति तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

mycity
न्यूज कैप्सूल

### छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में रेंजर्स रोवर समिति द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने लेखन, चित्रकला व निबंध के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नोडल अधिकारी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताए। संयोजन प्रभारी रेंजर्स रोवर डॉ. सुवर्णा व महिमा ठाकुर ने किया। इस दौरान प्रो. शिवाली अग्रवाल और प्रो. दीपा त्यागी रही। संवाद

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 10/11/2022 को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया

### सर्टिफिकेट कोर्स में 80 ने करवाया रजिस्ट्रेशन

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत गुरुवार को हुई। मुख्य अतिथि प्रो . दिनेश कुमार और प्राचार्य प्रो . अनीता राठी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो . दिनेश कुमार ने कहा डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में डिजिटल साक्षरता की अहम भूमिका है। शेखर कुमार, डा . दीप्ति कौशिक ने विचार रखे। 80 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

### सरकारी सेवाओं के लाभ बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक की अध्यक्षता में 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार और प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रो. दिनेश कुमार ने डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में डिजिटल साक्षरता की अहम भूमिका बताई। विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीक्षा रानी ने किया। इस दौरान आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक, शेखर कुमार, मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता सिंह आदि का सहयोग रहा। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिंदुस्तान**

**दिंनाक 11/11/2022 को तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का समापन हुआ**

mycity

न्यूज कैप्सूल

## नाटक से बताए यातायात के नियम



इस्माईल पीजी कॉलेज में यातयात नियमों की शपथ लेते हुए। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एसपी ट्रेफिक सुमित वशिष्ठ और सुनील कुमार शर्मा ने किया। अभियान के प्रथम दिन निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इकरा सैफी, द्वितीय स्थान लायबा और तृतीय स्थान अनुपम भारद्वाज ने प्राप्त किया। हुमा खान और मुस्कान जलालुददीन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। द्वितीय दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लायबा, द्वितीय स्थान इलमा सैफी और सना और तृतीय फलक ने प्राप्त किया। संवाद

## सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग लाइसेंस की जानकारी ली

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में रोवर रेंजर्स समिति की ओर से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तीसरे और अंतिम दिन प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रश्नावली प्रपत्र छात्राओं ने उत्साह से हल किए। एसपी ट्रैफिक ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए ड्राइविंग लाइसेंस का महत्व भी बताया। साथ ही निबंध, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। वहीं, दूसरी ओर अर्थशास्त्र विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स के दूसरे दिन ट्रेनर शेखर कुमार ने कंप्यूटर का परिचय देते हुए बाइनरी कोड में 0 से 1 का अर्थ समझाया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी और विभागाध्यक्ष मोनिका भी उपस्थित रहीं। -जासं

## यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स पीजी कालेज में शुक्रवार को रोवर रेंजर्स कमेटी आईएनएम की छात्राओं के लिए यातायात जागरूकता के अंतर्गत गोष्ठी हुई। इस दौरान छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात पालन करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफ़िक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रशिक्षक सुनील कुमार शर्मा ने क्विज कराई।

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 13/11/2022 को दिवाली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया**

## कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनमोहा



रविवार को संस्कार भारती के कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

मेरठ। संस्कार भारती मेरठ महानगर की ओर से रविवार को इस्माईल महिला महाविद्यालय बुढ़ाना गेट में दिवाली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों एवं कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। राम वन गमन चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अंताक्षरी और भारत जानो क्विज के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम सिटी दिवाकर सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रमुख उद्यमी वीरेंद्र दत्त सेमवाल रहे। अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह विवि के विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. मृदुल गुप्ता, संचालन डॉ दिशा दिनेश, अनुराग कुमार व अर्चना जौहरी ने किया। कार्यक्रम में मानसी डांस ग्रुप के कलाकारों श्रेया, आराध्या, इस्तिका, परी, अनुप्रिया, तेजस्विनी, महर, राध्या, अवनी, आशी, मनस्वी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। अभिषेक डांस ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि एडीएम सिटी दिवाकर सिंह ने संस्कार भारती द्वारा ललित कलाओं के संवर्द्धन व संरक्षण नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विशिष्ठ अतिथि उद्यमी वीरेंद्र दत्त सेमवाल एवं अरुण गुप्ता ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष डॉ. मयंक अग्रवाल एवं महामंत्री डॉ. दिशा दिनेश ने अतिथियों का आभार जताया। संस्कार भारती महानगर कोषाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, सुधाकर आशावादी, विभाग संयोजक संस्कार भारती शीलवर्द्धन, सुधाकर आशावादी, संयोजक अनुराग कुमार, संयोजिका अर्चना जौहरी, एनएएस कालेज के प्रोफेसर नवीन चंद्र, प्रोफेसर विवेक त्यागी, सीसीएसयू से प्रशांत कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, अरुण गुप्ता, पवनेश गौड आदि मौजूद रहे।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 12/11/2022 को संस्थापक मोहम्मद इस्माइल मेरठी साहब की जयंती मनाई**

## इस्माईल मेरठी को किया याद



इस्माईल मेरठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कॉलेज के संस्थापक मोहम्मद इस्माईल मेरठी साहब की जयंती मनाई। मुख्य अतिथि जनाब प्रो. जैनुस साजिद्दीन सिद्दीकी, विशिष्ट अतिथि नायब शहर काजी, जनाब जैनुल राशिद्दीन आदि मौजूद रहे। छात्रा सुहाना ने इस्माईल साहब की जयंती पर नज्म 'लब पर आती है दुआ बनकर तमन्ना मेरी' सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कशिश, सुमय्या, सानिया, सोफिया, उज्मी ने रंगारंग नाटक 'इस्माईल की शमा' प्रस्तुत कर सभी को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आलिया एवं सुमय्या ग्रुप ने कव्वाली प्रस्तुत की। मंच संचालन अनुपम निधि एवं नफीसा खालिद ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा, अनुपम निधि आदि मौजूद रहे। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**दैनिक जागरण (inext)**

**दिंनाक 15/11/2022 को टिक टैक प्रेजेंट्स आईनेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया**



टिक टैक फ्रेशर विनर्स को दिए गिफ्ट.



स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह.

# ...पहला दिन याद आया

tic tac Presents fresh n crazy COLLEGE FRESHER'S PARTY

Co-powered by Margo · Hygiene Partner Pro-ease

## टिकटैक प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आईनेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी पार्टी में स्टूडेंट्स ने धमाल मचाया

meerut@inext.co.in

MEERUT (15 Nov): टिक टैक प्रजेंट्स आईनेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन इस्माईल गर्ल्स पीजी कॉलेज में किया गया. पार्टी में स्टूडेंट्स ने तरह-तरह के गेम्स व इवेंट में शामिल होकर खूब एन्ज्वॉय किया. वहीं रैंप पर वॉक करते हुए गर्ल्स ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने व्यक्तित्व से प्रभावित करने वाले स्टूडेंट्स को मिस मार्गो चुना गया. वहीं किसी स्टूडेंट्स ने मिमिक्री की तो किसी ने रैंप वॉक किया, तो किसी ने गाने गए तो किसी ने अपने डांस से खूब धमाल मचाया.

### दिए गए पुरस्कार

मिस टिक टैक फ्रेशर के लिए स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक, गाने गाए, पर्सनालिटी और डांसिंग स्किल्स दिखाई.




मिस टिकटैक फ्रेशर इकरा.




मिस टिकटैक फ्रेशर सपना.

**ये हैं स्पॉन्सर्स**

- प्रेजेंटिंग पार्टनर
  टिकटैक
- को-पावर्ड
  मार्गो सोप
  फॉर क्लियर एंड ब्यूटीफुल स्किन
- हाइजीन पार्टनर
  प्रो-ईज, सेनेटरी पैड्स
- एसोसिएट स्पॉन्सर
  ओरेन इंटरनेशनल

**ये हैं विनर्स**

- मार्गो सेल्फी फ्रेश फेस: आदिबा
- फ्रेश फेस: थर्ड तनिषा, सेकेंड इल्मा, फर्स्ट सना मलिक
- टिकटैक फ्रेशर: इकरा सेकेंड, सपना फर्स्ट
- प्रोइज साबिया
- टिकटैक रेपर: मुबाकसिरा

For more news log on to www.inextlive.com/meerut

### कई विनर चुने गए

सभी ने अपनी-अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया. एंकर नावेद खान ने स्टूडेंट्स को खूब गुदगुदाया, इवेंट में मार्गो सेल्फी फ्रेश फेस में आदिबा को दिया गया. प्रोइज साबिया को और टिक टैक रेपर मुबाकसिरा का दिया गया.






टिक टैक स्पिन व्हील कॉन्टेस्ट.




कॉमेडी, मिमिक्री और एक्टिंग कर सभी को प्रभावित किया. इस मौके पर टिक टैक फ्रेशर के साथ ही मार्गो फ्रेश फेस, प्रो ईज कांफिडेंस विद ईज, मारगो सेल्फी, टिक टैक फ्रेश मोमेंट्स आदि खिताब दिए गए. वहीं टिक टैक डंब शैराड गेम्स भी कराए गए.

### टीचर्स रहे मौजूद

कार्यक्रम में जज की भूमिका में डॉ. शिवाली अग्रवाल, डॉ. दिशा दिनेश, डॉ. इतिका, डॉ. निगत और डॉ.



## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 23/11/2022 को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ

### वेब ब्राउजर का प्रयोग करना सिखाया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र भाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के सातवें दिन ट्रेनर शेखर कुमार ने वेब ब्राउजर, उसके प्रकार व कैसे काम करता है आदि के बारे में बताया। वहीं छात्राओं को कंप्यूटर लैब में सीवी बनाना सिखाया। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कंप्यूटर शिक्षिका इरम ब्रा, डॉ. दीक्षा रानी, मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग आदि मौजूद रहे। संवाद

### स्मार्टफोन के उपयोग व दुरुपयोग बताए



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षिका व छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के 10वें दिन कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. दीक्षा रानी ने मोबाइल सुरक्षाः जोखिम, चुनौतियां और चिंताएं विषय पर छात्राओं को बताया। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी छात्राओं को स्मार्ट फोन के उपयोग व दुरुपयोग बताए। डॉ. ममता सिंह, मोनिका, डॉ. कविता आदि ने भी विचार प्रस्तुत कर छात्राओं को जागरूक किया। संवाद

### 91 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रो. एनसी लोहानी। अमर उजाला

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीसीएसयू की मुख्य अतिथि प्रो. एनसी लोहानी, प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, सीसीएसयू की आईक्यूएसी कार्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक, डॉ. ममता सिंह, मोनिका और डॉ. कविता गर्ग ने दीप जलाकर किया। ट्रेनर शेखर कुमार ने छात्राओं को कंप्यूटर से संबंधित डाटा एकत्र करने के बारे में बताया। कोआर्डिनेटर डॉ. दीक्षा रानी ने सर्टिफिकेट कोर्स की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर 91 छात्राओं को सर्टिफिकेट कोर्स पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संवाद

### छात्राओं को बताया कंप्यूटर का महत्व

मेरठ। इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में 15 दिवसीय डिजिटल एंपावरमेंट सर्टिफिकेट कोर्स के 13वें दिन ट्रेनर शेखर कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर एक महासंगणक के रूप में कार्य करता है, जिससे बड़ी से बड़ी गणनाओं को कुछ ही सेकंड में हल कर सकते हैं। कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. दीक्षा रानी, विभागाध्यक्ष मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग व छात्राएं उपस्थित रहीं। संवाद

### छात्राओं को साइबर हमले के बारे में जागरूक किया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय विषय सर्टिफिकेट कोर्स के 9वें दिन कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. दीक्षा रानी ने साइबर हमले के विषय में छात्राओं को बताया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने साइबर हमले के नुकसान बताए। इस दौरान डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता, मोनिका आदि ने भी अपने विचार रखे। वहीं कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से जीएसटी पर 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ हुआ। पहले दिन मुख्य अतिथि एसएसवी कॉलेज हापुड़ डॉ. अखिल मित्तल ने छात्राओं को जीएसटी के बारे में बताया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मणि भारद्वाज ने व्यापार में जीएसटी के उपयोग व महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर श्वेता कन्नौजिया और क्षमा का योगदान रहा। संवाद

### युवाओं में बढ़ रहा सोशल मीडिया का क्रेज : शेखर



इस्माईल डिग्री कॉलेज में विचार रखते वक्ता। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय विषय डिजिटल एंपावरमेंट पर आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स के 12वें दिन ट्रेनर शेखर कुमार ग्रेवाल ने युवाओं में तेजी से बढ़ते सोशल मीडिया के क्रेज के बारे में छात्राओं को बताया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. दीक्षा रानी, मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता मौजूद रही। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाइयों द्वारा बीए एवं एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, इतिहास एवं समाज सेवा में भूमिका बताई। संवाद

### कम समय में रिज्यूम बनाना सिखाया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के पांचवें दिन ट्रेनर शेखर कुमार ने छात्राओं को वर्ड प्रोसेसिंग के बारे में समझाया। उन्होंने बताया इसका महत्वपूर्ण उपयोग डीटीपी है। जिसकी सहायता से कम समय में काफी हाई क्वालिटी के डाक्यूमेंट्स बना सकते हैं। संचालन डॉ. दीक्षा रानी ने किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, विभागाध्यक्ष मोनिका, डॉ. हुमा मसूद, डॉ. ममता सिंह व डॉ. कविता गर्ग आदि मौजूद रहे। संवाद

### छात्राओं को दी सर्च इंजन की जानकारी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में डिजिटल सशक्तिकरण पर 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के आठवें दिन प्रशिक्षक शेखर कुमार अग्रवाल ने सर्च इंजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्च इंजन को हिंदी में खोज इंजन भी कहा जाता है। इसे हम इंटरनेट के माध्यम से एक्सेस कर सकते हैं। सर्च इंजन की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि यूजर द्वारा सर्च इंजन पर खोजी गई जानकारी को अन्य वेबसाइट से स्कैन कर आपके सामने प्रदर्शित करता है। प्रधानाचार्य प्रो. अनीता त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा छात्राओं के लिए बहुत आवश्यक है। विभागाध्यक्ष मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग, इरम आदि मौजूद रहे। संवाद

### कंप्यूटर से शिक्षा के क्षेत्र में तीव्रता आई : शेखर

मेरठ : बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 15 दिवसीय डिजिटल एंपावरमेंट पर सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को ट्रेनर शेखर कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर के महत्व को बताया। इस में करीब 90 छात्राएं शामिल हुईं। गरवाल ने बताया कि जब से शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग शुरू हुआ है, तब से संबंधित कार्यों में तीव्रता आई है। इंटरनेट द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर शिक्षण कार्य में सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। -जासं

### एक नजर



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज बुढ़ाना गेट में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से डिजिटल इम्पावरमेंट पर आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में कोर्स पूरा करने वाली 91 छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कला संकायाध्यक्ष प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, कालेज की प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, समन्वयक प्रो. दीप्ति कौशिक, ट्रेनर शेखर कुमार, डा. ममता सिंह, डा. दीक्षा रानी, मोनिका व डा. कविता गर्ग मौजूद रहे • सौ. कालेज

**अमर उजाला**

**दिंनाक 15/11/2022 को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान मे शताब्दी वर्ष के अंतर्गत बिरसा मुंडा जन्म पर कार्यक्रम आयोजित किया**

### बिरसा से जुड़ी घटनाएं बताईं

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत बिरसा मुंडा जन्म पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने कविता पाठ के माध्यम से बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. ममता सिंह ने किया। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 21/11/2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ**

### समाज सेवा कर देश के विकास में योगदान करें छात्राएं

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने दीप जलाकर की। उन्होंने कहा कि छात्राएं समाज सेवा करके देश के विकास में योगदान करें। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, इतिहास और समाज सेवा में योजना की भूमिका की जानकारी दी।

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 21/11/2022 को छात्राओं ने हस्तकला और शिल्पकला की विभिन्न वस्तुओं की प्रदशनी लगायी**

### प्रदर्शनी में छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में सोमवार को छात्राओं ने हस्तकला और शिल्पकला की विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। विभागाध्यक्ष डा. वंदना भारद्वाज ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और छात्राओं द्वारा बनाई वस्तुओं की सराहना की।

**दैनिक जागरण / अमर उजाला**

**दिंनाक 29/11/2022 को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ**

### इस्माईल कालेज में 15 दिवसीय कोर्स का शुभारंभ

जागरण संवाददाता, मेरठ : बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ। जिसका विषय मानव अधिकार पर जागरूकता रहा। यह कोर्स 13 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कालेज की प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व विभागाध्यक्ष प्रो. शिवाली अग्रवाल ने किया। मुख्य वक्ता डा. शोमायला वारसी असिस्टेंट प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. दीप्ति कौशिक रहीं।

### मानव अधिकार पर 15 दिवसीय कोर्स शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में मानव अधिकार जागरूकता विषय पर 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स शुरू हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व विभागाध्यक्ष प्रो. शिवाली अग्रवाल ने किया। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रो. डॉ. शोमायला वारसी व आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक रहीं। उन्होंने सभी को मानवाधिकारों के बारे में जानकारी दी। संवाद

### छात्राओं को किया जागरूक

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार जागरूकता विषय पर 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स चलाया जा रहा है। जिसमें सोमवार (छठे दिन) प्रथम सत्र में अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रो. मीनू शर्मा ने मानवाधिकार एवं अंग्रेजी साहित्य में मानवाधिकार के प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में राम दयालु सिंह कॉलेज मुजफ्फरनगर के असिस्टेंट प्रो. डॉ. रजनीकांत पांडे ने मानवाधिकार के प्रत्येक बिंदु बताएं। संयोजक डॉ. एकता चौधरी व सहसंयोजक निकहत उमैरा ने सभी को धन्यवाद दिया। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 30/11/2022 को रेंजर्स समिति की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा रैली निकाली**



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की रेंजर्स समिति की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली बच्चा पार्क और हापुड़ अड्डा चौराहे से निकाली गई • सौ. कालेज प्रबंधन

## रैली निकाल दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**मेरठ** : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की रेंजर्स समिति की ओर से बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा रैली बच्चा पार्क चौराहा और हापुड़ अड्डा चौराहे से निकाली गई। जिसका विषय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रहा छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरुक किया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने रेंजर्स को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा रैली रवाना की। मुख्य यातायात प्रशिक्षक और मिशिका ग्रुप के उपसचिव सुनील कुमार ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए नारे लगवाए। दुपहिया वाहन पर बिना हेलमेट और तीन सवारी होने पर दुर्घटना को छात्राओं ने बच्चा पार्क पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से दर्शाया। टीएसआइ मचंद्र दयाल, डा. स्वर्णा और महिमा ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 30/11/2022 को स्व. विष्णु शरण गुप्ता की स्मृति मे स्पिक मैके का कार्यक्रम हुआ**

## राजस्थानी लोक संगीत के सुर बिखेरे

मेरठ, संवाददाता। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में स्व. विष्णु शरण गुप्ता की स्मृति में स्पिक मैके का कार्यक्रम हुआ। विश्वविख्यात कलाकार महेशा राम व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। शुभारंभ महाविद्यालय के सहसचिव अनिल गुप्ता, संयोजक अरुण गुप्ता, अनूप सिंघल, प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम संयोजन संगीत विभागाध्यक्षा डा. रीना गुप्ता व संचालन पूजा शर्मा ने किया। इस दौरान कलाकार महेशा राम व उनकी टीम से छात्राओं ने संगीत के विषय में जानकारी प्राप्त की। लोक संगीत से जुड़े प्रश्नों के उत्तर जाने। अंत में अरुण गुप्ता ने सभी का धन्यवाद दिया।



इस्माईल नेशनल कॉलेज में स्व. विष्णु शरण गुप्ता की स्मृति में स्पिक मैके का कार्यक्रम हुआ।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 01/12/2022 को करियर काउंसलिंग सेल ने नेट परीक्षा के लिए तैयारी कैसे करे विषय पर व्याख्यान आयोजित किया**

### छात्राओं को दी नेट-जेआरएफ परीक्षा की जानकारी

मेरठ। इस्माईल डिग्री कॉलेज में करियर काउंसलिंग सेल ने नेट परीक्षा के लिए तैयारी कैसे करें विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। जिसमें एक शैक्षिक संस्था के काउंसलर सत्तमीत वशिष्ठ ने स्नातकोत्तर की छात्राओं को नेट, जेआरएफ परीक्षा के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. ममता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. कविता गर्ग, मोनिका एवं डॉ. दीक्षा कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 02/12/2022 को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में सरकार की चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ पर सेमिनार आयोजित किया गया**

### सभी को सरकारी योजनाएं बताईं

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं पर सेमिनार आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुषमान योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री, अटल पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना आदि पर 25 छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

नशीन ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उद्देश्य कम पढे-लिखे लोगों को सशक्त बनाना व उन्हें रोजगार दिलाना बताया। आंचल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का उद्देश्य निर्धन वर्ग के लोगों को जन्म प्रदान करना है, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर नागरिक, श्रमिक एवं किसानों को भी लाभ पहुंचाना बताया।

सुमैया ने आयुष्मान योजना का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ बनाए रखना बताया। इस दौरान डॉ. ममता सिंह, मोनिका, डॉ. दीक्षा, डॉ. कविता गर्ग, तब्बसुम आदि मौजूद रही। ब्यूरो

### लोगों को सशक्त बनाना है सरकारी योजनाओं का उद्देश्य

मेरठ: इस्माईल पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को सेमिनार हुआ। इसमें छात्राओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान योजना आदि की जानकारी दी गई। छात्रा नशीम ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य कम पढ़े-लिखे लोगों को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार दिलाना है।

## दैनिक जागरण

## दिंनाक 06/12/2022 को महिला अध्ययन प्रकोष्ठ सशक्त एवं जागरूक नागरिक एसोसिएशन ने कार्यक्रम का आयोजन किया

विविध



इस्माईल डिग्री कालेज में जल संरक्षण पर गोष्ठी में विचार रखते वक्ता • जागरण

### पांच मिनट टंकी खुली रहने से 25 लीटर पानी होता है बर्बाद

**मेरठ** : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज बुढ़ाना गेट में मंगलवार को महिला अध्ययन प्रकोष्ठ सशक्त एवं जागरूक नागरिक एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से छात्राओं के करियर परामर्श एवं जल संरक्षण जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मीनू शर्मा ने अतिथियों के स्वागत से किया। जागरूक नागरिक एसोसिएशन के महामंत्री गिरीश चंद शुक्ला मुख्य वक्ता रहे। कहा कि जल बिना जीवन असंभव है। हम छोटे-छोट प्रयास से रोजाना काफी जल की बचत कर सकते हैं। यदि पांच मिनट घर की टंकी खुली रह जाती है तो उससे करीब 25 लीटर पानी व्यर्थ में बह जाता है। इस 25 लीटर पानी से एक व्यक्ति का पूरे दिन का काम चलता है। डा. एके शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को दर्शाया। प्राचार्या डा. अनीता राठी ने अग्रिम पीढ़ियों के लिए आवश्यकता पर प्रकाश डाला।-जासं

## दैनिक जागरण / अमर उजाला

## दिंनाक 06/12/2022 को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न मे आयोजित होने वाले अंतराष्टीय सम्मेलन मे समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष के दो शोध पत्र स्वीकत किये गए

### आस्ट्रेलिया में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगी प्रो. दीप्ति

**मेरठ** : बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दीप्ति कौशिक कौशिक के आस्ट्रेलिया के पोर्ट मेलबर्न शहर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (वर्ल्ड कांग्रेस आफ सोशियोलाजी) के लिए दो शोध पत्र स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही दो सत्र के लिए संयोजिका के रूप में चयन किया गया है। यह आयोजन 25 जून-23 से एक जुलाई-23 तक मेलबर्न में किया जा रहा है।



प्रो. दीप्ति कौशिक •

### प्रो. दीप्ति के दो शोध पत्र स्वीकृत

मेरठ। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दीप्ति कौशिक के दो शोध पत्र स्वीकृत किए गए। 20वां अंतरराष्ट्रीय समाजशास्त्रीय सम्मेलन 25 जून 2023 को मेलबर्न आस्ट्रेलिया में किया जाएगा। प्रो. दीप्ति का चयन दो सत्रों में संयोजिका के रूप भी किया गया है। 47वीं ऑल इंडिया कांफ्रेंस 20 दिसंबर को मेघालय में होगी। संवाद



**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 13/12/2022 को लैंग्वेज लैब समिति ने स्पोकन इंग्लिश विषय सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन हुआ**

### दुनिया के लोगों के बीच सेतु बनी अंग्रेजी भाषा : प्रो. रविंद्र

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज मे प्राचार्या प्रो. अनीता राठी के नेतृत्व में लैंग्वेज लैब समिति द्वारा स्पोकन इंग्लिश विषय सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. रविंद्र कुमार, मुख्य वक्ता मुकेश कुमार निदेशक अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ लैंग्वेज बच्चा पार्क और डा. स्वर्णा इंचार्ज लैंग्वेज लैब द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. रविंद्र कुमार ने कहा कि अंग्रेजी दुनिया के लिए सेतू भाषा का काम कर रही है।-जासं

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 16/12/2022 को अनुशासन विभाग एवं एंटी रैंगिंग समिति का उद्घाटन समारोह मनाया गया**

### छात्राओं ने ली अनुशासन और नियमों की जानकारी

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के अनुशासन विभाग एवं एंटी रैगिंग समिति
का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को मनाया गया। चीफ प्रोक्टर प्रो. दीपा
त्यागी ने अनुशासन विभाग के नियमों से छात्राओं को परिचित करवाया,
और डा. हूमा मसूद ने चीफ प्रीफेक्ट्स एवं प्रीफेक्ट्स को शपथ दिलवाई।
साथ ही कार्यभार भी सौंपे। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने बैच प्रदान किया
गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने मोबाइल फोन के उपयोग के
सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष की जानकारी दी।

## दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान

## दिंनाक 20/12/2022 को भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ ने भारतेंदु रचित (अंधेर नगरी) नाटक के चतुर्थ अंक का मंचन किया



मंगलवार को इस्माईल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### आईएन में अंधेर नगरी नाटक का मंचन

मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज के भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र रचित 'अंधेर नगरी' नाटक के चौथे अंक का मंचन हुआ। एमए द्वितीय वर्ष से रुकैया, सना, सुन्दरी, आंचल, आयुषी, डॉली, शीतल सैनी, काजल अग्रवाल, सोनिया, अनशाहना और शिखा ने प्रस्तुति दी। नाटक में भ्रष्टाचार एवं राजा की अयोग्यता पर व्यंग्य है। प्रो. दीपा त्यागी, सुमन मिश्रा, डॉ. नेहा सिंह, मनीषा, चित्रा त्यागी, डॉ. अंजू बाला, डॉ. सपना शर्मा मौजूद रहीं।



बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ ने भारतेंदु रचित 'अंधेर नगरी' नाटक के चतुर्थ अंक का मंचन किया। नाटक की प्रस्तुति एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने की। इनमें रुकैया, सना, आंचल, डाली, शीतल सैनी, कालेज अग्रवाल, सोनिया, अनशाहना और शिखा आदि ने भाग लिया। छात्राओं ने 'अंधेर नगरी' नाटक का मंचन कर बताया कि इसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार एवं राजा की अयोग्यता पर व्यंग्य किया • जागरण

## दैनिक जागरण

## दिंनाक 21/12/2022 को इतिहास दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक काकोरी योजना विषय पर संगोष्ठी हुई

8 दैनिक जागरण मेरठ, 22 दिसंबर, 2022

एक नजर में

### 'विष्णु शरण दुबलिश को भेजा गया था सेल्युलर जेल'

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज और भारतीय इतिहास संकलन समिति की ओर से बुधवार को इतिहास दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक काकोरी योजना विषय पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा. कुलदीप त्यागी और विशिष्ट अतिथि प्रो. आराधना और प्राचार्य डा. अनीता राठी नें दीप जलाकर दी। मुख्य वक्ता एनएएस कालेज इतिहास विभाग के डा. नवीन चन्द्र गुप्ता ने कहा कि काकोरी ट्रेन डकैती की योजना को राम प्रसाद बिस्मिल, चन्द्रशेखर आजाद, राजेन्द्र लाहिड़ी, शचीन्द्र बख्शी, मुकुद लाल गुप्ता ने अंजाम दिया था। राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी को 19 दिसंबर 1927 को निर्धारित तिथि के बावजूद 17 दिसंबर को गोंडा जिले में फांसी दे दी गई।



संगोष्ठी में विचार रखतीं वक्ता • सौ. संस्थान

प्रो. आराधना ने बताया कि काकोरी के सभी राजनीतिक बंदियों को भारत के विभिन्न जिलों में भेजा गया, केवल विष्णु शरण दुबलिश ही ऐसे थे, जिन्हें अंडमान निकोबार की सेल्युलर जेल में भेजा गया। प्राचार्य अनीता राठी ने कहा हमें अपनी भारतीय संस्कृति को अपनाना चाहिए।

## दैनिक जागरण / अमर उजाला

## दिंनाक 22/12/2022 को अंतर विश्वविधालय वाद -विवाद और आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अंतर विश्वविद्यालय वाद-विवाद एवं आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी और मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. अश्वनी गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 'तकनीकी विकास से ही अच्छे दिन आ सकते हैं' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। निर्णायक एनएएस कॉलेज से प्रो. मधु शर्मा, मेरठ कॉलेज जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. निशा मनीष और कृषि विवि के असिस्टेंट प्रो. पंकज चौहान रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में मेरठ कॉलेज ने प्रथम आरजी पीजी कॉलेज द्वितीय और इस्माईल कॉलेज और कृषि विवि को तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार डीएन कॉलेज ने प्राप्त किया। आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आईआईएमटी कॉलेज, द्वितीय स्थान मेरठ कॉलेज और तृतीय स्थान आरजी पीजी कॉलेज ने प्राप्त किया। संचालन प्रो. दीपा त्यागी ने किया। संवाद

### तकनीकी विकास से ही आ सकते हैं अच्छे दिन

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में गुरुवार को अंतर विश्वविद्यालय वाद–विवाद और आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोज़न किया गया। जिसमें विभिन्न कालेज के 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी और संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग डा. अश्वनी गोयल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय तकनीकी विकास से ही अच्छे दिन आ सकते हैं रहा। वाद विवाद में मेरठ कालेज के विवेक कुमार और आरजी कालेज की अनुष्का प्रथम, इस्माइल कालेज की रूकय्या दूसरे और आरजी कालेज की आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं आशु भाषण में आइआइएमटी की प्रिवा सिंह प्रथम, मेरठ कालेज के अभय राणा दूसरे और आरजी कालेज की शगुन तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में प्रो. मधु शर्मा, प्रो. निशा मनीष और प्रो. पंकज चौहान शामिल रहे। प्रो. दीपा त्योगी, कुलज्योत्सना और डा. नेहा सिंह भी रहीं।

## अमर उजाला

## दिंनाक 09/01/2023 को रोड सेफ्टी क्लब ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

### छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर दिखाई फिल्म

मेरठ। इस्माईल डिग्री कॉलेज में सोमवार को रोड सेफ्टी क्लब ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा पर आधारित डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी एवं मुख्य अतिथि चीफ ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुनील कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सुनील शर्मा ने सड़क सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा के नियमों से छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा पर आधारित डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाई गई। संचालन रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी महिमा ठाकुर और सदस्य डॉ. नेहा ने किया। इस दौरान मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनेता, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. नीतू शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

दिनांक 29/12/2022

amarujala.com/meerut

my city

# Campus

## गर्ल्स कॉलेजों ने 2022 में दिए टॉपर्स, राज्यपाल ने भी सराहा

### चारों गर्ल्स कॉलेजों में बेटियों ने दूसरे क्षेत्रों में बनाई पहचान, खेलों में भी आगे रहीं छात्राएं, कई पदक प्राप्त कर किया नाम रोशन

मुस्कान कटारिया

मेरठ। वर्ष 2022 शहर के गर्ल्स कॉलेजों के लिए बेहतर रहा। कॉलेज की कई छात्राओं ने पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों खेल, संगीत, चित्रकला और स्टार्टअप आदि में प्रतिभाग कर वाहवाही लूटी।

इस्माईल पीजी कॉलेज की छात्राओं ने हस्तनिर्मित बैग व थैले बनाकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शाबासी पाई तो वहीं, कनोहर लाल में इस वर्ष एनसीसी की नई विंग शुरू होने पर छात्राओं ने उत्साह के साथ एडमिशन लिया। मेडल लेने में भी चारों कॉलेजों की बेटियों ने खूब नाम रोशन किया। कॉलेजों में प्लेसमेंट सेल द्वारा लगवाए रोजगार मेलों में बेटियों को रोजगार भी मिले। (संवाद)

### एमओयू से खुलेंगे नए रास्ते खेल में भी जीते पदक



कॉलेज में वर्ष 2022 में नई दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और सिम्बॉयसिस यूनिवर्सिटी एप्लाइड साइंसेज इंदौर के साथ एमओयू किया गया। नए सत्र में चार नए स्किल कोर्स शुरू किए गए। छात्रा खुशी जैन ने नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2022 में प्रदर्शन किया। छात्रा राशि जैन ने पढ़ाई के साथ स्टेट ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें उसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैसिलिटेटर बनने का मौका मिला। पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। दो स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक और चार कांस्य पदक प्राप्त किए। – प्रो. अलका चौधरी, प्राचार्य कनोहर लाल गर्ल्स डिग्री कॉलेज

### रोजगार के लिए कॉलेज ने की पहल



शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं ने कई गतिविधियों में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते। कॉलेज की समाजशास्त्र की दो छात्राओं ने जेआरएफ उत्तीर्ण किया। सीसीएसयू की अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी व ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने मेडल जीते। महाविद्यालय ने रोजगारपरक शिक्षा की तरफ कदम बढ़ाते हुए कई एमओयू हस्ताक्षरित किए। इसमें क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय मेरठ भी शामिल है, इसके जरिए तीन कंपनियों ने कॉलेज की 62 छात्रों का चयन किया। – प्रो. अंजु सिंह, प्राचार्य शहीद मंगल पांडे गर्ल्स डिग्री कॉलेज

### 21 स्किल कोर्स होंगे प्रारंभ



महाविद्यालय में 21 स्किल कोर्स विवि द्वारा अप्रूवल के लिए भेजे जा चुके हैं। बीएड विभाग द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। जिसमें 31 छात्राओं का विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में चयन हुआ। इस वर्ष महाविद्यालय की 7 छात्राओं ने टीजीटी-पीजीटी की परीक्षा पास की और एक छात्रा का चयन आरजी इंटर कॉलेज में शिक्षिका के पद पर भी हुआ। दीक्षांत समारोह में इतिहास की छात्रा मिस्बा और बीवॉक की छात्रा शुभांगी अरोड़ा को भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। छात्रा खुशी पंत ने बैडमिंटन में सीसीएसयू अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता और खुशी धामा ने 44 के भार वर्ग में अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। – प्रो. निवेदिता मलिक, प्राचार्य आरजी पीजी कॉलेज

### राज्यपाल ने किया छात्राओं को सम्मानित



इस्माईल पीजी कॉलेज ने सिंगर और रोटरी क्लब से एमओयू हस्ताक्षरित किया। कॉलेज की छात्रा इशिता ने हस्तनिर्मित कागज के बैग व थैले बनाएं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनको सम्मानित किया व शाबासी दी। महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग सेल भी शुरू किया गया जिसमें छात्राएं अपनी समस्याएं पूछ सकती है। साथ ही रोजगार मेला भी आयोजित किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग की छात्रा सेल्स टैक्स कंपनी में चयनित हुई तथा कई छात्राओं ने रोजगार प्राप्त किए। इस वर्ष कॉलेज में सात छात्राएं टॉपर्स बनीं। – प्रो. अनीता राठी, प्राचार्य इस्माईल पीजी कॉलेज

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 11/01/2023 को हिंदी विभाग मे हुई पोस्टर प्रतियोगिता**

## पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता बनी रितिका



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज में हिंदी विभाग में हुई पोस्टर प्रतियोगिता में रितिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। सलोनी एवं शिवानी गर्ग द्वितीय, जबकि अदिति जैन एवं मुस्कान तृतीय रहीं। मानसी बंसल, राशि सैनी, नेहा को सांत्वना पुरस्कार मिला। डॉ. सुमन मिश्रा, ललित कुमार निर्णायक रहे। डॉ. सुधारानी सिंह, प्रो. भारती दीक्षित, डॉ. अमर ज्योति सहित सभी शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

**हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 12/01/2023 को गंगा यमुना का महात्म्य विषय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया**

## चित्रों में झलका गंगा-यमुना का महत्व



मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज एवं राजकीय संग्रहालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को 'गंगा यमुना का महात्म्य 'विषय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चित्रों में गंगा और यमुना का महात्म्य झलका। छात्राओं को गंगा और यमुना का महत्व बताया और दोनों नदियों तो प्रदूषण-गंदगी से बचानें की शपथ दिलाई।

आठ दिवसीय प्रजर्शनी का उद्घाटन पूर्व आईएएस डॉ. आरके भटनागर एवं इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. अनीता राठी, संग्रहालय अध्यक्ष पतरू मौर्य एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दिशा दिनेश, शीलवर्धन ने किया। प्रदर्शनी में लगे क्षेत्रों में गंगा-यमुना से जुड़ी विभिन्न कथाओं का विवरण चित्रों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय संग्रहालय के अध्यक्ष पतरू मौर्य, हरिओम शुक्ला का सहयोग रहा। इस दौरान इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की प्रोफेसर दीप्ति कौशिक, प्रोफेसर शिवाली अग्रवाल, डॉ. स्वर्णा, डॉ. एकता चौधरी मौजूद रहे।



शहीद स्मारक में प्रदर्शनी देखतीं छात्राएं • जागरण

## चित्रों में दिखी गंगा-यमुना से जुड़ी कहानियां

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : गंगा-यमुना नदियों की अपनी पहचान महत्व और संस्कृति है। दोनों नदियों से जुड़ी परंपरा और हजारों पौराणिक कहानियां है। जिन्हें देख और सुनकर हम सभी बड़े हुए हैं।

युवा पीढ़ी को गंगा और यमुना नदी का महात्म्य समझाने के उद्देश्य से गुरुवार को इस्माईल पीजी कालेज और राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय शहीद स्मारक की ओर से शहीद स्मारक परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन पूर्व आइएएस डा. आरके भटनागर और प्राचार्य डा. अनीता राठी ने फीता काटकर किया।

**<u>दैनिक जागरण</u>**

**<u>दिंनाक 12/01/2023 को सड़क सुरक्षा माह के एनएसएस के अंतर्गत मलिन बस्ती मे सड़क सुरक्षा संबंधी नियमो की जानकारी दी</u>**

**मदद के लिए छात्राओं ने किया प्रेरित**

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत गुरुवार को एनएसएस की प्रथम और द्वितीय इकाई ने मलिन बस्ती में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। लोगों को दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया। साथ ही सड़क पर दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, महिमा ठाकुर और डा. स्वर्णा भी उपस्थित रहीं।

**<u>अमर उजाला</u>**

**<u>दिंनाक 14/01/2023 को रोड सेफ्टी क्लब एवं एनएसएस मे सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई</u>**

**भाषण में सानिया व प्रश्नोत्तरी में हबीबी प्रथम**

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब एवं एनएसएस की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा' विषय पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी को पुष्पगुच्छ देकर किया गया। प्रथम स्थान सानिया, द्वितीय आयशा एवं तृतीय स्थान पर मनस्वी रहीं। प्रश्नोत्तरी में हबीबी प्रथम, मनस्वी द्वितीय व आयशा ने तृतीय रहीं। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

---

**दैनिक जागरण / अमर उजाला**

**दिंनाक 15/01/2023 को अंग्रेजी विभाग आइसीईआरटी की ओर से शिक्षा, भाषा और मानविकी मे अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की**

## शिक्षा एवं भाषाई मुद्दों पर प्रकाश डाला

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में रविवार को अंग्रेजी विभाग एवं आईसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा, भाषा और मानविकी में समकालीन वैश्विक चुनौतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में देश-विदेश से लगभग 100 शोधपत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए। शुभारंभ नाइजीरिया नाइल विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. डॉ. दिलीप, ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, प्रबंध समिति के सचिव अजय अग्रवाल ने किया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता मणिपाल विश्वविद्यालय मलेशिया के प्रो. सोम शुभ्रा डे, इंग्नू इंग्लिश ऑफ ह्यूमेंनिटीज के प्रो. प्रमोद कुमार मेहरा व प्रो.



इस्माईल कॉलेज में गोष्ठी में बोलते वक्ता। संवाद

अरुणा आंचल रहीं। समापन संयोजिका डॉ. स्वर्णा ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष एमबीए विभाग के प्रो. एवेजेनिया जारिकोवा एवं समन्वयक राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. एकता चौधरी रहीं। संवाद

## युवा जागरण




इस्माईल नेशनल पीजी महिला कालेज के अंग्रेजी विभाग व आइसीईआरटी की ओर से, शिक्षा, भाषा और मानविकी में समकालीन वैश्विक चुनौतियां और अवसर, विषय पर आयोजित संगोष्ठी में देशभर के वक्ताओं ने आनलाइन व आफलाइन हिस्सा लिया। दोनों माध्यमों से सौ शोध पत्र प्रस्तुत किए गए • जागरण

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 17/01/2023 को गणित विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से वैदिक गणित के दस दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की गई**

### छात्राओं ने सीखे वैदिक सूत्र

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के गणित विभाग और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित वैदिक गणित के दस दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के दूसरे दिन बुधवार को मुख्य अतिथि वैदिक गणित विशेषज्ञ एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास हरियाणा प्रांत के संयोजक डा. राकेश भाटिया ने पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को बड़ी-बड़ी संख्याओं के गुणनखंड वैदिक सूत्रों की सहायता से आसानी से करना सिखाया। गणित विभागाध्यक्ष डा. सोनिया गुप्ता ने वैदिक गणित के सूत्र एक न्यूनेन पूर्वेण एवं निखिलम के अनुप्रयोग को सिखाए। ममता सिंह, डा. सपना शर्मा, डा. नीतू शर्मा रहीं।

### छात्राएं सीखेंगी वैदिक गणित

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के गणित विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से मंगलवार को वैदिक गणित के दस दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की गई। बीए, बीएससी, बीकाम, एमकाम, एमए, एमएससी की छात्राओं ने इसमें भाग लिया। गणित विभागाध्यक्ष डा. सोनिया गुप्ता ने जानकारी दी।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 19/01/2023 को गणित विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान मे वैदिक गणित का 10 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया**

## इस्माईल कॉलेज, शिक्षा संस्कृति में समझौता



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के गणित विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक गणित का 10 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अध्यक्ष प्रो. संजय शर्मा, संयोजक डॉ. विरेंद्र तिवारी और सह संयोजक उमेश सेनरा रहे। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व प्रो. संजय शर्मा ने एमओयू को हस्ताक्षरित कर अनुबंध किया। दोनों संस्थाएं प्राचीन भारतीय गणित, वैदिक गणित, भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर साथ कार्य करेंगे। प्रथम सत्र में प्रो, संजय ने छात्राओं को शून्य के बारे में बताया। वहीं द्वितीय सत्र में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया गुप्ता ने बड़ी संख्याओं को जोड़ने, घटाने एवं उनका गुणन करना सिखाया। डॉ. रेनू अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 19/01/2023 को गृहविज्ञान और वाणिज्य विभाग मे लैक्मे एकेडमी की ओर से ब्यूटी कार्यशाला का आयोजन किया गया**

## छात्राओं को सौंदर्य कौशल के बारे में बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में गृहविज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग एवं लैक्मे एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में ब्यूटी संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। लैक्मे एकेडमी के विशेषज्ञ ने छात्राओं को सौंदर्य कौशल जैसे ब्राइडल मेकअप, लाइट मेकअप, फैशियल, ब्लीच आदि के विषय में बताया गया। संचालन एवं संयोजन गृहविज्ञान व वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष निशा गुप्ता और डॉ. मणि भारद्वाज ने किया। संवाद




इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में कार्यशाला में प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं • सौ. कालेज

## इस्माईल कालेज में छात्राओं ने ली मेकअप की जानकारी

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के गृहविज्ञान और वाणिज्य विभाग में गुरुवार को लैक्मे एकेडमी की ओर से ब्यूटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लैक्मे एकेडमी के सौंदर्य विशेषज्ञों ने छात्राओं को सेल्फ मेकअप की जानकारी दी और ब्यूटी टिप्स भी दिए। छात्राओं ने ब्राइडल मेकअप, लाइट मेकअप, फेशियल, मैनीक्योर, पैडीक्योर और ब्लीच करना भी सीखा। कालेज के उर्दू विभाग में स्वरविज्ञान एवं ध्वनि विज्ञान विषय के लिए एडआन की शुरुआत हुई। यूनुस गाजी ने अपनी नज्म इल्म के हवाले से छात्राओं को प्रोत्साहित किया। तजीर अंसार ने अपने मोटिवेशनल भाषण दिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी और डा. हुमा मसूद भी उपस्थित रहीं।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 21/01/2023 को जी - 20 सम्मेलन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया**

### सभी ने दौड़ लगाकर किया जी-20 का प्रसार

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में जी-20 सम्मेलन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। प्रतिभागियों ने कॉलेज से जिमखाना मैदान तक दौड़ लगाई। संचालन एवं संयोजन शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. ममता ने किया। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के तत्वावधान में जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. शैलजा ने किया।



इस्माईल पीजी कॉलेज में रन फॉर जी में शामिल प्रतिभागी। संवाद

### छात्राओं ने रन फार जी 20 में लगाई दौड़

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज में शनिवार को रन फार जी 20 का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। इसमें शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने कालेज परिसरर से जिमखाना मैदान तक रेस लगाई। प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी, डा. विनेता और डा. स्वर्णा भी उपस्थित रहीं।

22/1/23

**अमर उजाला**

**दिंनाक 22/01/2023 को देवनागरी शिक्षा समिति के तत्कालिक अवैतनिक सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सेठ दयानंद गुप्ता की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई**

## सेठ दयानंद गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। डीएन कॉलेज में रविवार को देवनागरी शिक्षा समिति के तत्कालिक अवैतनिक सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सेठ दयानंद गुप्ता की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजीत सिंह, न्यायमूर्ति साधना ठाकुर, झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुभाष चंद, जिला जज मेरठ रजत जैन, फैमिली कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आईपीएस जोश और मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के अवैतनिक सचिव डॉ. ओपी अग्रवाल ने दयानंद गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण किया।



डीएन कॉलेज में सेठ दयानंद गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण करते अतिथि। संवाद

राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने कहा कि सेठ दयानंद गुप्ता ने शिक्षण संस्थाओं के लिए जो कार्य किए, वह प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम में देवप्रिया ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र गुप्ता एवं सुरेश गुप्ता ने अपने पिता की स्मृति में 2500 वर्ग मीटर में नवनिर्मित एक ब्लॉक का उद्घाटन किया। मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राम कुमार गुप्ता, कनिका मित्तल, कॉलेज के अवैतनिक सचिव अजय अग्रवाल, राजबाला गुप्ता, एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, देवप्रिया ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, प्राचार्य प्रो. अजय कुमार, प्रो. बीएस यादव, मेरठ कॉलेज के शिक्षक, इस्माईल कॉलेज की शिक्षिकाएं-कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं, इस्माईल इंटर कॉलेज में सेठ दयानंद गुप्ता की पत्नी राजबाला और प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी।

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 23/01/2023 को चित्रकला विभाग मे नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया**

### चित्रों में दर्शाए नेताजी के जीवन के रंग

मेरठः इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के चित्रकला विभाग में सोमवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मेरठ कालेज सैन्य अध्ययन विभाग के प्रो. संजय कुमार ने युवाओं को नेताजी के जीवन से प्रेरित किया। छात्राओं ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित चित्रों का प्रदर्शन भी किया। आरजी पीजी कालेज के इतिहास विभाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डा.रेनू जैन, अंजलि गुप्ता, डा. पूनम और डा. पूजा राजोरिया भी उपस्थित रहीं। इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कालेज शास्त्रीनगर में 1300 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा मानव शृंखला बनाकर रैली निकाली गई। जिसमें इस्माईल इंटर कालेज शास्त्रीनगर एवं विद्या मंदिर कालेज की छात्राएं शामिल हुई। प्रधानाचार्य डा. मृदुला शर्मा ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। कनोहर लाल पीजी कालेज में छात्र कल्याण परिषद की ओर से जरूरतमंद कर्मचारी वर्ग और छात्राओं को वस्त्र वितरण किया गया। प्राचार्य डा. अलका चौधरी, डा. सोनिका नागर और पूजा राय भी उपस्थित रहीं। शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद की ओर से सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 23/01/2023 को सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी के नेतृत्व मे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बैठक आयोजित की**

### छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी के नेतृत्व में डॉ. स्वर्णा ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बैठक आयोजित की। बैठक में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। वहीं चित्रकला विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015
ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015

**अमर उजाला**

**दिंनाक 23/01/2023 को सीसीएसयू मे धरना प्रदर्शन करती इस्माईल महिला महाविधालय की छात्राएं**

Campus | my city | अम

# रिजल्ट पर कॉलेजों से कैंपस तक हंगामा

## एनईपी में प्रथम सेमेस्टर में बड़ी संख्या में छात्रों ने की कम नंबरों की शिकायत, अधिकारी बोले-छात्र फेल नहीं, दोनों सेमेस्टर के जुड़ेंगे नंबर

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए-बीएससी-बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट आने के बाद सोमवार को कॉलेजों से लेकर कैंपस तक हंगामा हो गया। इस्माईल कॉलेज, एनएएस कॉलेज और कनोहर लाल कॉलेज समेत कई कॉलेजों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं नारेबाजी करते हुए पैदल कैंपस पहुंच गए। धरना देते हुए हंगामा कर दिया। छात्रों ने रिजल्ट में गड़बड़ी की बात कहते हुए दोबारा मूल्यांकन कराने की मांग कर दी। विवि के अधिकारियों ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में एनईपी में फेल का प्रावधान नहीं है, ऐसे में सभी को दूसरे सेमेस्टर में प्रोन्नत कर दिया गया है। इसके अलावा रिजल्ट भी चेक कराया जा रहा है।

बड़ी संख्या में कैंपस पहुंचे छात्र-छात्राओं ने बताया कि उनके अंक पूरे हैं, लेकिन उनको फेल दिखाया गया है। छात्रों ने रिजल्ट में गड़बड़ी की बात कहते हुए दोबारा रिजल्ट करने की मांग की। उनका कहना था कि मूल्यांकन सही नहीं किया गया है। छात्र-छात्राओं ने धरना देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक वे कुलपति कार्यालय के बाहर से नहीं उठेंगे।





सीसीएसयू में धरना प्रदर्शन करतीं इस्माईल महिला महाविद्यालय की छात्राएं और कुलपति कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं कनोहरलाल महिला महाविद्यालय की छात्राएं। अमर उजाला

छात्र-छात्राओं के हंगामे को देखते हुए एसओ मेडिकल और सीओ सिविल लाइन अरविंद कुमार चौरसिया भी मौके पर पहुंच गए। घंटों तक छात्र-छात्राएं दोबारा रिजल्ट जारी करने की मांग करते रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि रिजल्ट का मूल्यांकन कराया जा रहा है। यह भी देखा जा रहा है कि कोई तकनीकी गड़बड़ तो नहीं है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि एनईपी के नियमों के मुताबिक प्रथम सेमेस्टर में फेल का प्रावधान नहीं है, सभी दूसरे सेमेस्टर में प्रोन्नत हैं। दोनों सेमेस्टर को मिलाकर 36 क्रेडिट होना चाहिए, ऐसे में छात्र-छात्राएं भ्रमित न हों। इसके बाद छात्र-छात्राएं वापस लौट गए।

■ **ये रहे शामिल :** छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता विनीत चपराणा, हैप्पी चपराणा, अंकित अधाना, राहुल, शान मोहम्मद, अक्षय बेनीवाल, मयंक भाटी, आशू राठी, लवी, सोनू, सौरभ और कार्तिक मौजूद रहे।

### परीक्षा नियंत्रक बोले- छात्र-छात्राएं ये रखें ध्यान

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि अधिकतर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों की जानकारी नहीं है। कॉलेजों को भी इस संबंध में जानकारी देनी चाहिए थी। छात्र 33 नंबर टोटल समझकर उत्तीर्ण बता रहे हैं लेकिन एनईपी के नियमों के मुताबिक बाह्य परीक्षा में 75 में से 25 अंक लाने जरूरी हैं, इसके अलावा आंतरिक परीक्षा में अगर कोई 25 में से आठ अंक भी लाता है तो दोनों को मिलाकर 33 अंक हो जाएंगे। आंतरिक परीक्षा में अगर किसी के जीरो नंबर आते हैं और बाह्य परीक्षा में वह 33 अंक लाता है तो वह पास माना जाएगा। लेकिन अगर बाह्य परीक्षा में 25 से कम आते हैं, भले ही आंतरिक के अंक मिलाकर 33 हो रहे हैं तो वह उत्तीर्ण नहीं माना जाएगा। इसी तरह से वोकेशनल कोर्स में थ्योरी और प्रैक्टिकल को मिलाकर 40 अंक होने चाहिएं। को-करिकलर में आंतरिक और बाह्य को मिलाकर 40 नंबर होने चाहिएं। छात्रों से विवि की वेबसाइट पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियम देखने को कहा गया है।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 25/01/2023 को अर्थशास्त्र विभाग मे उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई**

### छात्राओं को फूलों से धूपबत्ती बनानी सिखाई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलिज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका विषय 'व्यापार, तकनीकी, पर्यटन एवं ट्रेडिंग' रहा। डॉ. ममता सिंह ने छात्राओं को बताया कि वर्ष 1950 में यूनाइटेड प्रोविन्स का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। उन्होंने फूलों से धूपबत्ती, बेकार पड़ी वस्तुओं से नई वस्तुओं का निर्माण करना, अखबार से घड़ी, पीपल के पत्तों से पेंटिंग आदि बनाना सिखाया। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं के हस्तकौशल की सराहना की। संचालन डॉ. कविता गर्ग ने किया। संवाद

**दैनिक जागरण (inext)**

**दिंनाक 28/01/2023 को हिंदी विभाग मे निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

### मीडिया के प्रभाव पर लिखा निबंध

इस्माईल पीजी कालेज के हिंदी विभाग में शनिवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय मीडिया का समाज पर प्रभाव, विश्व भाषा की ओर हिंदी के बढ़ते कदम और इक्कीसवी सदी में जल संकट रहा. प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने भाग लिया. इसके साथ ही गणित विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से चल रहे वैदिक गणित के 10 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ. सभी छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए. विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. दीप्ति सक्सेना और निशा गुप्ता भी उपस्थित रही.

**दैनिक जागरण / अमर उजाला**

**दिंनाक 26/01/2023 को प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने ध्वजारोहण किया एवं विभिन्न स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ**

# शान से लहराया तिरंगा

meerut@inext.co.in

**MEERUT (27 Jan):** गुरुवार को शहर से लेकर गांव-देहात तक में गणतंत्र दिवस की धूम रही. शहर में जहां विभिन्न स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया वहीं देहात क्षेत्र के स्कूल-कालेजों में कार्यक्रम आयोजित हुए. कार्यक्रमों का शुभारंभ प्रभात फेरी निकाल कर किया गया. गणतंत्र दिवसर के अवसर पर गढ रोड स्थित गांधी आश्रम से शहीद स्मारक तक प्रभात फेरी निकाली गई. डीएम दीपक मीणा ने कैंप कार्यालय, कलेक्ट्रेट कार्यालय, शहीद स्मारक सहित विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण किया. इसके बाद कलक्ट्रेट परिसर में भी डीएम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और शपथ ग्रहण कराई गई. ऐसे ही कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. ने कमिश्नरी परिसर में तिरंगा फहराया और शपथ ग्रहण कराई. गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया.



भैंसाली मैदान

# कॉलेजों में भी गणतंत्र दिवस की धूम

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. बेबी कुमार व प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी ने ध्वजारोहण किया।

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने ध्वजारोहण किया। आरजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने ध्वजारोहण किया इस्माईल इंटर कॉलेज, त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज, हावर्ड प्लेस्टेड गर्ल्स इंटर कॉलेज, दिगम्बर जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कार्यक्रम हुए। आईआईएमटी विवि के कुलाधिपति योगेश मोहनजी गुप्ता ने ध्वजारोहण कर एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। संवाद

## दैनिक जागरण / (inext)

## दिंनाक 30/01/2023 को बीएड विभाग मे सात दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला की शुरुआत हुई

### बेकार वस्तुएं से बनाई सजावटी वस्तुएं



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में सात दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला की शुरुआत सोमवार को हुई. कार्यशाला केपहले दिन छात्राओं ने कालेज परिसर में लगे गमलों पर पेंटिंग की. पीडी लाइट फेविक्रिल संस्था की शबनम ने छात्राओं को रंगोली, गृहसज्जा सामान और घरेलू ब्रेकार सामान से सजावटी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया. प्राचार्य डा. अनीता राठी ने छात्रों के प्रयास की सराहना की.



### छात्राओं ने बेकार सामान से बनाईं सजावटी वस्तुएं

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में सात दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला की शुरुआत सोमवार को हुई। कार्यशाला के पहले दिन छात्राओं ने कालेज परिसर मे लगे गमलों पर पेंटिंग की। पीडी लाइट फेविक्रिल संस्था की शबनम ने छात्राओं को रंगोली, गृहसज्जा सामान और घरेलू बेकार सामान से सजावटी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने छात्राओं का प्रयास सराहा • सौ. कालेज

## अमर उजाला

## दिंनाक 30/01/2023 को सड़क सुरक्षा माह के तहत राष्टीय सेवा योजना की तृतीय इकाई की ओर से महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि पर शिविर का आयोजन किया गया

### बापू के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई

संवाद न्यूज एजेंसी



महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फिल्म देखतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फिल्म गांधी का प्रदर्शन किया गया। दूसरे सत्र में गांधी जी के विचारों से प्रेरित स्वच्छता अभियान चलाया गया। संचालन व संयोजन मीनू शर्मा ने किया।

**पोस्टर प्रतियोगिता में गुलफशां और निबंध में सानिया प्रथम**

सेफ्टी क्लब की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के सहयोग से पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी को पुष्प गुच्छ देकर किया गया। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम गुलफशां, द्वितीय काजल और तृतीय स्थान पर तनु जिंदल रहीं। वहीं, निबंध में प्रथम सानिया सहजाद, द्वितीय आयशा और तृतीय स्थान पिंकी ने प्राप्त किया।

इसके अलावा बीएड विभाग में सात दिवसीय हस्तशिल्प पर आधारित कार्यशाला के पहले दिन छात्राओं ने गमलों पर चित्रकारी कर उन्हें सजाया। संयोजिका डॉ. वंदना भारद्वाज ने छात्राओं को कार्यशाला में पीडी लाइट फेविक्रल संस्था के विषय विशेषज्ञ शबनम आरा ने रंगोली, गृहसज्जा सामान आदि वस्तुओं के बनानें के बारे में जानकारियां दीं।

## अमर उजाला

## दिंनाक 31/01/2023 को सड़क सुरक्षा क्लब, रोवर रेंज़र्स एवं एनएसएस के तत्वावधान मे सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं मानव श्रंखला शपथ समारोह आयोजित किया गया

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




जागरूकता रैली का शुभारंभ करतीं प्राचार्य। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब, रोवर रेंजर्स एवं एनएसएस के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं मानव शृंखला शपथ समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। रैली कॉलेज से शुरू होकर बच्चा पार्क, ईव्ज चौराहा और बुढ़ाना गेट से होती हुई वापस कॉलेज पहुंची। छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, जानता है देश का हर बच्चा, सबसे जरूरी सड़क सुरक्षा, दुर्घटना से रखनी है दूरी, तो हेलमेट है सबसे जरूरी आदि नारे लगाएं। छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ग्रहण की। संचालन एवं संयोजन सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ. स्वर्णा, महिमा ठाकुर, सुमन मिश्रा व डॉ. नेहा सिंह ने किया। संवाद

## अमर उजाला

## दिंनाक 31/01/2023 को सीसीएसयू के उर्दू विभाग मे आयोजित बैठक मै मौजूद संयुक्त प्रगतिशील नाट्य संघ के लोग

### नुक्कड़ नाटक के जरिए करेंगे लोगों को जागरूक



सीसीएसयू के उर्दू विभाग में आयोजित बैठक में मौजूद संयुक्त प्रगतिशील नाट्य संघ के लोग। संवाद

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में संयुक्त प्रगतिशील नाट्य संघ के साथ बैठक की गई।

अफाक अहमद खान ने कहा कि हमें मेरठ से अन्य क्षेत्रों में भी नाट्य कार्यक्रमों को ले जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसके महत्व को समझ सकें। यूपीटीए के अध्यक्ष भारत भूषण शर्मा ने कहा कि हम पहले भी उर्दू विभाग के सहयोग से विभिन्न विषयों पर नाटक करते रहे हैं और भविष्य में भी इस प्रयास को जारी रखेंगे। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में फैली जनसमस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। डॉ. फरहत खातून, डॉ. हुमा मसूद,' अनिल शर्मा, फराह नाज, कमरुल हक मौजूद रहे। संवाद

## अमर उजाला

## दिंनाक 01/02/2023 को रामानुज वैश्यनाथ अनाथाश्रम एवं मोहनपुरी स्थित प्राथमिक पाठशाला मे जन जागरूकता रैली के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया

### बच्चों को अंग्रेजी वर्णमाला की जानकारी दी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज द्वारा रामानुज वैश्यनाथ अनाथाश्रम एवं मोहनपुरी स्थित प्राथमिक पाठशाला में जन जागरूकता रैली के अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें साक्षरता, स्वच्छता व लेखन सामग्री वितरण की गई। कार्यक्रम अधिकारी सुमन मिश्रा, मीनू शर्मा, डॉ. नेहा सिंह ने स्वच्छता, साक्षरता एवं समाजसेवा का महत्व बताया। स्वयंसेविकाओं ने अनाथ बच्चों को अक्षर ज्ञान, गिनती एवं पहाड़े का ज्ञान, अंग्रेजी वर्णमाला और सामान्य ज्ञान की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। दिनेश कुमार और जितेंद्र मौजूद रहे। संवाद

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 02/02/2023 को मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'आत्महत्या' विषय पर ग्राम सलारपुर मे नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया

### आत्महत्या रोको नुक्कड़ नाटक का किया मंचन



इस्माईल पीजी कॉलेज में नाटक का मंचन करतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'आत्महत्या' विषय पर ग्राम 'सनारपुर' में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें ग्रामीण किसान एवं लिंग भेदभाव के संदर्भ में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे गरीब किसान कर्ज की वजह से अपने पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करता है और कोई भी उसकी मदद के लिए तैयार नहीं होता। दूसरी तरफ एक होनहार लड़की लिंग भेद के चलते आगे पढ़ाई करने से वंचित रह जाती है। जिस कारण वह आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाती है। अंत में नाटक के माध्यम से यह समझाया गया कि कोई भी परेशानी इतनी गंभीर नहीं होनी चाहिए कि अपनी जिंदगी का अंत करने पर आ जाए। मनोविज्ञान विभाग की डॉ. विनेता, शाइस्ता बेगम, मोनिका शर्मा, सोहनवीर आदि मौजूद रहीं। संवाद



नुक्कड़ नाटिका कर लिंग भेदभाव के लिए छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक • सौ. कालेज

### नुक्कड़ नाटिका से लिंग भेदभाव के प्रति किया जागरूक

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'आत्महत्या' विषय पर ग्राम सलारपुर में नुक्कड़ नाटिका कर लिंग भेदभाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि कैसे गरीब किसान कर्ज की वजह से अपने पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करता है और कोई भी उसकी मदद के लिए तैयार नहीं होता। दूसरी तरफ एक होनहार लड़की लिंग भेद के चलते आगे पढ़ाई करने से वंचित रह जाती है। इस कारण वह आत्महत्या जैसा कदम उठाती है। अंत में नाटक के माध्यम से यह समझाया गया कि कोई भी परेशानी इतनी गंभीर नहीं होनी चाहिए कि अपनी जिंदगी का अंत किया जाए। प्राचार्य डा. अनीता राठी, मीनू शर्मा, डा. स्वर्णा और मीनू शर्मा भी उपस्थित रही।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 03/02/2023 को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन ऑफिसर नित्या त्यागी ने बौद्धिक संपदा अधिकार और उभरती प्रवृत्तिया प्रकरण पर जागरूकता कार्यक्रम मे कही**

## नवाचारों का पेटेंट कराकर बनाएं कॅरियर

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। छात्राएं अपने नवाचार को अपने तक सीमित न रखें। अपने नवाचार-उत्पाद को पेटेंट कराएं। इसके लिए पेटेंट कार्यालय या उसकी वेबसाइट पर आवेदन करें। अगर वह उत्पाद या तकनीकी या विचार नया है तो पेटेंट का आदेश जारी कर दिया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन ऑफिसर नित्या त्यागी ने बौद्धिक संपदा अधिकार और उभरती प्रवृत्तियां प्रकरण पर जागरूकता कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. सारिका शर्मा ने बौद्धिक संपदा अधिकार के अंतर्गत विगत वर्षों में किए गए कार्यक्रमों के विकास पथ का परिचय दिया और अब तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेटेंट के लिए पंजीकृत किए गए उत्पादों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता नित्या त्यागी ने बौद्धिक संपदा अधिकार पर बोलते हुए प्रत्येक उत्पादक व उपभोक्ता के लिए इसकी उपयोगिता की जानकारी दी।

छात्राओं को बताया कि जिस प्रकार कोई किसी भौतिक धन (फिजिकल प्रापर्टी) का स्वामी होता है, उसी प्रकार कोई बौद्धिक संपदा का भी स्वामी हो सकता है। उन्होंने छात्राओं को खुद के कार्य और तकनीकी विकास पर आधारित नवाचार करने को कहा। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मुख्य वक्ता नित्या त्यागी का स्वागत किया। इस मौके पर बीएड विभाग की नेहा शर्मा, असरा जावेद, सुमैया, हिमांशी आदि मौजूद रहीं।



इस्माईल पीजी कॉलेज में व्याख्यान देतीं नित्या त्यागी। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 03/02/2023 को अर्थशास्त्र विभाग मे इंट्रोडक्शन टू राइटिंग रिसर्च विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी**

## मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है शोध

जागरण संवाददाता, मेरठ: इस्माइल नेशनल महिला पीजी. कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को इंट्रोडक्शन टू राइटिंग रिसर्च (शोध लेखन के लिए प्रस्तावना) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें एमएम मोदी पीजी कालेज मोदीनगर के डा. अनिल कुमार गोविला ने बताया कि शोध के अन्तर्गत बोधपूर्वक तथ्यों का संकलन कर व्यवस्थित व सावधानीपूर्वक सूक्ष्म बुद्धि से अवलोकन कर नए तथ्यों का उद्घाटन किया जाता है। शोध मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है तथा इसे विकसित एवं परिमार्जित करता है। शोध से समस्याओं का समाधान

## अमर उजाला

## दिंनाक 06/02/2023 को अर्थशास्त्र विभाग मे 2023-24 बजट मे उभरती चुनौतिया और अवसर विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई

### इस्माईल कॉलेज में बजट के बारे में बताया



संगोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में '2023-24 बजट में उभरती चुनौतियां और अवसर' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता सीसीएसयू के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. अतवीर सिंह ने बजट में घटते शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर खर्च को रेखांकित किया। उन्होंने 'जनसांख्यिकीय विभाजन' से उभरती उम्मीदों एवं चुनौतियों के बारे में बताया। दूसरे सत्र में किसान पीजी कॉलेज हापुड़ के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रविराज सिंह ने सरकार द्वारा पूंजी व दस लाख करोड़ रुपये को बजट की प्रमुख उपलब्धि बताया। वहीं तीसरे सत्र में दिनेश कुमार ने रक्षा बजट में बढ़ते चालू खर्चे को रेखांकित करते हुए उसके रक्षा क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की। इस दौरान मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. दीक्षा आदि मौजूद रहीं। संवाद

## अमर उजाला

## दिंनाक 06/02/2023 को छात्राओ को हिंदी भाषा मे रोजगार के अवसर बताएं

### छात्राओं को रोजगार के अवसर बताएं

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को छात्राओं को हिंदी भाषा में रोजगार के अवसर बताएं। बीवीएम पीजी कॉलेज आगरा की प्रो. शम्स आलम ने छात्राओं को वर्तमान समय में हिंदी भाषा के विविध महत्त्व बताया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा, मीडिया, सिविल सेवा, बैंक में अनुवादक जैसे अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहां हिंदी भाषा का प्रसार देखा जा सकता है। विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रो. दीपा त्यागी, सुमन मिश्रा, डॉ. नेहा सिंह, मनीषा सिंघल, चित्रा त्यागी। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 06/02/2023 को अंग्रेज़ी विभाग की छात्राओ ने चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय का शैक्षणिक भ्रमण किया**



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की अंग्रेजी विभाग की छात्राओं ने सोमवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्राओं ने विश्वविद्यालय पहुंचकर अंग्रेजी विभाग, लाइब्रेरी का भ्रमण किया, और अंग्रेजी साहित्य की जानकारी ली। डा. स्वर्णा, विभागाध्यक्ष डा.महिमा ठाकुर, प्रिया पाठक और धर्मवीर भी उपस्थित रहे। वहीं अर्थशास्त्र विभाग में बजट पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अतवीर सिंह ने बजट पर अपने विचार रखते हुए घटते शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर खर्च को रेखांकित किया • सौ. कालेज प्रबंधन

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 08/02/2023 को बीएड विभाग मे तीन दिवसीय मनोविज्ञानिक परीक्षण कार्यशाला का समापन हुआ**

6 दैनिक जागरण मेरठ, 9 फर...

विविध



कार्यशाला में शामिल छात्राओं को प्रमाणपत्र देतीं अतिथि • सौ. कालेज

### मनोविज्ञानिक परीक्षण कार्यशाला का समापन

मेरठ : इस्माईल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में बुधवार को तीन दिवसीय मनोविज्ञानिक परीक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में अंतिम दिन मुख्य वक्ता डा. विनेता ने बुद्धि मापन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बुद्धि का मापन मनोविज्ञानिक परीक्षण द्वारा किया जा सकता हैं। साथ ही उन्होंने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास और सृजनात्मकता के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य डा. अनीता राठी भी उपस्थित रहीं। वि.

**दैनिक जागरण / अमर उजाला / inext**

**दिंनाक 08/02/2023 को उर्दू विभाग के तत्वावधान में 'एड्स और आज का युवा' विषय पर कार्यशाला आयोजित की**

## एड्स विषय पर पोस्टर बनाकर किया जागरूक



इस्माईल पीजी कालेज के उर्दू विभाग द्वारा में बुधवार को एचआईवी एड्स और आज का युवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता डॉ. विनिता शर्मा एवं डॉ. गौरी गुप्ता ने एचआईवी एड्स संक्रमण के लक्षण जैसे लिम्फ, नोड्स में सूजन, तेजी से वजन कम होना, दस्त और खांसी बुखार आना, गंभीर जीवाणु संक्रमण, कैंसर होने के लक्षण और बचाव के उपाय बताए. जिनका पालन कर एड्स के खतरे से बचा जा सकता है. दूसरे सत्र में छात्राओं ने विषय पर पोस्टर बनाए. जिसमें छात्राओं ने एड्स संबंधित लक्षण और बचाव पर स्लोगन लिखे. डॉ. दीपा त्यागी और प्राचार्य डॉ. अनीता राठी भी उपस्थित रही. चित्रकला विभाग एवं छात्र कल्याण परिषद की ओर से जी 20 के प्रचार-प्रसार के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय जी-20 में भारत की सांस्कृतिक महत्ता रहा. 15 छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया. सानिया शहजाद प्रथम, राशिका दूसरे और हुदा तीसरे स्थान पर रही.

mycity

**न्यूज कैप्सूल**

## एड्स से बचाव के उपाय बताए

मेरठ। इस्माईल पीजी कॉलेज में बुधवार को उर्दू विभाग के तत्वावधान में 'एड्स और आज का युवा' विषय पर कार्याशाला आयोजित की। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद, पीएल शर्मा अस्पताल से डॉ. विनिता शर्मा, एलएलआरएम से डॉ. गौरी गुप्ता ने प्राचार्य प्रो. अनीता राठी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनिता शर्मा एवं डॉ. गौरी गुप्ता ने एड्स संक्रमण के लक्षण जैसे तेजी से वजन कम हो जाना, दस्त और खांसी बुखार आना, गंभीर जीवाणु संक्रमण, उच्च प्रकार के कैंसर का विकसित होना आदि के साथ इसके बचाव के उपाय भी बताएं। द्वितीय सत्र में छात्राओं ने एड्स के लक्षणों और बचाव आदि पर स्लोगन व पोस्टर बनाकर सभी को जागरूक किया। अंत में डॉ. इफ्फत जकिया ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद



इस्माईल पीजी कालेज के उर्दू विभाग द्वारा एचआइवी एड्स और आज का युवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ● सौ. कालेज प्रबंधन

## एड्स विषय पर पोस्टर बनाकर किया जागरूक

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के उर्दू विभाग द्वारा में बुधवार को एचआइवी एड्स और आज का युवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. विनिता शर्मा एवं डा. गौरी गुप्ता ने एचआइवी एड्स संक्रमण के लक्षण जैसे लिम्फ, नोड्स में सूजन, तेजी से वजन कम होना, दस्त और खांसी, बुखार आना, गंभीर जीवाणु संक्रमण, कैंसर होने के लक्षण और बचाव के उपाय बताए। जिनका पालन कर एड्स के खतरे से बचा जा सकता है। दूसरे सत्र में छात्राओं ने विषय पर पोस्टर बनाए। जिसमें छात्राओं ने एड्स संबंधित लक्षण और बचाव पर स्लोगन लिखे। डा. दीपा त्यागी और प्राचार्य डा. अनीता राठी भी उपस्थित रहीं। चित्रकला विभाग एवं छात्र कल्याण परिषद की ओर से जी-20 के प्रचार-प्रसार के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय जी-20 में भारत की सांस्कृतिक महत्ता रहा। सानिया शहजाद प्रथम, राशिका दूसरे और हुदा तीसरे स्थान पर रहीं। वि.

## अमर उजाला / inext

## दिंनाक 09/02/2023 को चिकित्सा समिति की ओर से त्वचा एवं जोड़ो से संबंधी रोगों की जाचं के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया

### केमिकल युक्त क्रीम और पाउडर रहे दूर



इस्माईल पीजी कालेज में गुरुवार को चिकित्सा समिति की ओर से त्वचा एवं जोड़ों से संबंधी रोगों की जांच के लिए निशुल्क शिविर लगाया गया. शिविर में 50 से अधिक छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने डा. राहुल चौहान और डा. शिवानी से त्वचा संबंधी बीमारी के लिए परामर्श लिया. समिति प्रभारी डा. पूजा राय ने बताया कि वर्तमान में हम सभी त्वचा एवं जोड़ों संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं. इसलिए समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श जरूरी है. इतना ही नहीं हमें केमिकल युक्त क्रीम, पाउडर का प्रयोग करने से बचना चाहिए. कोर्स कोआर्डिनेटर डा. अंजू गुप्ता ने छात्राओं का सर्टिफिकेट कोर्स की जानकारी दी.

### त्वचा से संबंधित बीमारियों के बारे में बताया



इस्माईल कॉलेज में जांच शिविर में नाम लिखवातीं महिलाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में चिकित्सा समिति द्वारा त्वचा एवं जोड़ों से संबंधी रोगों की जांच के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ डॉ. राहुल चौहान, डॉ. शिवानी, डॉ. पल्लव अग्रवाल एवं एक डॉयग्नोस्टिक सेंटर के निजामी को पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। डॉ. राहुल चौहान व डॉ. शिवानी ने सभी को त्वचा संबंधी बीमारियों के बारे में बताया। चिकित्सा समिति प्रभारी डॉ. पूजा राय ने सभी को केमिकल युक्त क्रीम व पाउडर आदि का प्रयोग न करने को कहा। साथ ही जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करने की सलाह दी। इस मौके पर सुमन मिश्रा, प्रो. दीपा त्यागी, गौरव व अमित मौजूद रहे। संवाद

## अमर उजाला

## दिंनाक 09/02/2023 को बीएड विभाग की ओर से तार्किक ज्ञान पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ हुआ

mycity

न्यूज कैप्सूल

### तार्किक ज्ञान पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ



इस्माईल कॉलेज में कक्षा में शामिल छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को बीएड विभाग द्वारा तार्किक ज्ञान पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ हुआ। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्टिफिकेट कोर्स को दो भागों में बांटा गया है। जिसमें पहला मौखिक और दूसरा गैर मौखिक तार्किक तर्क है। कोर्स के पहले दिन छात्राओं ने मौखिक तार्किक तर्क में डायरेक्ट व सिंपल एनालॉगी सीखा। इस मौके पर कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजू सिंह का सहयोग रहा। संवाद

## हिन्दुस्तान

## दिनाक 10/02/2023 को विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित सम्मेलन में छात्राओं ने प्रस्तुतिया दी

### विदाई समारोह

मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज में विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन में छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी। प्राचार्या डॉ.अनीता राठी ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हिमानी मिस फ्रेशर जबकि मुस्कान अनीसा मिस फेयर चुनी गई। डॉ.दीप्ति सक्सेना मौजूद रहीं।

## हिन्दुस्तान / अमर उजाला / दैनिक जागरण / inext

## दिनाक 11/02/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई की ओर से ग्राम जाहिदपुर में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ

### स्वयंसेविकाओं ने किया वृक्षासन और ताड़ासन का अभ्यास

जागरण संवाददाता, मेरठ: इस्माईल पीजी गर्ल्स कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई द्वारा ग्राम जाहिदपुर में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन गुरुवार को स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रीय गान गाया और योगाभ्यास किया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं ने अनउपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामान तैयार किए। प्रतियोगिता में आयशा, शिफा और राशिदा पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। योगाभ्यास कार्यशाला में मुख्य अतिथि धीरज शाह ने योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। स्वयंसेविकाओं ने वृक्षासन, ताड़ासन, कटिचक्रासन, कपालभाति का अभ्यास किया।

### सफाई के प्रति किया लोगों को जागरूक

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई द्वारा ग्राम जाहिदपुर में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। अरुणोदय सोसायटी की अध्यक्ष एवं समाज सेविका डॉ. अनुभूति चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन मीनू शर्मा ने किया। स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज में जाकर साफ-सफाई की। इस दौरान दिनेश कुमार, युवराज और धर्मवीर आदि मौजूद रहे। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा काशीराम मलिन बस्ती लोहिया नगर के कंपोजिट विद्यालय में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एडवोकेट सुनील कुमार ने सभी को महिला सशक्तीकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा सिंह के नेतृत्व में प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय प्रांगण की सफाई की। संवाद

### शिविर में एनएसएस का मुख्य उद्देश्य बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई का जाहिदपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। शुभारंभ अरुणोदय सोसायटी की अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाज सेविका डॉक्टर अनुभूति चौहान ने किया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होना और लोगों को पर्यावरण स्वच्छता महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

### 'बेटियों आत्मनिर्भर बनो, तभी तो समाज बदलेगा'

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



**इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज ने सात दिवसीय कैम्प लगाया**

meerut@inext.co.in

**MEERUT (11 Feb):** इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम जाहिदपुर में कैम्प लगाया गया. इसका आरंभ अरुणोदय सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. अनुभूति चौहान ने किया. कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया. इस अवसर पर डॉ. अनुभूति चौहान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया.

#### छात्राओं को प्रेरित किया

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होना एवं लोगों को पर्यावरण स्वच्छता महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करना है. डॉ. चौहान ने स्वयं सेविकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित भी किया. उन्होंने कहा कि खासतौर पर बेटियों को सेल्फ डिपेंडेंड होना चाहिए, यहीं नहीं उनको आत्मरक्षा के गुर भी आने चाहिए, इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर के प्रिंसिपल एवं शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया.

#### देशभक्ति के गीत गाए

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने किया. उन्होनें भी सभी को उनके अधिकारों के प्रति प्रेरित किया. इसके साथ ही स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रीय गान गाया. सभी ने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को विशेष शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होनें विभिन्न समूहों में दायित्व को वितरित किया. कार्यक्रम में दिनेश कुमार युवराज धर्मवीर सभी का सहयोग रहा. शिविर में 50 स्वयं सेविकाओं एवं स्कूल के अनेक छात्र छात्राओं ने प्रतिभागीता की.

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 13/02/2023 को कौशल विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्य पर स्वच्छता जागरण कार्य किया गया**




दुकानदारों को किया जागरूक : इस्माइल पीजी कालेज और सारथी संस्था की ओर से सोमवार को कौशल विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्य की समन्वयक प्रो. शिवाली अग्रवाल के नेतृत्व में बुढ़ाना गेट पर स्वच्छता जागरण कार्य किया गया। छात्राओं ने बुढ़ाना गेट स्थित सभी दुकानदारों एवं राहगीरों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया

**अमर उजाला**

**दिंनाक 16/02/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दितीय इकाई ने गाव काजीपुर मे विश्वविधालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र के तत्वावधान मे करियर काउंसलिंग का आयोजन किया**

## बैंकिंग, शिक्षा, रेलवे में है कॅरिअर के विकल्प

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई ने गांव काजीपुर में विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र के तत्वावधान में कॅरिअर काउंसलिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता काउंसलर अंशुमान शर्मा और लाइब्रेरियन ललित ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अंशुमान शर्मा ने बैंकिंग, शिक्षा, रेलवे, एसएससी आदि क्षेत्रों में कॅरिअर के विकल्प बताए। दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षक ज्योति शर्मा ने क्राफ्ट प्रशिक्षण दिया। संचालन सुमन मिश्रा ने किया। इस दौरान दिनेश कुमार, जितेंद्र और धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

वहीं, प्रथम इकाई ने काशीराम मलिन बस्ती लोहिया नगर में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में सना प्रथम, संजना द्वितीय व चंचल रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहीं। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता श्वेता, निशा गुप्ता व गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता ने महिलाओं एवं बच्चों को डिजिटल साक्षरता दी।

तृतीय इकाई ने ग्राम जाहिदपुर में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता' का आयोजन किया। स्वयंसेविकाओं ने बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाएं। प्रतियोगिता में आयशा प्रथम, शिफा द्वितीय व तृतीय स्थान पर शीशम रहीं। मुख्य अतिथि व्यायाम वाइब के संस्थापक धीरज शाह रहे। कार्यक्रम का संचालन मीनू शर्मा ने किया। वहीं प्राचार्या प्रो. अनीता राठी की अध्यक्षता में रेंजर्स समिति के तत्वावधान में प्रशिक्षक सोनू कुमार ने रेंजर्स को वी-फॉर्मेशन, लैफ्ट हैंड शेक, चिकित्सा आदि के बारे में बताया। संवाद

## दैनिक जागरण

**दिंनाक 17/02/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दितीय इकाई की ओर से गाव काजीपुर मे चल रहे शिविर का समापन हुआ**



इस्माईल पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई द्वारा काजीपुर में चल रहे शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। स्वयंसेविकाओं ने हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। सप्ताहभर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं, ग्राम जाहिदपुर में चल रहे तृतीय इकाई के शिविर, जबकि लोहिया नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में चल रहे प्रथम इकाई के सात दिवसीय शिविर का भी समापन हो गया। • सौ. कालेज

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान

**दिंनाक 17/02/2023 को विज्ञान विभाग मे करियर काउंसलिंग समिति के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ**

mycity

न्यूज कैप्सूल

### छात्राओं को रोजगार के अवसर बताए



इस्माईल पीजी कॉलेज में कॅरिअर काउंसिलिंग में मौजूद छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के विज्ञान विभाग में कॅरिअर काउंसलिंग समिति के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। बीएससी छात्राओं को सरकारी सेक्टर में प्राप्त होने वाले रोजगार अवसर बताएं। वक्ता मीना राजपूत व डॉ. दीप्ति सक्सेना ने बताया कि बीएससी के बाद बैंकिंग, शिक्षा, डिफेंस, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री, केमिकल इंडस्ट्री, रिसर्च फर्म, टेस्टिंग लैबोरेट्री, वेस्ट वाटर प्लांट व ऑयल इंडस्ट्रीज आदि में सरकारी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में आईटी, ह्यूमन रिसोर्सेज व मैनेजमेंट आदि की भी संभावना है। कार्यक्रम में डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग, डॉ. दीपा त्यागी मौजूद रहीं। संवाद

### छात्राओं को बताई कॅरियर की संभावनाएं

मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज में विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी की छात्राओं को कॅरियर काउंसिलिंग की गई। छात्राओं को बीएससी के बाद सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकार दी। मीना राजपूत एवं दीप्ति सक्सेना ने कहा कि बीएससी के बाद बैंकिंग, शिक्षा, डिफेंस, फॉर्मा, बॉयोटेक एवं केमिकल इंडस्ट्री सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर हैं। प्राइवेट सेक्टर में भी बीएससी के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के व्यापक मौके हैं। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग मौजूद रहीं।

**हिन्दुस्तान / अमर उजाला / inext**

**दिंनाक 21/02/2023 को हिंदी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया**

## मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला है: सत्यपाल



अतिथियों को सम्मानित करते शिक्षक। संवाद

मेरठ। बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को हिंदी विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जीवन में मातृभाषा के महत्व एवं उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. अनीता राठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार सत्यपाल सत्यम ने कहा कि मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला है। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी, क्लब के निदेशक आयुष-पीयुष गोयल ने अपने विचार रखे। सुमन मिश्रा, मनीषा गोयल, चित्रा त्यागी, ममता सिंह, लक्ष्मी शर्मा, विपुल सिंघल, दीप्ति आदि मौजूद रहे।

वहीं, उर्दू विभाग की ओर से मातृभाषा दिवस पर भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें छात्रा जकिया कौसर, अरीबा सहित अन्य ने उर्दू भाषा के प्रति अपना लगाव और उसको बढ़ावा देने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रो. हुमा मसूद, डॉ. ममता सिंह, डॉ. इफ्फत जकिया, डॉ. शबिस्ता फरहा नाज आदि मौजूद रहीं। संवाद

i CITY BRIEFS

## सेमिनार में मातृभाषा का महत्व बताया



MEERUT : पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा इस्माईल डिग्री कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया. हिंदी विभाग के सहयोग से जीवन में मातृभाषा का महत्व एवं उपयोगिता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. क्लब निदेशक आयुष गोयल पीयुष गोयल ने कहा जीवन में मातृभाषा की खास भूमिका है. इस मौके पर वरिष्ठ गीतकार सत्यपाल, डॉ. दीपा त्यागी, प्रिंसिपल डॉ. अनीता राठी, मनीषा गोयल चित्रा त्याग़ी, ममता सिंह , लक्ष्मी शर्मा, विपुल सिंघल दीप्ति कौशिक, दिशा दिनेश,आदि मौजूद रहे.

शहर 30s



मंगलवार को इस्माईल कॉलेज में सेमिनार को संबोधित करती वक्ता।

## गीतों के संग बताया मातृभाषा का महत्व

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग और पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनीता राठी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार सत्यपाल सत्यम रहे। सुमन मिश्रा ने विश्व मातृभाषा दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सत्यपाल सत्यम ने अपने सुंदर गीतों के माध्यम से मातृभाषा के महत्व के विषय में अवगत कराया।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 22/02/2023 को अर्थशास्त्र विभाग में 'वूमेन-लैंड डेवलपमेंट इंडियाज अपॉचुनिटी प्रेसीडेंसी' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई**

## आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका बताई

### इस्माईल कॉलेज में 'वूमैन-लैड डेवलपमेंट इंडियाज अपॉर्चुनिटी प्रेसिडेंसी' विषय पर हुई संगोष्ठी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में 'वूमैन-लैड डेवलपमेंट इंडियाज अपॉर्चुनिटी प्रेसिडेंसी' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संयोजिका डॉ. दीक्षा रानी, प्रवक्ता मोनिका, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग ने अतिथियों को पुष्प देकर स्वागत किया गया।

गोष्ठी के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता सीसीएसयू के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. संजीव कुमार ने जी-20 समिट की 18वीं अध्यक्षता एक विकासशील देश भारत के लिए किन मायनों में महत्वपूर्ण है। द्वितीय सत्र के अतिथि वक्ता सीसीएसयू के एसोसिएट प्रो. डॉ. जितेन्द्र सिंह गोयल ने आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र की वक्ता अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. ममता सिंह ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रवक्ता प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. दीपा त्यागी, डॉ. शुभ्रा, डॉ. स्वर्णा, डॉ. सुमन आदि मौजूद रहीं।



इस्माईल डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं और शिक्षिकाएं। संवाद

वहीं कॉलेज के चित्रकला विभाग में व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वक्ता आरजी पीजी कॉलेज की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना रानी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. अर्चना रानी ने छात्राओं को परंपरा से आज तक की कला के बारे में विस्तार से बताया। संचालन डॉ. बबीता शर्मा ने किया। संवाद

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 22/02/2023 को चित्रकला विभाग मे अतिथि व्याख्यान मे छात्राओं को पारंपरिक और वर्तमान कला के बारे मे जानकारी दी**

## प्रागैतिहासिक काल से हुई थी कला की उत्पत्ति

जागरण संवाददाता, मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के चित्रकला विभाग में बुधवार को अतिथि व्याख्यान में डा. अर्चना रानी ने छात्राओं को पारंपरिक और वर्तमान कला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रागैतिहासिक, सिंधु घाटी तथा पुरातन से लेकर नवयुग की डिजिटल आर्ट तक का सफर रोमांच से भरा हुआ है। कला में मानव की रुचि प्रागैतिहासिक काल से रही हैं और ऐसे कई प्रमाण हमें मिलते हैं। वहीं, अर्थशास्त्र विभाग में वूमन-लैंड डेवलपमेंट इंड्यिाज अपार्चुनिटी प्रेसिडेंसी विषय पर संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डा. संजीव कुमार ने कहा कि जी-20 समिट की 18वीं अध्यक्षता भारत के लिए महत्वपूर्ण है। देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन बनाने में महिलाओं का बराबर का योगदान है। डा. जितेन्द्र गोयल ने आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को महिला सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण कारक बताया।

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 23/02/2023 को रेंजर्स समिति और परी फाउंडेशन की ओर से नो टू स्क्रीन एडिक्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया**

## 'पहले तो माता-पिता मोबाइल से दूरी बनाएं'

रेंजर्स समिति और परी फाउंडेशन ने छात्राओं को दी सीख

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



meerut@inext.co.in

**MEERUT (23 Feb):** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में रेंजर्स समिति और परी फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को से नो टू स्क्रीन एडिक्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक प्राप्त सरबजीत सिंह कपूर, मुख्य वक्ता परी फाउंडेशन की निदेशक डॉ. सोना कौशल गुप्ता एवं प्रिंसिपल डॉ.अनीता राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की.

### मनोरोग के बारे में बताया

इस मौके पर डॉ. सोना कौशल गुप्ता ने विषय की जानकारी देते हुए कहा कि स्क्रीन एडिक्शन एक ऐसा मनोरोग है, जिसमें बच्चे युवा और बड़े सब ग्रसित हो जाते हैं. स्क्रीन एडिक्शन का मतलब टीवी, लैपटाप, मोबाइल फोन का एडिक्शन है. इसे इंटरनेट मीडिया एडिक्शन या इंटरनेट एडिक्शन भी कहते हैं. इसमें देखा गया है कि बच्चे अपने मोबाइल पर या लैपटाप पर घंटो स्वयं को व्यस्त रहते हैं. उन्होनें कहा कि इस पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है, यदि ऐसा नहीं किया गया तो मनोरोग, डिप्रेशन, इरिटेशन और फ्रस्ट्रेशन जैसी समस्या उत्पन्न होती है.

### माता-पिता करें पहल

इसलिए माता पिता को रोल माडल बनकर बच्चों की इस आदत को बढ़ने से पहले ही रोक देना चाहिए.इसके लिए सबसे पहले माता पिता को मोबाइल के प्रयोग पर स्वयं नियंत्रण करना होगा. सरबजीत सिंह कपूर ने कहा कि मोबाइल का प्रयोग कम करके छात्राओं को व्यायाम, योग, पुस्तक पढ़ना चाहिए.वहीं संस्कृत विभाग में अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता एनएएस कालेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. उमा शर्मा आधुनिक युग में संस्कृत की उपयोगिता विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी.

## मोबाइल का कम प्रयोग करने की दी सलाह

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अनीता राठी की अध्यक्षता में रेंजर्स समिति के तत्वावधान में परी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नो टू स्क्रीन एडिक्शन कार्यशाला आयोजित की गई।

शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सरबजीत सिंह कपूर, प्रबुद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, परी फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. सोना कौशल गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरबजीत सिंह कपूर ने छात्राओं को मोबाइल फोन का कम प्रयोग करने की सलाह दी। डॉ. स्वर्णा ने कार्यशाला को संबोधित किया। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। संवाद




इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करतीं डॉ. स्वर्णा। संवाद



## मोबाइल फोन से होने वाले खतरे को बताया

मेरठ। परी फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को इस्माईल पीजी कालेज में वर्कशॉप हुई, जिसमें डा. सोना कौशल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट सीबीएससी काउंसलर ने छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं और अध्यापिकाओं को बताया कि जब हम अधिक समय मोबाइल फोन या लैपटॉप वीडियो गेम्स पर बिताते हैं तो हमें कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियां होने लगती हैं। सबसे अधिक प्रभाव आंखों पर पड़ता है। इससे बचने के लिए हमें अपनी टाइम लिमिट सेट करनी पड़ेगी। साथ ही हमें खाना खाते और घरवालों से बात करते समय मोबाइल को दूर रखना चाहिए।



इस्माईल महिला पीजी कालेज में कार्यशाला को संबोधित करतीं डा. सोना कौशल • जागरण

## बच्चों के लिए रोल माडल बनें माता-पिता

जागरण संवाददाता, मेरठः इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में रेंजर्स समिति और परी फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को से नो टू स्क्रीन एडिक्शन विषय पर कार्यशाला हुई। दसकी शुरुआत मुख्य अतिथि सरबजीत सिंह कपूर, मुख्य वक्ता परी फाउंडेशन की निदेशक डा. सोना कौशल गुप्ता और प्राचार्य डा. अनीता राठी नेर की। डा. सोना ने कहा कि स्क्रीन एडिक्शन एक ऐसा मतलब टीवी, लैपटाप, मोबाइल फोन का एडिक्शन है। बच्चों को इससे बचाने को सबसे पहले माता-पिता को मोबाइल के प्रयोग पर स्वयं नियंत्रण करना होगा। वहीं, संस्कृत विभाग में अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता एनएएस कालेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. उमा शर्मा आधुनिक युग में संस्कृत की उपयोगिता विषय पर जानकारी दी। डा. सपना शर्मा, डा. नीतू शर्मा और प्रो. दीपा त्यागी

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 25/02/2023 को साहित्य में पर्यावरण चिंतन विषय पर हिंदी एवं संस्कृत विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया

mycity

न्यूज कैप्सूल

### प्रकृति का साहित्य में अमूल्य योगदान



गोष्ठी को संबोधित करतीं डॉ. अर्चना विश्नोई। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में 'साहित्य में पर्यावरण चिंतन' विषय पर हिन्दी और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज से प्रो. स्वर्णलता कदम, वक्ता सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना की सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना विश्नोई एवं इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हुमा मसूद रहीं। इसं दौरान प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. शिवाली अग्रवाल, डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. ममता, डॉ. विनेता, डॉ. स्वर्णा, डॉ. मोनिका आदि मौजूद रहे। संवाद

### आदिकाल से मानव की सहचरी है प्रकृति

**जागरण संवाददाता,मेरठ:** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शनिवार को साहित्य में पर्यावरण चिंतन विषय पर हिंद्री एवं संस्कृत विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज की प्रो. स्वर्णलता कदम और सरधना सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कालेज की संस्कृत पूर्व विभागाध्यक्ष डा. अर्चना विश्नोई, इस्माईल पीजी कालेज उर्दू विभागाध्यक्ष डा. हुमा मसूद रहीं। प्रो. स्वर्णलता कदम ने साहित्य में पर्यावरण चिंतन विषय पर कहा कि आदिकाल से ही भारतीय संस्कृति में प्रकृति मानव की सहचरी रही है, डा. अर्चना विश्नोई ,डा. हुमा मसूद ने विचार व्यक्त किया। सुमन मिश्रा, डा. नेहा सिंह, मनीषा सिंघल, चित्रा त्यागी ने शोध पत्र पढ़े।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान

## दिंनाक 27/02/2023 को मनोविज्ञान विभाग व मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के पारस्परिक सहयोग से टाइम टू टॉक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

### छात्राओं को तनाव से मुक्ति का पाठ पढ़ाया




इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में विचार रखतीं नीतू सैनी। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया द्वारा टाइम टू टॉक विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रिहेब्लिटेशन मनोवैज्ञानिक व मानसिक स्वास्थ्य मिशन इंडिया डिप्टी चेयरमैन नीतू सैनी रहीं। उन्होंने कहा की व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने चाहिए। हर परेशानी को परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों व कॉलेज के शिक्षकों आदि से भी परामर्श लेना चाहिए। कार्यक्रम की अतिथि वक्ता मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक स्वास्थ्य मिशन इंडिया काउंसलर मीनाक्षी चौहान ने छात्राओं को तनावमुक्त होने के विषय में विस्तार से बताया।

साथ ही मुख्य वक्ता आयशा सैफी ने मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के लक्ष्य व उद्देश्य को भी सांझा किया। कार्यक्रम संयोजिका मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता ने भी मानसिक समस्याओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन शाइस्ता बेगम ने किया। इस अवसर पर प्रो. दीपा त्यागी, ईरम, मोनिका, सुरभि व पंखुड़ी आदि मौजूद रहीं। संवाद

### तनाव न लें, मित्रों से साझा करें समस्या को



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करतीं वक्ता • जागरण

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया की ओर से सोमवार को टाइम टू टाक विषय पर कार्यशाला हुई। इसकी शुरुआत प्राचार्य डा. अलका राठी ने की। मुख्य वक्ता नीतू सैनी ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति तनाव महसूस करता है, वह अपने मन की बात किसी से नहीं कह पाता। इससे वह मानसिक बीमारियों का शिकार होने लगता है। उन्होंने ने कहा कि बात करने से समस्या का हल निकलता है। व्यक्ति को अपनी समस्या परिवार के लोग और मित्रों को जरूर बतानी चाहिए। मीनाक्षी चौहान ने छात्राओं में तनाव के स्तर का मापन करने के लिए प्रश्नावली भरवाई। आयशा सैफी ने मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के लक्ष्य व उद्देश्यों को बताया। संयोजिका डा. विनेता, शाइस्ता बेगम, ईरम, मोनिका और सुरभि पंखुड़ी भी उपस्थित रहीं। -जासं

मेरठ, मंगलवार, 28 फरवरी 2023 06

शहर 30 s



### तनाव का स्तर मापन पर हुई कार्यशाला

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग व मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के पारस्परिक सहयोग से टाइम टू टॉक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नीतू सैनी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अतिथि वक्ता मीनाक्षी चौहान ने छात्राओं में तनाव का स्तर मापन करने के लिए एक प्रश्नावली भरवाई। शाइस्ता बेगम, ईरम, मोनिका, मुबशिरा, सुरभि पंखुड़ी, मंतशा शालिनी, सोहनवीर रहे।

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 28/02/2023 को अर्थशास्त्र विभाग मे गेट टू गेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिकाओं के साथ विजेता छात्राएं। संवाद



इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में गेट टू गेदर कार्यक्रम हुआ। फैशन शो में 125 छात्राओं ने जलवा बिखेरा।

## इस्माईल कॉलेज में मची फिल्मी गीतों पर धूम

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को अर्थशास्त्र विभाग में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूजी और पीजी की छात्राओं ने फिल्मी गीतों पर धमाल मचाया। छात्राओं ने खूब खेल खेल व उपहार जीते। गजल व फैशन शो की प्रस्तुत ने सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मिस फेयरवेल रानी व समरीन और मिस फ्रेशर शेफाली व जोया चुनी गई। मिस इकोनॉमिक्स ऐशर व नजमा बनीं और स्पार्क ऑफ द ईयर का खिताब सुमैया ने जीता। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. ममता सिंह, डॉ. मोनिका, डॉ. दीक्षा रानी, डॉ. कविता गर्ग मौजूद रहीं। संवाद

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 28/02/2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया**

## विज्ञान दिवस पर रखे विचार

इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। संचालन मीना राजपूत व निशा पाल ने किया। प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के प्रति आकर्षित, प्रेरित करना, जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 02/03/2023 को छात्र कल्याण परिषद् एवं वाणिज्य विभाग की ओर से जी-20 कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई**

## छात्राओं को जी-20 में भारत की भूमिका बताई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की छात्र कल्याण परिषद एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने दीप जलाकर किया। संयोजिका प्रो. शिवाली अग्रवाल ने जी-20 की उपयोगिता तथा भारत की महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में छात्राओं को विस्तार से बताया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ. एकता चौधरी तथा द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. मनी भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में निकहत उमैरा, डॉ. दिशा दिनेश, निशा गुप्ता, सानिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा के महानगर मंत्री विवेक वाजपेई, पार्षद संदीप गोयल सहित अन्य रहे।

**पुरातन छात्राओं ने किया संवाद**

इसी कॉलेज में मैत्री कार्यक्रम के दूसरे दिन पुरातन छात्राओं का वर्तमान छात्राओं से संवाद हुआ। विविध विभागों की पुरातन छात्राओं ने अपने अपने विषय की महत्ता एवं उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। छात्राओं ने पुरातन छात्राओं से पूछा कि नेट, टेट, शोध और प्रवेश परीक्षा की तैयारी कैसे करनी चाहिए। साथ ही चित्रकला विभाग में नेचुरल पेंटिंग और क्रिएटिव आर्ट पर चर्चा हुई। अर्थशास्त्र विभाग में आर्थिक विकास में महिलाओं के योगदान को लेकर मंथन किया गया। हिंदी विभाग में उच्चारण के महत्व एवं लेखन कौशल के बारे में बताया गया। संवाद

एक

## रोजगार मांगने के बजाय देने वाले बनें : अजय गुप्ता

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के छात्र कल्याण परिषद एवं वाणिज्य विभाग की ओर से गुरुवार को जी-20 कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका विषय कार्य का स्वरूप उद्योग नवाचार एवं 21वीं सदी कौशल रहा। मुख्य अतिथि संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता, महानगर मंत्री भाजपा विवेक बाजपेयी और पार्षद संदीप गोयल ने शुरुआत की। अजय गुप्ता ने कहा कि रोजगार देने वाले बनें न कि रोजगार लेने वाले। महिलाएं घरेलू उद्योगों को आगे बढ़ाकर स्वयं और अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएं। तभी देश और समाज में रोजगार की समस्या समाप्त होगी।

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 01/03/2023 को एल्यूमनाई मेंटोरशिप वीक मैत्री कार्यक्रम आयोजित किया गया**

### पुरातन छात्राओं ने साझा किए अनुभव

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में एल्यूमनाई मेंटोरशिप वीक 'मैत्री' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिन पुरातन छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वर्तमान छात्राओं ने परीक्षा संबंधी अनेक प्रश्नों पूछे। संवाद

### इस्माईल एल्युमिनी मंटोरशिप वीक मैत्री

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में एल्युमिनी मंटोरशिप वीक मैत्री का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.अनीता राठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर पुरातन छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं वर्तमान छात्राओं ने परीक्षा संबंधी अनेक प्रश्नों को पूछा।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 03/03/2023 को एनवायरमेंटल एंड हेल्थ इम्पैक्ट ऑफ एयर पाल्यूशन एन ओवरव्यू विषय पर कार्यशाला हुई**

### पर्यावरण व स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में एनवायरमेंटल एंड हेल्थ इम्पैक्ट ऑफ एयर पॉल्यूशन एन ओवरव्यू विषय पर कार्यशाला हुई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. एके शुक्ला ने पीपीटी प्रदर्शनी से छात्राओं को वायु प्रदूषण से पर्यावरण व स्वास्थ्य पर हो रहे बुरे प्रभावों से अवगत कराया। बचाव की जानकारी दी। संवाद



इस्माईल पीजी कालेज में जागरूक नागरिक एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. एके शुक्ला ने छात्राओं को वायु प्रदूषण से पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव की जानकारी दी। कहा कि दूषित हवा से सांस लेने में परेशानी, सीने में जकड़न, आंखों में जलन जैसी समस्याएं होती हैं। इस दौरान गिरीश शुक्ला और प्राचार्य डा. अनीता राठी रहीं • जागरण

**अमर उजाला**

**दिंनाक 04/03/2023 को होली उत्सव का आयोजन किया गया**



## होली की मस्ती

अमर उजाला

इस्माईल महिला महाविद्यालय में शनिवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं और शिक्षिकाओं ने जमकर होली खेली। एक-दूसरे को गुलाल लगाया गय

**दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 04/03/2023 को हिंदी विभाग की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 में तकनीकी शब्दावली की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई**

### नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को विशेष महत्व : डा. धर्मेंद्र

मेरठ : बुढ़ाना गेट स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शनिवार को हिंदी विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। विषय नई शिक्षा नीति 2020 में तकनीकी शब्दावली की भूमिका रखा गया। प्रथम सत्र में उप निदेशक वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग अधीनस्थ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार डा. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को विशेष महत्व दिया गया है। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किए। -जासं

### कार्यशाला में रखे विचार

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 में तकनीकी शब्दावली की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने सभी का उत्साहवर्धन किया। विशेषज्ञों ने विचारों से सभी को प्रेरित किया।

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

ESTD 1962

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान / inext**

**दिनाक 13/03/2023 को समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं के लिए गेट-टू-गेदर पार्टी का आयोजन किया गया**




इस्माइल नेशनल महिला महाविद्यालय में गेट टू गेदर पार्टी का आयोजन किया गया. इस दौरान छात्राओं में खास उत्साह देखने को मिला. इस मौके पर कई आकर्षक ड्रेस में पहुंची. बीए और एमए की छात्राओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही कई मनोरंजक गेम्स खेलकर छात्राओं ने धमाल मचाया.

## मिस फेयरवेल गुलबहार, फ्रेशर बनीं समर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय में सोमवार को समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं के लिए गेट-टू गेदर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। मिस फेयरवेल गुलबहार व समर जहां मिस फ्रेशर चुनी गईं। फरहा और शाहीन मिस ऑल राउंडर बनीं। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नम्रता एवं द्वितीय स्थान पूजा ने प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष प्रो. दीप्ति कौशिक ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन समर जहां और अवंतिका ने किया। इस अवसर पर डॉ. पूजा, हेमा पाल, सदफ मौजूद रहीं। संवाद



इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। संवाद

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 13/03/2023 को गेट-टू-गेदर पार्टी का आयोजन किया गया**



## गुलबहार मिस फेयरवेल, समरजहां बनीं मिस फ्रेशर

इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय में गेट-टू गेदर पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारम्भ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। गुलबहार को समाजशास्त्र विभाग में मिस फेयरवल एवं समरजहां को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। फरहा एवं शाहीन को मिस ऑल राउंडर चुना गया। विभागाध्यक्षा प्रो. दीप्ति कौशिक ने समस्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन समरजहां एवं अवन्तिका ने किया। डॉ. पूजा, हेमा पाल, सदफ आदि रहीं।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 14/03/2023 को संगीत विभाग मे ऑनकोर्स के अंतर्गत दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ**

## तबला बजाने की तकनीक जानी




कार्यशाला में अतिथि का स्वागत करते शिक्षक। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संगीत विभाग द्वारा ऑनकोर्स के अन्तर्गत 'विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कत्थक कलाओं का प्रस्तुतिकरण' विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी एवं आरजीपीजी कॉलेज के संगीत शिक्षक हेमंत शुक्ला ने किया। प्रथम दिन संगीत शिक्षक ने छात्राओं को तबला बजाने की तकनीक बताई। संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. रीना गुप्ता ने किया। इस मौके पर लक्ष्मी, पूजा, हर्षी, चारू आदि मौजूद रहीं। संवाद

**हिन्दुस्तान / अमर उजाला / दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 15/03/2023 को परी फाउंडेशन और आईआईएमटी के संयुक्त तत्वावधान आयोजित कार्यक्रम मे प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया**



आईआईएमटी में हुए समारोह में सम्मानित महिलाएं। संवाद

## आईआईएमटी में प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया

गंगानगर। परी फाउंडेशन और आईआईएमटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. दीपा शर्मा ने छात्राओं से खुद पर विश्वास करने का आह्वान किया। डॉ. सुरक्षा पाल ने छात्राओं से आत्मविश्वास बढ़ाने की बात कही। प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं से शिक्षा को हथियार बनाने का संदेश दिया। नीरा फाउंडेशन की डॉ. नीरा तोमर, आरएनएम कॉलेज की डॉ. स्वर्णा ने भी विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार ऋचा जोशी, संगीता श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार मानविंदर भिंभर, डॉ. दिशा सिंह, मंजू शर्मा, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, डॉ. अलका गुप्ता, डॉ. सुप्रिया सोंधी, अदिति चंद्रा, अनीता राना, कौशल कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सोना कौशल गुप्ता, डॉ. नीरज शर्मा, बोधिसत्व सील, कुलदीप, रचना आदि मौजूद रहीं। संवाद

## एजुकेशन को ही अपना हथियार बनाएं महिलाएं : अनीता राठी

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं.

**आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

meerut@inext.co.in

MEERUT (15 March): आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में महिला दिवस के मौके पर प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम परी फाउंडेशन और आईआईएमटी की ओर से आयोजित किया गया. यूनिवर्सिटी की वीसी डॉ. दीपा शर्मा ने छात्राओं से खुद पर यकीन करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में बेहतरीन करके दिखाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया.

### आगे बढ़ रहीं महिलाएं

इस अवसर पर डॉ. दीपा शर्मा ने बताया कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं. महिलाओं में सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की क्षमता है. महिलाओं को अपनी क्षमता को समझना होगा और अपने अधिकारों का प्रयोग करना होगा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोना कौशल गुप्ता ने किया. उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की मानसिक समस्या या तनाव का सामना करना पड़े तो उनकी मदद के लिए संगठन तैयार है. डॉ. सुरक्षा पाल ने छात्राओं से खुद को किसी से भी कम नहीं समझने की अपील की. इस मौके पर इस्माइल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं से अपनी शिक्षा को ही अपना हथियार बनाने का संदेश दिया.

### महिलाओं के अधिकार बताए

नीरा फाउंडेशन की डॉ. नीरा तोमर ने महिला के अधिकारों के बारे में जानकारी दी, इसके साथ ही छात्राओं को बताया कि वो अपनी सुरक्षा खुद करें. इस अवसर पर आईएनएम कॉलेज में अंग्रेजी शिक्षिका डॉ. स्वर्णा ने भी छात्राओं से अपनी शिक्षा को ही सबसे ऊपर रखने की अपील की.

### ये लोग रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के आयोजन में आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के डीएसडब्लू डॉ.नीरज शर्मा, बोधिसत्व सील, कुलदीप सिंह, रचना चौधरी का योगदान रहा.

8 दैनिक जागरण मेरठ, 16 मार्च, 2023

विविध



आइआइएमटी विवि में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित की गई महिलाएं • सौ. संस्थान

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

मेरठ : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परी फाउंडेशन और आइआइएमटी विवि के संयुक्त तत्वावधान में आइआइएमटी विवि के बी–ब्लाक स्थित सभागार में कार्यशाला हुई। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य व पत्रकारिता समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। डा. सोना कौशल ने तनाव, नशा व अवसाद से बचने के उपायों की भी जानकारी दी। विश्वविद्यालय की कुलपति डा. दीपा शर्मा ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। डा. सुरक्षा पाल, प्रो. अनीता राठी व डा. नीरा तोमर ने भी संबोधन किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में ऋचा जोशी, संगीता श्रीवास्तव, मनविंदर भिंभर, डा. दिशा सिंह, मंजू कुमारी शर्मा, डा. अभिलाषा गुप्ता, डा. अलका गुप्ता, डा. सुप्रिया सोंधी, अदिति चंद्रा, अनीता राणा व कौशल कुमारी रहीं। –जासं



## प्रतिभाशाली महिलाओं को किया सम्मानित

मेरठ। आईआईएमटी विवि में महिला दिवस पर प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान किया गया। परी फाउंडेशन और आईआईएमटी विवि के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। कुलपति डॉ. दीपा शर्मा ने विचार रखे। संचालन डॉ. सोना कौशल गुप्ता ने किया। डॉ. सुरक्षा पाल, डॉ. अनीता राठी व डॉ. नीरा तोमर व डॉ. स्र्वणा ने विचार रखे। ऋचा जोशी, संगीता श्रीवास्तव, मनविंदर भिंभर, डॉ. दिशा, मंजू, डॉ. अभिलाषा, डॉ. अलका, डॉ. सुप्रिया, अदिति चंद्रा, अनीता राणा, कौशल कुमारी को सम्मानित किया गया।

**<u>हिन्दुस्तान / अमर उजाला / दैनिक जागरण</u>**

**<u>दिंनाक 16/03/2023 को भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित राष्टीय सेमिनार पर हुई गोष्ठी का शुभारंभ हुआ</u>**

amarujala.com/meerut

my city

## डॉ. दीप्ति की भौतिक विज्ञान की पुस्तक का किया विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर व प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। इसका विषय रिसेंट एडवांस इन फिजिक्स रहा। डॉ. दीप्ति सक्सेना की पुस्तक का विमोचन हुआ।

मुख्य वक्ता मेरठ कॉलेज के प्रो. ललित कुमार व हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के प्रो. महेन्द्र कुमार रहे। प्रो. ललित ने प्रकाशिकी तथा यांत्रिकी के अनुप्रयोगों को समझाया। करियर काउंसलिंग की। प्रो. महेन्द्र ने 'सोलर सेल' की उपयोगिता, निर्माण व प्रयोगों को समझाया। संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति सक्सेना ने किया। इस अवसर पर परनिशा पाल आदि मौजूद रहीं। संवाद

## सरल शब्दों में समझाया भौतिक विज्ञान



मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में रिसेंट एडवांस इन फिजिक्स पर हुई गोष्ठी का शुभारंभ राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। डॉ. दीप्ति सक्सेना द्वारा लिखित भौतिक विज्ञान की पुस्तक का विमोचन हुआ। डॉ. ललित कुमार ने भौतिकी के विषयों को सरल शब्दों में समझने की प्रक्रिया समझाई। प्रो. महेन्द्र ने 'सोलर सेल' की उपयोगिता, निर्माण को समझाया। डॉ. दीप्ति सक्सेना, निशा पाल मौजूद रहीं।



फिजिक्स में यदि कान्सेप्ट क्लीयर हो तो इससे सरल और रोचक विषय कोई और नहीं है। यह विषय तकनीक और इंजीनियरिंग का आधार है। फिजिक्स की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र के अलावा वैज्ञानिक, शोधकर्ता और यहां तक कि बुक राइटिंग में भी अपना करियर बना सकती हैं। ऊर्जा राज्य मंत्री डा. सोमेंद्र ने इस्माईल पीजी कालेज में विभागाध्यक्ष डा. दीप्ति सक्सेना द्वारा लिखित भौतिक विज्ञान की पुस्तक का विमोचन करते हुए ये बातें कहीं। प्रो. ललित कुमार, प्रो. महेन्द्र कुमार, प्राचार्य डा. अनीता राठी रहीं • सौ. कालेज

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / inext

## दिंनाक 16/03/2023 को चित्रकला विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्टीय सेमिनार आयोजित किया गया

### शैल चित्रों से लेकर लघु चित्रों तक की कला दिखाई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के चित्रकला विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसका विषय 'आधुनिक कला में अन्वेषण और प्रयोग' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यापर्ण कर किया।

विशिष्ट अतिथि चित्रकला विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आशा आनंद रहीं। प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि वक्ता डॉ. आशा आनंद ने चित्रकला के क्षेत्र में अन्वेषण एवं प्रयोग धर्मिता के संदर्भ आधुनिक चित्रकला के उद्भव से लेकर विवादित स्वरूप तक की यात्रा के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में डॉ. अर्चना रानी ने शैल चित्रों से लेकर लघु चित्रों तक की कला का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। सेमिनार में हरियाणा, आगरा, गढ़वाल, अलीगढ़, इन्दौर आदि शहरों से वक्ताओं ने प्रतिभागिता की। संचालन डॉ. बबीता शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. राजेंद्र राजन, प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी, डॉ. विनेता, डॉ. स्वर्णा, डॉ. मोनिका, डॉ. ममता सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद




चित्रकला विभाग के सेमिनार को संबोधित करतीं शिक्षिका। संवाद

### वाद्य यंत्र बजाने की तकनीक बताई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संगीत विभाग के तत्वावधान में एड ऑन कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्र एवं कत्थक कलाओं का प्रस्तुतीकरण विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन श्री बालाजी म्यूजिक इंस्टीट्यूट के निर्देशक दीपक कुमार ने छात्राओं ऑक्टोपैड (वाद्ययंत्र) बजाने की की तकनीक बताई। संयोजन एवं संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. रीना गुप्ता ने किया। संवाद

### कला के विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के चित्रकला विभाग द्वारा 'एक्सपलोरेशन एंड एक्सपैरीमैनटेशन इन मॉडर्न आर्ट' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. आशा आनन्द, पूर्व विभागाध्यक्ष चित्रकला विभाग आईएन पीजी कालेज रहीं। मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना रानी मेरठ रहीं। डॉ. आशा आनंद ने चित्रकला के क्षेत्र में अन्वेषण एवं प्रयोगधर्मिता के सन्दर्भ में आधुनिक चित्रकला के उद्भव से लेकर आज तक के विवादित स्वरूप तक की यात्रा के बिंदुओं पर जोर दिया।

### छात्राओं ने ली कैलेंडर कला की जानकारी



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के चित्रकला विभाग द्वारा एक्सपलोरेशन एंड एक्सपैरीमैनटेशन इन माडर्न आर्ट विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया. वक्ता डॉ. आशा आनंद ने चित्रकला के क्षेत्र में अन्वेषण एवं प्रयोगधर्मिता के संदर्भ में आधुनिक चित्रकला के उद्भव से लेकर आज तक के विवादित स्वरूप तक की यात्रा बिंदुओं को उजागर किया. द्वितीय सत्र में डॉ. अर्चना रानी ने कला के विभिन्न माध्यमों से अवगत करवाया. जिसमे उन्होंने शैल चित्रों से लेकर लघु चित्रों तक की कला का विस्तार पूर्वक वर्णन किया, कलैंडर कला से लेकर वर्तमान कला का परिचय दिया.संगीत विभाग द्वारा एडआन कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्र एवं कत्थक कलाओं का प्रस्तुतीकरण विषय कार्यशाला में श्री बालाजी म्यूजिक इंटीट्यूट के निर्देशक दीपक कुमार ने पाश्चात्य वाद्य आक्टोपैड के विषय में बताया. उन्होंने छात्राओं को आक्टोपैड बजाने की तकनीक उससे निकले विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों के स्वरों के बारे में बताया. संचालन प्रो. रीना गुप्ता ने किया.

### छात्राओं ने ली कैलेंडर कला की जानकारी

मेरठ : इस्माइल नेशनल महिला पीजी कालेज के चित्रकला विभाग ने एक्सपलोरेशन एंड एक्सपैरीमैनटेशन इन माडर्न आर्ट विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया। वक्ता डा. आशा आनंद ने चित्रकला के क्षेत्र में अन्वेषण एवं प्रयोगधर्मिता के संदर्भ में आधुनिक चित्रकला के उद्भव से लेकर आज तक के विवादित स्वरूप तक की यात्रा बिंदुओं को उजागर किया। द्वितीय सत्र में डा. अर्चना रानी ने कला के विभिन्न माध्यमों से अवगत करवाया। इसमें उन्होंने शैल चित्रों से लेकर लघु चित्रों तक की कला का विस्तारपूर्वक वर्णन किया, कलैंडर कला से लेकर वर्तमान कला का परिचय दिया। जासं

**अमर उजाला**

**दिंनाक 16/03/2023 को संगीत विभाग की ओर से एड ऑन कोर्स के तहत कार्यशाला कराई**

## छात्राओं को सितार बजाने की तकनीक बताई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के.संगीत विभाग की ओर से एड ऑन कोर्स के तहत 'विभिन्न वाद्य यंत्र एवं कथक कलाओं का प्रस्तुतीकरण' विषय पर चल रही कार्यशाला के तीसरे दिन संगीत कला निकेतन की निदेशक निरुपमा सक्सेना ने सितार पर चर्चा की। छात्राओं को सितार बजाना, उसकी बनावट, सितार पर विभिन्न बोलो को बजाने की तकनीक बताई। राग यमन में सितार पर बजाई जाने वाली मसीतखानी गत, रजाखानी गत, झाला तथा अनेक प्रकार की धुन के बारे में जानकारी दी। सितार पर भजन की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. रीना गुप्ता ने किया। संवाद

**inext**

**दिंनाक 17/03/2023 को टीचर रेस्किलिंग सेल के अंतर्गत साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हुई**

## अनुसंधान को समझने के लिए रोमांस जरूरी

इस्माइल नेशनल महिला पीजी कालेज में टीचर रेस्किलिंग सेल के अंतर्गत शुक्रवार को साप्ताहिक फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हुई. मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एनएएस कालेज के डा. धर्मवीर महाजन ने अनुसंधान एवं अकादमिक लेखन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जब तक हम अनुसंधान से रोमांस नही करेंगे तब तक हम अनुसंधान कोच्अच्छे से नहीं समझ सकते. किसी भी विषय को समझने का सबसेच्अच्छा तरीका उससे भावनात्मक रूप से जुड़ना है. द्वितीय सत्र में वक्ता आरजी पीजी कालेज की प्रो. कुमकुम पारीख ने गुणात्मक और मात्रात्मक अनुसंधान विषय पर व्याख्यान देते हुए अनुसंधान के विभिन्न आयाम, प्रकार एवं प्रविधियों की जानकारी दी. प्राचार्य डा. अनीता राठी, डा. शुभ्रा त्रिपाठी, डा. पूजा राय और डा. दीपा त्यागी भी उपस्थित रहीं

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 18/03/2023 को टीचर रेस्किलिंग सेल मे आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हुआ**

### नवीन तथ्यों की खोज को कल्पनाशील होना जरूरी

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में टीचर रेस्किलिंग सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य वक्ता प्रो. अजीत सिंह तोमर ने सामाजिक अनुसंधान पर चर्चा की। कहा कि सामाजिक अनुसंधान में नवीन तथ्यों की खोज के लिए कल्पनाशील होना जरूरी है। वक्ता प्रो. संजीव महाजन ने राइटिंग इन एकेडमिक विषय पर विचार रखते हुए अनुसंधान में प्रयोग की जाने वाली आवश्यक सामग्री की जानकारी दी। संचालन डा. शुभ्रा त्रिपाठी ने किया। प्राचार्या डा. अनीता राठी भी उपस्थित रहीं।

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 20/03/2023 को संगीत विभाग मे ऐडऑन कोर्स के अंतर्गत छठे दिन पाश्चात्य वाघ ऑक्टोपैड के विषय मे बताया**

### वाद्य यंत्र एवं कथक कलाओं को प्रस्तुत किया

मेरठ। इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज मेरठ के संगीत विभाग द्वारा ऐडऑन कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्र एवं कथक कलाओं के प्रस्तुतीकरण विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन श्री बाला जी म्यूजिक इंटीट्यूट के निदेशक दीपक कुमार द्वारा पाश्चात्य वाद्य ऑक्टोपैड के विषय में बताया। उन्होंने छात्राओं को ऑक्टोपैड बजाने की तकनीक को बताया। संचालन विभाग अध्यक्षा प्रो. रीना गुप्ता ने किया।

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान

## दिंनाक 21/03/2023 को संगीत विभाग की ओर से ऐड ऑन कोर्स के तहत कार्यशाला जारी रही

### श्रीकृष्ण की माखन चोरी की प्रस्तुति दिखी

मेरठ। इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज के संगीत विभाग की ओर से ऐड ऑन कोर्स के तहत विभिन्न वाद्य यंत्र एवं कत्थक कलाओं के प्रस्तुतीकरण विषय पर कार्यशाला जारी रही। इसके आठवें दिन आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षक गौरव ने कत्थक के बारे में बताया। इस दौरान कत्थक नृत्य में श्रीकृष्ण की बाल लीला माखन चोरी की प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला का संयोजन एवं संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. रीना गुप्ता ने किया। संवाद

### वाद्य यंत्र और कथक का प्रस्तुतिकरण

मेरठ। इस्माईल नेशनल पीजी गर्ल्स कॉलेज में संगीत विभाग द्वारा वाद्य यंत्र एवं कथक कलाओं का प्रस्तुतीकरण विषय पर प्रवक्ता चारु यादव ने जानकारी दी। कार्यशाला का संयोजन व संचालन विभाग अध्यक्ष प्रो. रीना गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी हर्षि का सहयोग रहा।

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान

## दिंनाक 22/03/2023 को टीचर रेस्किलिंग सेल की ओर से आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न हुआ



### आंकड़ों का विश्लेषण किया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतिम दिन व्याख्यान और समापन एवं सर्टिफिकेट वितरण से संबंधित रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. विवेक त्यागी एनएएस कॉलेज ने आंकड़ों का विश्लेषण किया। इस मौके पर डॉ. शुभ्रा त्रिपाठी, डॉ. पूजा राय आदि रहीं।

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में टीचर रेस्किलिंग सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र गोयल रहे। कहा कि बिना साहित्य समीक्षा किए हुए हम अनुसंधान नहीं कर सकते। द्वितीय सत्र के वक्ता डॉ. एजे सिद्दीकी ने साहित्यिक चोरी विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए उसके नुकसान की भी व्याख्या की।

### छात्राओं को दी प्लेगेरिज्म की जानकारी

मेरठ। आईएन कॉलेज में छात्राओं को प्लेगेरिज्म की जानकारी दी गई। सीसीएसयू कैंपस में डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. जमाल अहमद सिद्दकी ने छात्राओं को 'प्लेगेरिल्म: कारण एवं समाधान' विषय पर छात्राओं को बचाव की जानकारी दी। वर्कशॉप सात दिन चलेगी।



### प्रतिभागियों को मिले प्रमाण पत्र

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में टीचर रेंस्किलिंग सेल की ओर से आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा की समक्ष दीप जलाकर किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने की। मुख्य वक्ता एनएएस कॉलेज केप्रो. विवेक त्यागी ने सभी को एक्सेल में काम करना सिखाया किया। संचालन डॉ. शुभ्रा त्रिपाठी ने किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. पूजा राय ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

**अमर उजाला**

**दिनांक 22/03/2023 को जागरूक नागरिक एसोसिएशन ने 101 वा रेनवाटर हार्वेस्टिंग मॉडल स्थापित किया**



इस्माईल पीजी कॉलेज में रेनवाटर हार्वेस्टिंग मॉडल को देखते अतिथि और शिक्षक। संवाद

## इस्माईल कॉलेज में लगा रेनवाटर हार्वेस्टिंग मॉडल

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में जागरूक नागरिक एसोसिएशन ने 101वां रेनवाटर हार्वेस्टिंग मॉडल स्थापित किया। इसका लोकार्पण सिटी मजिस्ट्रेट राहुल विश्वकर्मा ने किया। संस्था महासचिव गिरीश शुक्ला ने बताया कि जल और जीवन में बहुत गहरा संबंध है। प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने कहा कि पानी के महत्व को समझें। मेजर सुनील शर्मा, डॉ. स्वर्णा, अजय अग्रवाल, सुशील कुमार, संजीवश्वर त्यागी आदि मौजूद रहे। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिनांक 24/03/2023 को साहित्य मे वर्णित कृषक जीवन एवं समाज विषय पर संगोष्ठी आयोजित की**

## किसानों की भूमिका पर प्रकाश डाला



गोष्ठी को संबोधित करते नवीनचंद्र लोहनी। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में 'साहित्य में वर्णित कृषक जीवन एवं समाज' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता लघुकथाकार बलराम अग्रवाल, सीसीएसयू के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नवीनचंद्र लोहनी ने साहित्य जगत में किसान जीवन की समस्याओं एवं समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ता सीसीएसयू के इतिहास विभाग के प्रो. केके शर्मा ने आंदोलन में किसानों की भूमिका पर चर्चा की। अध्यक्षता एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद की प्रो. वंदना शर्मा एवं प्रो. संजय सिंह ने की। सत्र में विभिन्न महाविद्यालय के शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सुमन मिश्रा, डॉ. नेहा सिंह, मनीषा, चित्रा त्यागी, सपना, अमित कुमार, योगेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संवाद

## गांव में बसती हैं देश की आत्मा : रामशरण जोशी

- उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान की ओर से कराई गई राष्ट्रीय संगोष्ठी
- स्वतंत्रता आंदोलन में रही थी किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

जासं, मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के हिंदी विभाग में उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान संपोषित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसका विषय साहित्य में वर्णित कृषक जीवन एवं समाज रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. अनिता राठी, मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, लघु कथाकार बलराम अग्रवाल और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन चंद्र लोहानी ने मां सरस्वती के चित्र के समझ दीप जलाकर की। मुख्य वक्ता प्रो. नवीनचंद्र लोहानी ने कहा कि हिंदी की समस्त विधाओं में कृषक जीवन का वर्णन मिलता है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के प्रो. केके शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

रामशरण जोशी ने कहा कि देश की आत्मा गांव में बसती है। किसानों की जीवनशैली समझे बिना भारत को नहीं समझा जा सकता है। प्रो. संजय सिंह, लक्ष्मी मिश्रा, प्रो. दीपा त्यागी और प्रो. बीना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / अमर उजाला**

**दिंनाक 25/03/2023 को अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ**

## स्वतंत्रता एक दायित्व, हर वर्ग को बढ़ाना होगा

**संगोष्ठी**

- इस्माईल नेशनल कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी
- महिला सशक्तिकरण पर भी वक्ताओं ने रखे विचार

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद (प्रज्ञा प्रवाह की मेरठ प्रांत इकाई), मेरठ महानगर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय 'स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर बहुआयामी विमर्श' रहा।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ 'स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर बहुआयामी विमर्श' पर लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी से हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाया। संगोष्ठी में सह-संयोजक, भारतीय प्रज्ञान परिषद, प्रज्ञा प्रवाह मेरठ महानगर डॉ. ममता सिंह,



शनिवार को इस्माईल नेशनल कालेज में संगोष्ठी के दौरान मौजूद शिक्षक व अतिथि।

कार्यक्रम सह-संयोजक डॉ. अर्चना रानी, सचिव कु0 मोनिका ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजिका डॉ.ममता सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही शोध-पत्र स्मारिका का विमोचन कराया। मुख्य अतिथि प्रो. सदानंद सप्रे ने स्वाधीनता व स्वतंत्रता के बीच का अन्तर बताया। उन्होंने कहा कि आपके अन्दर जो है, वह पहचानें और युवा वर्ग राष्ट्र के उत्थान में योगदान दे। साथ ही आरबीडी महिला महाविद्यालय, बिजनौर से प्रो.पारुल त्यागी ने जी-20 की भारत के विकास में भूमिका पर विचार रखे। प्रो. दिनेश कुमार, अर्थशास्त्र विभाग ने नैतिक मूल्यों पर बोलते हुए महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। उन्होंने संयुक्त परिवारों पर भी प्रकाश डाला।

डॉ. रामचन्द्र सिंह ने अपने वक्तव्य में प्रज्ञा प्रवाह परिषद् मेरठ इकाई के सन्दर्भ में विस्तृत प्रकाश डालते हुए यह इंगित किया कि ये इकाई समाज में संस्कार के मूल्यों को बढ़ावा दे रही है।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.अनीता राठी ने अतिथियों का आभार जताया। साथ ही तकनीकी सत्र में विभिन्न प्रदेशों से विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। तकनीकी सत्र में प्रो.सविता तोमर, डॉ.अलका सूरी, डॉ.अर्चना रानी व डॉ.सपना शर्मा ने मंच का संचालन किया। पहले दिन 38-38 शोध-पत्र पढ़े गए। डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता, डॉ. रीता, प्रो. अर्चना का सहयोग रहा।

## सपना देश के लिए देखें : प्रो. सदानंद

जागरण संवाददाता, मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई।

संगोष्ठी की शुरुआत विषय पर लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी से हुई। इसके बाद शोध-पत्र स्मारिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि प्रज्ञा प्रवाह केंद्रीय टोली के सदस्य प्रो. सदानंद सप्रे ने कहा कि स्वाधीनता व स्वतंत्रता के बीच का अंतर बताया।

उन्होंने कहा कि आपके अन्दर जो है उसे पहचानें। प्रो. पारूल त्यागी प्राचार्य आरबीडी महिला महाविद्यालय बिजनौर ने कहा कि जी-20 के स्वतंत्रता व आजादी दो मायने प्रस्तुत किए। डा. रामचन्द्र सिंह ने समाज में संस्कार के मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने छात्राओं से पारिवारिक संस्कार को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। प्रो. सविता तोमर, डा. अलका सूरी, डा.अर्चना रानी और डा. सपना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## स्वयं के लिए नहीं, देश के लिए सपना देखें : प्रो. सप्रे

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। इस्माईल नेशमल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद (प्रज्ञा प्रवाह की मेरठ प्रांत इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि। संवाद

स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर : बहुआयामी विमर्श रहा। प्रथम दिन मुख्य अतिथि केंद्रीय टोली सदस्य प्रज्ञा प्रवाह एवं निवर्तमान प्राध्यापक एनआईटी भोपाल से प्रो. सदानंद सप्रे व प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने फीता काटकर पोस्टर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में शोध-पत्र स्मारिका का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. सदानंद सप्रे ने कहा कि आपके अंदर जो है वह पहचानें, किसी की आंख बंदकर अनुसरण न करके अपने अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम के शब्द है कि सपना देखो तो बड़ा देखो, सपना देश के लिए देखे अपने लिए नहीं। तंत्र चाहे कितना भी अच्छा हो यदि उसका पालन न किया जाए तो वह व्यर्थ है। भारत के लिए मन में चिंता और हमारे पूर्वजों के विषय में आज के युवा को बताया जाए तो उनके मन में भी अपने देश में लिए कुछ करने का जज्बा जागेगा।

विशिष्ट अतिथि आरबीडी महिला पीजी कॉलेज बिजनौर की प्राचार्य प्रो. पारूल त्यागी ने जी 20 की भारत के विकास में भूमिका बताई। अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. दिनेश कुमार ने नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रज्ञा प्रवाह परिषद इकाई समाज में संस्कार के मूल्यों को बढ़ावा दे रही है।

प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने संस्कारों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के विभिन्न उपशीर्षकों पर 38 शोध-पत्र पढ़े गए। संचालन डॉ. ममता सिंह, प्रो. सविता तोमर, डॉ. अलका सूरी, डॉ. अर्चना रानी व डॉ. सपना शर्मा ने किया।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 26/03/2023 को बीएड विभाग की ओर से आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ

### छात्राओं को परीक्षा का पैटर्न और कठिन प्रश्नों के बारे में बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के बीएड विभाग की ओर से आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स का शनिवार को समापन हो गया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स का उद्देश्य छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उन्हें लॉजिकल रीजनिंग, पेपर पैटर्न और प्रश्नों के कठिनाई स्तर के बारे में जानकारी देना रहा। कोर्स की कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजू गुप्ता ने बताया कि छात्राओं ने एनालॉगी, क्लासिफिकेशन, डायरेक्शन, सीटिंग अरेंजमेंट, सिलोगिसम, नंबर सीरीज, अल्फाबेटिकल सीरीज, कोडिंग-डिकोडिंग आदि तर्क कौशल की बारीकियां सीखीं। डॉ. नीति चौहान और प्रो. दीप्ति कौशिक छात्राओं को बधाई दी। संवाद

### लाजिकल रीजनिंग की दी जानकारी

मेरठः इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शनिवार को बीएड विभाग में लाजिकल रीजनिंग कार्यक्रम के 30 घंटे के सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ।

प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कहा कि विश्लेषणात्मक और तार्किक तर्क कौशल का परीक्षण करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र अपनी भर्ती प्रक्रिया के एक भाग के रूप में लाजिकल रीजनिंग टेस्ट आयोजित करते हैं। इसलिए इस सर्टिफिकेट कोर्स का उद्देश्य छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उन्हें लाजिकल, रीजनिंग, पेपर पैटर्न और प्रश्नों के कठिनाई स्तर के बारे में जानकारी देना था। आइक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक ने लाजिकल रीजनिंग कोर्स को पूरा करने पर छात्राओं को बधाई दी। डा. अंजू गुप्ता ने बताया कि सर्टिफिकेट कोर्स में 100 छात्राएं रजिस्ट्रेशन कराकर लाभान्वित हुईं।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 26/03/2023 को अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद के तत्वावधान मे दो दिवसीय राष्टीय संगोष्ठी का समापन हुआ

### पोस्टर अवार्ड से खुशी सम्मानित



कार्यक्रम में सम्मानित की गईं छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद (प्रज्ञा प्रवाह की मेरठ प्रांत इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से प्रो. दिनेश कुमार व पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज राठौर रहे। संगोष्ठी में बेस्ट पेपर अवार्ड से आयशा, जैहरा जैबी, मयंक वर्मा, डॉ. अंशु तेवतिया व ललित कुमार नवाजे गए। बेस्ट पोस्टर अवार्ड से खुशी, शाइस्ता, साहिबा, लक्ष्मी, कनिका, डॉ. ममता दीक्षित को सम्मानित किया गया। संचालन संयोजक डॉ. ममता सिंह, सह संयोजक आरजी पीजी कॉलेज से डॉ. अर्चना रानी व सचिव मोनिका ने किया। इस दौरान डॉ. रंजू नारंग, आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक, डॉ. दीक्षा रानी, डॉ. अंजु बाला राजपूत, डॉ. मीना राजपूत आदि मौजूद रहे। संवाद

### नैतिक मूल्यों के प्रसार में योगदान दें महिलाएं

मेरठः इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद की ओर से स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर बहुआयामी विमर्श पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन रविवार को हुआ। 27/3/23

दूसरे दिन तीसरे और चौथे तकनीकी सत्र में डा. रंजू नारंग ने आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयों में कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। प्रो. दिनेश कुमार ने नैतिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए युवा वर्ग को परिवार के लिए समाज के लिए व राष्ट्र के कल्याण के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रो. दीप्ति कौशिक कहा कि देश के विकास की जिम्मेदारी किसी एक की ना होकर हम सबकी है। प्रो. दीपा त्यागी ने कहा कि महिला में वह बल, ताकत और हौसला, जिसके द्वारा परिवार व समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार में योगदान दे सकतीं हैं। दो दिवसीय संगोष्ठी में चारों तकनीकी सत्र में 57 शोध-पत्र

**ESTD 1962**

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 27/03/2023 को दैनिक जागरण की ओर से नारी सशक्तीकरण पर सेमिनार आयोजित हुई**

# नाकाम नहीं हूं नारी हूं, मैं एक-एक पर भारी हूं...

## दैनिक जागरण व बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से आयोजित सेमिनार में निकले महिला शक्ति के उद्गार

BDS INTERNATIONAL SCHOOL दैनिक जागरण

जागरण **सेमिनार**

नारी सशक्तिकरण
उभरती प्रवृत्तियां एवं चुनौतियां



दैनिक जागरण और बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित (बाएं से चौथीं) डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सुनीता वर्मा और उनके दाएं तरफ सीओ किठौर रूपाली राय चौधरी, प्रिंसिपल डा. मृदुला शर्मा, डा. अलका चौधरी, प्रो. अनीता राठी और प्रो. रीनू जैन के साथ शिक्षिकाएं व स्कूल के प्रिंसिपल गोपाल दीक्षित (बाएं) ● जागरण



❝ भारतीय समाज सदा से ही नारी को अधिक सम्मान देता रहा है। तभी तो हम देश को भी भारत माता कहते हैं। नवरात्रि के दौरान शक्ति पूजा के समय नारी सशक्तिकरण की अलख जगाने और जगाते रहने की जरूरत है जिसमें संस्था और व्यक्तिगत तौर पर हम सदैव समर्पित रहेंगे।

एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार शर्मा, चेयरमैन, बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : मैं एक-एक पर भारी हूं, नाकाम नहीं हूं नारी हूं, बुझकर बैठी मैं राख नहीं, तीखी जलती चिंगारी हूं। तेज हवा के झोंकों से, सहमी मेरी परवाज नहीं, गिरते-पड़ते लड़ जाना है रुक जाना मुझको रास नहीं। पंजों से. लेकर चोटी तक, काबिल सारी की सारी हूं...। नारी सशक्तीकरण पखवाड़े के अंतर्गत बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में दैनिक जागरण के सहयोग से आयोजित जागरण सेमिनार में इस्माईल गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा व एनसीसी कैडेट प्रेरणा भारती ने उक्त पंक्तियों से सुसज्जित कविता सुनाकर रोम-रोम में जोश भर दिया। 'नारी सशक्तिकरण : उभरती प्रवृत्तियां और चुनौतियां विषय पर आयोजित सेमिनार में महिला कालेजों की प्राचार्यों ने समाज में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

**बेटा हुआ है या बेटी**

कनोहर लाल महिला पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. अलका चौधरी ने कहा कि नारी और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। फिर भी समाज की मानसिकता है कि आज भी बेटा होने पर बेटी के पैदा होने से ज्यादा खुशी मनाते हैं। बच्चे के जन्म लेने पर डाक्टर से लोगों को पहला सवाल होता है, बेटा है या बेटी। इस मानसिकता को बदलना होगा। इस्माईल महिला पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कहा कि छात्राएं अपने लक्ष्य का निर्धारण कर आत्मविश्वास से आगे बढ़ें और भविष्य संवारें। मंजिल तनाव लेकर हासिल नहीं होती। उसके लिए जुनून होना चाहिए। आरजी पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. रीनू जैन ने कहा कि नारी के बिना इस सृष्टि का सृजन संभव नहीं है। पुरुष को चाहिए कि वह इस शक्ति को पहचाने और नारी का सम्मान करें। इस्माईल इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डा. मृदुला शर्मा ने कहा कि छात्राएं अपना सर्वांगीण विकास कर समाज और देश दोनों का विकास कर सकती हैं। अनुशासन में किया गया कार्य जीवन की चुनौतियों को कम कर देता है।



बीडीएस स्कूल में दैनिक जागरण द्वारा नारी सशक्तीकरण पर आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्राएं ● जागरण



सेमिनार में कविता की प्रस्तुति देतीं प्रेरणा भारती ● जागरण

**आवाज उठाने को बनाएं आदत**

सीओ किठौर रूपाली राय चौधरी ने कहा कि विशेष तौर पर बालिकाओं को हर छोटी घटना पर चुप रहने की बजाय आवाज उठाने को अपनी आदत बनाना चाहिए। हर शोषण पर अपने अभिभावक व शिक्षकों से बात करें। हर छोटी-बड़ी बात बताने को भी आदत बनाएं तभी बड़ी घटनाएं रुकेंगी। महिला हेल्पलाइन का इस्तेमाल करें। आगे बढ़ेंगी तभी सशक्त बनेंगी। सीओ ने कहा कि बराबर हैं, बराबर बन कर रहें।

**प्राचार्यों व शिक्षिकाएं सम्मानित** : परिवहन विभाग से डिप्टी कमिश्नर सुनीता वर्मा, सीओ किठौर रूपाली राय चौधरी, बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल गोपाल दीक्षित ने प्राचार्यों व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इनमें इस्माईल पीजी कालेज से डा. दीपा त्यागी, डा. हुमा मसूद, डा. दीप्ति कौशिक, प्रो. दीपा त्योगी, डा. स्वर्णा, असिस्टेंट प्रो. महिमा ठाकुर, इस्माईल इंटर कालेज शास्त्रीनगर से डा. अंबिका शर्मा, वंदना सिंह, आरजी पीजी कालेज से डा. भावना मित्तल, डा. अनुराधा, डा. अनु रस्तोगी, डा. अर्पणा वत्स, डा. मनीषा सिंघल, डा. पूनम लता सिंह, डा. सुनीता सिंह, कनोहर लाल पीजी कालेज से एनएसएस प्रोग्राम आफिसर स्मृति यादव, सीओटी एनसीसी सिद्धि गुप्ता, डा. सरस्वती जायसवाल सम्मानित हुईं। संचालन वरिष्ठ शिक्षिका पायल ने किया।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 27/03/2023 को अमर उजाला की ओर से आयोजित अग्रसर नारी सम्मान समारोह मे महिलाओ को सम्मानित किया**

my city # हम लोग






चेंबर ऑफ कॉमर्स बांबे बाजार में अमर उजाला द्वारा आयोजित अग्रसर नारी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि आईएएस जागृति अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि सुभारती विवि की मुख्य कार्यकारी अध्

# मेरठ का बढ़ा रहीं मान...ऐसी महिलाअ

## अमर उजाला और वेस्टर्न यूपी चेंबर ऑफ कॉमर्स बांबे बाजार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने व

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आज 21वीं सदी को नारी सदी के रूप में देखा जा रहा है। पहले जहां महिलाएं सिर्फ परिवार तक सीमित थीं, आज वह अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठापूर्वक अपना कर्तव्य निभाने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में भी पीछे नहीं हैं। ऐसी ही 17 महिलाओं को सोमवार को अमर उजाला और वेस्टर्न यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स बांबे बाजार की ओर से सम्मानित किया गया।

मौका था बांबे बाजार स्थित वेस्टर्न यूपी चेंबर ऑफ कॉमर्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अग्रसर नारी सम्मान समारोह का। इन महिलाओं को मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आईएएस) जागृति अवस्थी, विशिष्ट अतिथि सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, वेस्टर्न यूपी चेबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुप्ता और आईआईए के चैप्टर चेयरमैन सुमनेश अग्रवाल को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में चेंबर अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से सभी को प्रेरणा मिलेगी। नारी शक्ति को कम न आंके। नारी ही घर को स्वर्ग बनाती है।





चेंबर ऑफ कॉमर्स बांबे बाजार में अमर उजाला द्वारा आयोजित अग्रसर नारी सम्मान समारोह में शामिल महिलाएं व




महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला विरोधी सोच को बदलना जरूरी है। जनहित फाउंडेशन की निदेशक डॉ. अनीता राणा ने बताया कि उनका फाउंडेशन एक ही जगह निकाह और विवाह दोनों कराता है। मां जीवनदायिनी चिकित्सालय की चेयरमैन गुलशन सैफी ने बताया कि वह 13 वर्षों से गुरुकुल में संस्कृत और लड़कियों को दूसरे कार्यों में दक्ष करने का कार्य कर रही हैं। उनके यहां झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई राज्यों की कन्याएं पढ़ रही हैं, जो धनुर्विद्या और आत्म रक्षा आदि के गुर सीखती हैं। डॉ. कानन त्यागी ने बताया कि वह मानसिक रूप से कमजोर लोगों का इलाज, उनके रहने की व्यवस्था और सही होने पर उनके घर तक पहुंचाने का कार्य करती हैं।

अब तक 200 से ज्यादा ऐसे लोगों की सेवा कर चुकी हैं। सरिता अग्रवाल, अदिति चंद्रा, अलका चौधरी, गोपाल अग्रवाल, नवीन अरोड़ा, गौरव शर्मा, अमित बंसल, अंकुर गोयल, आशीष अग्रवाल, राजीव मित्तल टोनी, अभिषेक रस्तोगी, राहुल जैन, राजन सिंघवाल, विनेश जैन, अंकित गुप्ता, रजनीश कौशल, मनोज अग्रवाल और लोकेश चंदा आदि रहे।

### 365 दिन होता है महिला दिवस: डॉ. शल्या रा

सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.शल्या राज ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। आज 21



सदी महिलाओं की सदी है। शिक्षित एवं जागरूक महिलाएं परिवार चलाने से लेकर फाइटर प्लेन चल का साहसी कार्य करने के साथ देश का नेतृत्व भी कर रही हैं। हमारे दे में महिला प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सांसद और आजादी के आंदोलन नेतृत्व करके ये साबित कर चुकी कि समाज में महिलाएं हर मैदान में आगे हैं। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं आत्मविश्वास से कार्य करें, महिलाओं आगे लाने में पुरुषों को पहल करनी होगी। जब कोई पीठ थपथपाता है तो और अच्छा करने का मन करता है। 8 मा को ही नहीं, 365 दिन महिला दिवस होता है। महिला तो

**inext**

**दिंनाक 27/03/2023 को बीएड विभाग मे सात दिवसीय कार्यशाला मे छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए**

CITY BRIEFS

### कार्यशाला के बाद छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र




MEERUT : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता एमएसएम कालेज बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. निधि शर्मा ने छात्राओं को व्याकरण में होने वाले विभिन्न उप-विषयों को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रयोग करने के सही तरीके बताए. डॉ. कुल ज्योत्सना ने कार्यशाला में प्रतिदिन अलग-अलग उप-विषयों से छात्राओं को अवगत करवाया. प्राचार्य डॉ. अनीता राठी और आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्ति कौशिक और डॉ. शिवाली अग्रवाल ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए.

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 29/03/2023 को डॉ कविता ने कहा छात्राओं को स्ववलंबी बनाने के लिए हर किसी को आगे आना चाहिए**

### उच्च शिक्षा में लड़कियों की पूरी मदद



इस्माईल पीजी गर्ल्स कालेज की डॉ. कविता गर्ग उच्च शिक्षा में नए आयामों की खोज में लगी हुई हैं। वह पीएचडी भी कर चुकी हैं। खास बात यह है कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ साथ वह उच्च शिक्षा में आगे बढ़ने वाली उन छात्राओं की मदद करती हैं, जोकि मुश्किल में हो। आज तक उन्होंने कभी जग जाहिर नही किया, लेकिन पांच छंह सालों में कई छात्राओं की मदद की, जिसमें एक दो छात्राओं ने वार्षिक परिणाम में गोल्ड मेडल तक प्राप्त किया। कविता मानती हैं कि आज के समय में लड़कियों को स्ववलंबी बनाने के लिए हर किसी को उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। शिक्षा महिलाओं को न केवल कॅरियर बनाने में मदद करती बल्कि वह उनमें आत्मविश्वास भी जगाती है।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिनांक 28/03/2023 को वाणिज्य विभाग की ओर से कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कंप्यूटर एवं तकनीकी क्षमता का आयोजन किया गया

### छात्राओं को प्लस प्लस कोर्स में रोजगार के अवसर बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी के वाणिज्य विभाग द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कंप्यूटर एवं तकनीकी क्षमता वृद्धि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने की। सीआईएम संस्था के मनोज कंसल ने छात्राओं को ओ लेवल और सी प्लस प्लस कोर्स की जानकारी दी। छात्राओं को इस कोर्स में रोजगार अवसर बताए। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मणि भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर प्रो. शिवाली अग्रवाल, डॉ. एकता, निकहत, प्रियंका, काशिफ़ा मौजूद रहीं।

वहीं आइक्यूएसी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कर्मचारियों के लिए 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। सीआईएम संस्था के साथ एमओयू के अंतर्गत डॉयरेक्टर कमल कुमार अग्रवाल ने सभी को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी। आइक्यूएसी की सदस्य निकहत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. हुमा मसूद, प्रो. शिवाली अग्रवाल, प्रो. रीना, डॉ. स्वर्णा, डॉ. अंजू गुप्ता, मौजूद रहीं। संवाद



**प्रशिक्षण** : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज बुढ़ानागेट में मंगलवार को आइक्यूएसी एवं राजनीति विज्ञान विभाग ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत कंप्यूटर एवं तकनीकी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। कमल कुमार अग्रवाल, प्रो. हुमा मसूद रहीं • जागरण

**अमर उजाला**

**दिंनाक 01/04/2023 को संगीत विभाग मे भारत की शिक्षा प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित की गई**

mycity

न्यूज कैप्सूल

### आधुनिक समय की शिक्षा प्रणाली बताई




कार्यशाला को संबोधित करतीं शिक्षिका। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संगीत विभाग में भारत की शिक्षा प्रणाली विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज की संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. राधा रानी ने गुरु शिष्य परंपरा से शुरू कर आधुनिक शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया। संचालन प्रो. रीना गुप्ता ने किया। इस दौरान हर्षि व चारु आदि मौजूद रहे। संवाद

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 03/04/2023 को उर्दू विभाग और सिविल एकेडमी ने सपने सच होते है विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया**




कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते अभिषेक शर्मा • सौ. कालेज

### सिविल सेवा की तैयारी देती है सकारात्मक बदलाव

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के उर्दू विभाग और सिविल एकेडमी ने सोमवार को सपने सच होते हैं विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। काउंसलिंग के दौरान एकेडमी के निदेशक अभिषेक शर्मा ने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी छात्र के ज्ञान और व्यक्तित्व में ऐसे सकारात्मक बदलाव लाती है, जो उसके लिए बहुत से करियर के अवसर खोल देती है और वह जीवन में ऊंचाई छूता है। लड़कियों को बड़े सपने देखने हैं, क्योंकि एक लड़की की सफलता से हजारों माता-पिता को बेटियों को पढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उर्दू विभागाध्यक्ष डा. हुमा मसूद ने कहा कि भविष्य के लिए बनाई गई योजनाओं को अधूरा न छोड़ें। प्राचार्य अनीता राठी ने भी विचार रखे। संचालन डा. इफ्फत ज़कीया ने किया। -जासं

### अपने विचारों व सपनों का सम्मान करें



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग और सिविल एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 'सपने सच होते हैं' विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता सिविल सर्विस के विशेषज्ञ इंजीनियर अभिषेक शर्मा रहे। अध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद ने कहा अपने विचारों व सपनों का सम्मान करें। कार्यक्रम का

मेरठ, मंगलवार, 4 अप्रैल 2023 06

शहर 30s



सोमवार को इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

### सपने सच करने को भरी उड़ान

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में उर्दू विभाग और सिविल एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 'सपने सच होते हैं' विषय पर एक कार्यक्रम हुआ। सिविल सर्विसेज की काउंसलिंग के लिए सिविल सर्विस विशेषज्ञ इंजीनियर अभिषेक शर्मा मुख्य वक्ता रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. हुमा मसूद ने कहा कि योजनाओं को अधूरा ना छोड़ें। प्राचार्या प्रोफेसर अनीता राठी ने उत्साहवर्धन किया। संचालन डॉ. इफ्फत जकीया ने किया। डॉ. शबिसता, फरहा नाज, डॉ. शादाब अलीम, कमरुन्निसा जैदी, डॉ. ताबिश फरीद ने भी विचार रखे। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी, डॉ. निशा, डॉ. निगहत, डॉ. मोनिका मौजूद रहे।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 05/04/2023 को प्रहरी क्लब के अंतर्गत नशा मुक्ति पर कार्यक्रम हुआ**

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध का नारा लगाया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में प्रहरी क्लब के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा मुक्ति का संदेश देना रहा। छात्राओं ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' नारा लगाते हुए छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने नशा मुक्ति अभियान का पूर्ण समर्थन कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। क्लब प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान युवा प्रहरी राधिका वर्मा, शिवानी मेहरा आदि मौजूद रहीं। संवाद




रैली निकालतीं इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की छात्राएं। संवाद

www.jagran.com

## शिक्षा एक नजर




एक युद्ध नशे के विरुद्ध : इस्माईल पीजी कालेज में प्रहरी क्लब की ओर से बुधवार को कार्यक्रम में छात्राओं ने नशा मुक्ति का संदेश दिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने कहा कि नशे की लत से युवाओं को बचाने के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी है। संस्था की प्रमुख डा. नेहा सिंह, राधिका वर्मा और शिवानी मेहरा भी उपस्थित रहीं • सौ. कालेज

## नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का आयोजन




मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में प्रहरी क्लब के अंतर्गत नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का हुआ। प्रहरी क्लब के माध्यम से छात्राओं ने विद्यालय के प्रांगण के साथ साथ विद्यालय के आस पास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. अनिता राठी ने अभियान का पूर्ण समर्थन किया।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 06/04/2023 को शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया**

## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर




इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. ममता ने छात्राओं को बताया कि यह दिवस खेलों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसके बाद छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। छात्राओं को बॉक्सिंग के विभिन्न पंच सिखाए गए। इस दौरान श्वेता, नुसरत, प्रो. हुमा मसूद, प्रो. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी, प्रो. रीना गुप्ता, डॉ. विनेता, डॉ. स्वर्णा आदि मौजूद रहीं।

वहीं गृह विज्ञान और जीएस जादू नगरी के संयुक्त तत्वावधान में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। जीएस जादू नगरी की निर्देशक नीलू मलिक ने छात्राओं को आहार और पोषण के बारे में बताया। संचालन विभागाध्यक्ष निशा गुप्ता ने किया। इस दौरान डॉ. मणि भारद्वाज, प्रियंका शर्मा, काशिफा आदि मौजूद रहीं।

वहीं बीएड विभाग में सात दिवसीय आईसीटी की कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता प्रो. कपिल कुमार रहे। संयोजक डॉ. शाजिया ने कार्यशाला में द्वितीय वर्ष की छात्राओं को पीपीटी बनानी सिखाई। इस दौरान आईक्यूएसी संयोजक प्रो. दीप्ति कौशिक, आईक्यूएसी सह संयोजक प्रो. शिवाली अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संवाद

**खेल दिवस मनाया :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को इंटरनेशनल स्पोर्टस-डे मनाया गया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को खेलों के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर का महत्व समझाया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. ममता नेविचार रखें। छात्राओं को आत्मररक्षा के गुर भी सिखाए गए। वहीं गृह विज्ञान और जीएस जादू नगरी संस्था की ओर से कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम विषय सेटअप करियर इन होमसाइंस का आयोजन किया गया। संचालन विभागाध्यक्ष निशा गुप्ता ने किया। डा. मणि भारद्वाज, प्रियंका शर्मा और काशिफा भी उपस्थित रहीं।

**दैनिक जागरण / inext**

**दिनांक 10/04/2023 को अंग्रेजी विभाग मे इंग्लिश फार कॉम्पीटिटिव एग्जाम विषय पर वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत हुई**

दैनिक जागरण, Meerut, 11 April 2023 5

CITY BRIEFS

## प्रतियोगी परीक्षा में अंग्रेजी का महत्व




**MEERUT :** इस्माईल पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को इंग्लिश फार काम्पिटिटिव एग्जाम विषय पर वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत हुई. प्रथम सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्णा ने छात्राओं को कोर्स के उद्देश्य व वर्तमान समय में उपयोगिता की जानकारी दी. मुख्य वक्ता डॉ. आभा अग्रवाल ने छात्राओं को काम्पिटिटिव एग्जाम में तैयारी करने के लिए टिप्स देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए मेहनत और लगन जरूरी है. प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा में अंग्रेजी का महत्व बताया. कोर्स ट्रेनर पारुल बालियान ने छात्राओं को अंग्रेजी व्याकरण के नियम बताए. महिमा ठाकुर और डॉ. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी भी उपस्थित रही.



इस्माईल पीजी कालेज में कोर्स की शुरुअत करतीं शिक्षिकाएं ● सौ. कालेज

## प्रतियोगी परीक्षा में अंग्रेजी का महत्व

**मेरठ :** इस्माईल पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को इंग्लिश फार काम्पिटिटिव एग्जाम विषय पर वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत हुई। प्रथम सत्र में विभागाध्यक्ष डा. स्वर्णा ने छात्राओं को कोर्स के उद्देश्य व वर्तमान समय में उपयोगिता की जानकारी दी। मुख्य वक्ता डा. आभा अग्रवाल ने छात्राओं को जरूरी टिप्स देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए मेहनत और लगन जरूरी है। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा में अंग्रेजी का महत्व बताया। कोर्स ट्रेनर पारुल बालियान ने छात्राओं को अंग्रेजी व्याकरण के नियम बताए। महिमा ठाकुर और डा. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी रहीं। -जासं

**दैनिक जागरण / inext / अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 12/04/2023 को मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल एवं जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया**

## टेंशन से दूर रहें, मैनेजमेंट स्किल को बढ़ाएं छात्राएं



MEERUT (12 April, JNN): इस्माईल पीजी कालेज में मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल एवं जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से बुधवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता प्यारे लाल शर्मा चिकित्सालय की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता शर्मा ने लाइफ स्किल एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर चर्चा करते हुए छात्राओं को तनाव और मैनेजमेंट संबंधित स्किल को बढ़ाने की जानकारी दी. साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मार्गदर्शिका पुस्तिका भी छात्राओं को वितरित की. वहीं संस्कृत विभाग में संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा पर दस दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई. जिसका उद्घाटन डॉ. हुमा मसूद और डॉ. दीपा त्यागी ने किया.

### नीति शिक्षा की जानकारी दी

वक्ता डॉ. पूनम लखनपाल ने पंचतंत्र और हितोपदेश ग्रंथों में नीति शिक्षा विषय की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य सदैव से ही मूल्य संवर्धन करता आया है. संस्कृत का सम्पूर्ण साहित्य ही नीति की शिक्षा देने वाला है, चरित्र एवं व्यक्तित्व का निर्माण करने वाला है. पंचतंत्र और हितोपदेश बच्चों को छोटी-छोटी पशुपक्षियों की कथाओं के माध्यम से सिखाने वाले ग्रंथ हैं. जो व्यवहारिक एवं उपयोगी है. अपने वेद, उपनिषद, रामायण तथा महाभारत जैसे ग्रंथों से मूल्य संवर्धन कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक राष्ट्रीय पारिवारिक संस्कारों को देना चाहिए. कथा काव्य, सुभाषित काव्यों, नीतिपरक, कथनों से हितोपदेश पंचतंत्र ग्रंथों में नीति शिक्षा दी गई है. संचालन डॉ. सपना शर्मा ने किया.



इस्माईल पीजी कालेज में मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल एवं जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यक्रम में शामिल छात्राएं • जागरण

## तनाव से दूर रहकर मैनेजमेंट स्किल को बढ़ाएं छात्राएं

मेरठः इस्माईल पीजी कालेज में मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल एवं जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से बुधवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्यारे लाल शर्मा चिकित्सालय की मनोरोग विशेषज्ञ डा. विनीता शर्मा ने लाइफ स्किल एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर चर्चा करते हुए छात्राओं को तनाव और मैनेजमेंट संबंधित स्किल को बढ़ाने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मार्गदर्शिका पुस्तिका भी छात्राओं को वितरित की।

वहीं, संस्कृत विभाग में संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा पर दस दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसका उद्घाटन डा. हुमा मसूद और डा. दीपा त्यागी ने किया। वक्ता डा. पूनम लखनपाल ने पंचतंत्र और हितोपदेश ग्रंथों में नीति शिक्षा विषय की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य सदैव से ही मूल्य संवर्धन करता आया है। कथा काव्य, सुभाषित काव्यों, नीतिपरक, कथनों से हितोपदेश पंचतंत्र ग्रंथों में नीति शिक्षा दी गई है। संचालन डा. सपना शर्मा ने किया।

## संस्कृत साहित्य को बताया मूल्य संवर्धन

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा मूल्य संबंधित पाठ्यक्रम संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा दस दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. हुमा मसूद व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने किया। अतिथि वक्ता आरजी पीजी कॉलेज की एसोसिएट प्रो. डॉ. पूनम लखनपाल रहीं। चरित्र एवं व्यक्तित्व का निर्माण करने वाला है। संचालन डॉ. सपना शर्मा ने किया। डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. ममता गौतम, इरम, डॉ. प्रीति गर्ग मौजूद रहीं। मुख्य वक्ता प्यारे लाल शर्मा चिकित्सालय मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. विनीता शर्मा रहीं। इस दौरान डॉ. पूजा राय, डॉ. नेहा सिंह, मोनिका मौजूद रहीं। संवाद

## पाठयक्रम संस्कृत साहित्य का शुभारंभ हुआ

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के संस्कृत विभाग द्वारा मूल्य सम्बन्धित पाठ्यक्रम संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा दस दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर डॉ. हुमा मसूद उर्दू, डॉ. दीपा त्यागी आदि रही। डॉ. पूनम लखनपाल ने विचार प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. सपना शर्मा रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 15/04/2023 को जागरूक नागरिक एसोसिएशन के तत्वावधान में जनचेतना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

# जीवन के लिए भूजल बचाना होगा : जोशी

## बीडीएस इंटरनेशनल में हुए कार्यक्रम के दौरान कई संस्थानों के प्रधानाचार्यों और शिक्षाविदों को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी



जागरूक नागरिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अनिल जोशी द्वारा सम्मानित अतिथि। अमर उजाला

मेरठ। बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में जागरूक नागरिक एसोसिएशन के तत्वावधान में जनचेतना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पानी की बर्बादी रोकने और नियमित रूप से जल संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद पद्मश्री पद्म विभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि छात्रों को जल की बर्बादी व जल संरक्षण से संबंधित जरूरी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बचाना है तो भूजल भी बचाना होगा। कार्यक्रम में डॉ. अनिल कुमार जोशी एवं बीडीएस ग्रुप के चेयरमैन धर्मेंद्र शर्मा ने आरजी कॉलेज से डॉ. निवेदिता मलिक, इस्माईल गर्ल्स इंटर कॉलेज से डॉ. मृदुला शर्मा, सेंट जोंस स्कूल से डॉ. शिमोना जैन, केवी इंटर कॉलेज से डॉ. वीर बहादुर सिंह, आईपीएस से राना हुबाना, जीटीबी से डॉ. कर्मेंद्र सिंह, इस्माईल डिग्री कॉलेज से डॉ. अनिल राठी, सीजेडीएवी से डॉ. अल्पना शर्मा, मिशिका सोसाइटी से अमित नागर, डीएन कॉलेज से बीएस यादव और बीडीएस के प्रधानाचार्य गोपाल दीक्षित को सम्मानित किया गया।

उधर, गढ़ रोड स्थित एक होटल में पर्यावरणविद डॉ. अनिल प्रकाश जोशी से पर्यावरण व स्वछता क्लब के सदस्यों एवं क्लब निदेशक आयुष गोयल ने जल संरक्षण विषय पर चर्चा की।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिनांक 15/04/2023 को सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का समापन हुआ**

### कार्यशाला संपन्न होने पर प्रमाण पत्र मिले

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज में सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का समापन हुआ। छात्राओं ने पीपीटी के माध्यम से कार्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. कपिल कुमार ने आईसीटी का प्रयोग करते हुए इंफोसिस स्प्रिंग बोर्ड प्लेटफॉर्म पर एमआइटी चैनल की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को उसको उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कार्यशाला में छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए। संवाद





इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र • सौ. कालेज

### कार्यशाला के बाद छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सात दिवसीय आइसीटी कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। इसमें छात्राओं ने पीपीटी द्वारा अपना कार्य प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता प्रो. कपिल कुमार ने आइसीटी का प्रयोग करते हुए इंफोसिस स्प्रिंग बोर्ड प्लेटफार्म पर एमआइटी चैनल की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। विभागाध्यक्ष डा. वंदना भारद्वाज, डा. शिवाली अग्रवाल और डा. दीप्ति कौशिक भी उपस्थित रहीं।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 17/04/2023 को बीएड विभाग की ओर से संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया**

दैनिक जागरण, Meerut, 18 April 2023 3

ाने का काम मोदी जी ने किया है.:@Kpmaurya1

CITY BRIEFS

### हरी सब्जियों का सेवन जरूरी



**MEERUT :** इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग की ओर से बुढ़ाना गेट स्थित सनातन धर्म इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान सोमवार को चलाया गया. डीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि मच्छर काटने से मलेरिया डेंगू के अलावा गंदगी से संक्रमण बीमारी फैलती है. मच्छर से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, कूलर का पानी एक सप्ताह में बदले, छत पर रखे गमलों में प्रतिदिन पानी डाले और पुराने टायर को नष्ट कर दें. भोजन में पौष्टिक आहार व हरी सब्जियों का सेवन करें. इससे शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. नीलम शर्मा और डॉ. निधि चौहान भी उपस्थित रही.

मेरठ | मंगलवार • 18.04.2023

अमरउजाला 06



इस्माईल गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। संवाद

### संचारी रोग से बचाव के उपाय बताए

मेरठ। इस्माईल कॉलेज के बीएड की छात्राओं ने बुढ़ाना गेट स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया।

डॉ. सत्यप्रकाश और हेल्थ इंडिया के सिटी कोऑर्डिनेटर संजय ने बताया कि इस वक्त मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू व गंदगी से जानलेवा संक्रमण बीमारी जन्म लेती है। मच्छर से बचाव हेतु पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, कूलरों का पानी एक सप्ताह में बदल देना चाहिए, छतों पर रखे गमलों में पानी रोज डालें और पुराने टायरों को नष्ट कर दें। साथ ही अपने घर व गलियों में साफ सफाई का ध्यान रखें। डॉ. अंजू बाला, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. निधि चौहान मौजूद रहीं। संवाद

शिक्षा एक नजर



इस्माईल पीजी कालेज में बीएड विभाग की ओर से बुढ़ाना गेट स्थित सनातन धर्म इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया गया • सौ. कालेज प्रबंधन

### प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए हरी सब्जियों का सेवन जरूरी

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग की ओर से बुढ़ाना गेट स्थित सनातन धर्म इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान सोमवार को चलाया गया। डीएमओ डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि मच्छर काटने से मलेरिया डेंगू के अलावा गंदगी से संक्रमण बीमारी फैलती है। मच्छर से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, कूलर का पानी एक सप्ताह में बदले, छत पर रखे गमलों में प्रतिदिन पानी डाले और पुराने टायर को नष्ट कर दें। भोजन में पौष्टिक आहार व हरी सब्जियों का सेवन करें। डा. अंजू गुप्ता, डा. नीलम शर्मा और डा. निधि चौहान भी उपस्थित रहीं। जासं

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / inext**

**दिनांक 19/04/2023 को बीएड विभाग की छात्राओं ने सामुदायिक कार्य के तहत पोष्टिक आहार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया**

## मोबाइल के अधिक प्रयोग से बढ़ रहा मानसिक तनाव



इस्माईल पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में शामिल छात्राएं और बच्चे। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलिज में बीएड विभाग की छात्राओं ने सामुदायिक कार्य के तहत इस्माईल पब्लिक स्कूल सुभाष बाजार में लघु नाटिका का मंचन किया। इसके माध्यम से संदेश दिया गया कि बच्चों को मोबाइल के अधिक प्रयोग से बचाया जाए। मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से बच्चों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अंजू बाला राजपूत ने बताया कि स्मार्टफोन के इस्तेमाल से आज बच्चे की स्मार्टनेस खत्म होती जा रही है। स्कूल की प्रधानाचार्य कसूर असीम ने बच्चों में मानसिक तनाव का सबसे बड़ा कारण मोबाइल फोन को बताया। संवाद

**iNEXT CITY FOCUS**

**i CITY BRIEFS**

## फोन खत्म कर रहे हैं बच्चों की स्मार्टनेस



**MEERUT :** इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग की छात्राओं ने सुभाष बाजार स्थित इस्माईल पब्लिक स्कूल में बच्चों के मानसिक तनाव का कारण बन रहे मोबाइल एडिक्शन विषय पर बुधवार को लघु नाटिका का मंचन किया. छात्राओं ने लघु नाटिका के माध्यम से बताया कि स्मार्टफोन के इस्तेमाल से बच्चों की स्मार्टनेस खत्म होती जा रही है, क्योंकि 10 साल तक के बच्चे अगर एक घंटे से ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं. तो उनके दिमाग पर गहरा असर पड़ता है. ज्यादा समय मोबाइल फोन पर रहने से बच्चों के दिमाग की बाहरी परत पतली पड़ जाती है. इससे बच्चों का मानसिक विकास रूक जाता है. प्रधानाचार्य कसूर असीम कहा कि बच्चों में मानसिक तनाव का सबसे बड़ा कारण मोबाइल है, जिसकी वजह से बच्चों में बेचैनी और अनिद्रा जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं. बच्चों की शारीरिक गतिविधियां भी कम होने से इसका असर दिमाग पर भी पड़ रहा है. आयशा, निदा, सुमैया शाइस्ता और आयुषी उपस्थित रहीं.

**विविध**



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज बुढ़ाना गेट के बीएड विभाग की छात्राओं ने सामुदायिक कार्य के तहत पौष्टिक आहार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। डा. अंजू बाला राजपूत ने बताया कि किशोरावस्था में संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। उचित हार्मोन के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है। डा. अनीता गुप्ता, छात्रा रहनुमा अंसारी, उर्वशी, आयशा, निदा, मनीषा, आशिफा, सोनल, सुमैया आदि शामिल हुई • जागरण

**अमर उजाला**

**दिंनाक 20/04/2023 को अंग्रेजी विभाग की ओर से दस दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स के समापन समारोह का आयोजन किया गया**

### समापन समारोह में छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र




इस्माईल महिला पीजी कॉलेज की छात्राएं प्रमाण पत्र के साथ। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को अंग्रेजी विभाग की ओर से दस दिवसीय वेल्यू एडेड कोर्स के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी और अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्णा ने किया। पारूल बालियान, सलोनी चौहान एवं पूजा ने मुख्य बिंदुओं का निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। संचालन प्रो. महिमा ठाकुर व प्रो. मीनू शर्मा ने किया। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 20/04/2023 को बीएड विभाग की ओर से शीतल जल सेवा की गई**

### जल सेवा की

मेरठ। इस्माईल नैशनल महिला पीजी कॉलिज के बीएड विभाग द्वारा शीतल जल सेवा की गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. अनीता राठी रहीं। उन्होंने जल वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालक डॉ. अंजू बाला राजपूत ने बताया कि छात्राओं ने राह चलते लोगों को शीतल जल पिलाया। साथ ही कूड़ा कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्णा मौजूद रहीं। संवाद




इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग की ओर से कालेज के बाहर शीतल जल सेवा की गई। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने इसकी शुरुआत की। छात्राओं ने राह चलते लोगों को शीतल जल पिलाया। निदा, आयशा, अंजली, रीना, उर्वशी का सहयोग रहा • जागरण

**अमर उजाला**

**दिनांक 21/04/2023 को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती छात्राएं**




इस्माईल डिग्री कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देतीं छात्राएं। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिनांक 24/04/2023 को बीएड विभाग मे प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**

## हिंदी भाषा में व्याकरण के सुदृढ़ीकरण को समझाया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलिज के बीएड विभाग द्वारा प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने ''हिन्दी भाषा में व्याकरण का सुदृढ़ीकरण'' विषय पर विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही हिंदी भाषा का महत्व बताया। सुमन मिश्रा ने स्वर और व्यंजन का प्रयोग समझाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मीना कुमारी तोमर ने छात्राओं को हिन्दी भाषा कौशल दक्षता के बारे में बताया। संवाद



इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग में अतिथि को सम्मानित करतीं संयोजिका • सौ. कालेज

## छात्राओं ने प्राप्त की हिंदी व्याकरण की जानकारी

मेरठ: इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग में हिंदी भाषा में व्याकरण का सुदृढ़ीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की शुरुआत प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने दीप जलाकर की। विभाग प्रभारी डा. वंदना भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया। प्रो. दीपा त्यागी ने पाठ्यक्रम पर आधारित कार्यशाला हिंदी भाषा में व्याकरण का सुदृढ़ीकरण हिंदी भाषा कुशल दक्षता के अन्तर्गत वर्तमान संदर्भ में हिंदी भाषा के महत्व से परिचित करवाया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. मीना कुमारी तोमर ने भी विचार रखे। सुमन मिश्रा ने कार्यशाला में स्वर और व्यंजन पर विस्तार से जानकारी दी।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 26/04/2023 को बीएड विभाग मे तीन दिवसीय स्काउट गाइड कार्यक्रम का समापन हुआ**



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी व शिक्षिकाएं • सौ. कालेज

## शिविर में सीखी टैंट बनाने की कला

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के बीएड विभाग में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। शिविर में ताली बजाना, गांठ लगाना और स्काउट गाइड के नियम, टेंट लगाना और भोजन बनाना सिखाया गया। इसमें पांच टोलियां सरोजनी नायडू, कल्पना चावला, रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा और पद्मावती बनाई गई। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की। इसके साथ ही संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा के दस दिवसीय कार्यक्रम का समापन भी हुआ। छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस दौरान बीएड विभाग की सभी शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

## छात्राओं ने टेंट लगाकर भोजन बनाया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य अतिथि संजीव त्यागी, आईक्यूएसी कार्डिनेटर प्रो. दीप्ति कौशिक, को-कोर्डिनेटर प्रो. शिवाली अग्रवाल, प्रो. दीपा त्यागी, डॉ. ममता सिंह, श्री सनातन धर्म इंटर कॉलिज की प्रधानाचार्य मनमोहिनी, इस्माईल इंटर कॉलिज की प्रधानाचार्य डॉ. मृदुला शर्मा रहीं।

छात्राओं ने प्रथम दिन ताली बजाना, गांठे लगाना और स्काउट गाइड के नियम जाने। अंतिम दिन छात्राओं ने टेंट लगाया व भोजना बनाया। पांच टोलियां सरोजनी नायडू, कल्पना चावला, रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा एवं पद्मावती बनाई गई। इस अवसर पर डॉ. वंदना भारद्वाज, डॉ. कुलज्योत्सना, डॉ. अंजू बाला, डॉ. अनीता गुप्ता आदि मौजूद रहीं। वहीं संस्कृत विभाग द्वारा मूल्य संवर्द्धित पाठ्यक्रम विषय 'संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा' का दस दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता श्री तिरुपति बालाजी कन्या महाविद्यालय खजूरी के प्राचार्य डॉ. ओंकार सिंह त्यागी ने संस्कृत साहित्य के विभिन्न ग्रंथों में वर्णित नीति शिक्षा पर विचार रखे। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रियांशी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सपना शर्मा, डॉ. नीतू शर्मा मौजूद रहीं। संवाद

## शिविर में सीखी टैंट बनाने की कला



इस्माईल पीजी कालेज के बीएड में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ. शिविर में ताली बजाना, गांठ लगाना और स्काउट गाइड के नियम, टैंट लगाना और भोजन बनाना सिखाया गया. इसमें पांच टोलियां सरोजनी नायडू, कल्पना चावला, रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा और पद्मावती बनाई गई. प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की. इसके साथ ही संस्कृत साहित्य में नीति शिक्षा के दस दिवसीय कार्यक्रम का समापन भी हुआ. छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए.

अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान

दिंनाक 28/04/2023 को बीएड विभाग मे पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ

## हिंदी भाषा में व्याकरण के सुदृढ़ीकरण व कठिनाइयों को बताया



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं • सौ कालेज

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। इससे पहले बीएड विभाग की प्रभारी डा. वंदना भारद्वाज ने कालेज प्राचार्य प्रो. अनीता राठी को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजिका डा. मीना कुमारी तोमर व विभाग प्रभारी डा. वंदना भारद्वाज ने मुख्य वक्ता हिंदी विभागाध्यक्ष डा. दीपा त्यागी, सुमन मिश्रा व नेहा सिंह को प्रमाण पत्र भेंट किया। मुख्य वक्ताओं ने पाठयक्रम पर आधारित कार्यशाला हिंदी भाषा कौशल दक्षता के अंतर्गत हिंदी भाषा में व्याकरण का सुदृढीकरण व भविष्य में उसके प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों को समझाया। कार्यशाला में बीएड प्रथम वर्ष 2022-23 की अधिकांश छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने चल रही कार्यशाला में हुए कार्यों को लेखन, चित्र लेखन व शिक्षण कार्य में पत्र लेखन वर्ण शब्दावली, संधि विच्छेद को व्याकरण के सुदृढीकरण द्वारा समझाया।

- इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला, छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया

कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित छात्राओं द्वारा तैयार की गई अध्ययन सामग्री का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसके बाद छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। अंत में डा. मीना कुमारी तोमर ने प्राचार्य, मुख्य वक्ताओं व विभाग प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

## पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ, जिसमें बीएड विभाग की प्रभारी डॉ. वन्दना भारद्वाज ने कॉलेज प्राचार्य प्रो. अनीता राठी का आभार जताया। संयोजिका डॉ. मीना कुमारी तोमर, विभाग प्रभारी डॉ. वंदना भारद्वाज, डॉ. दीपा त्यागी आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. मीना कुमारी तोमर ने प्राचार्य, मुख्य वक्ताओं, विभाग प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

mycity

### न्यूज कैप्सूल

## छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र



इस्माईल डिग्री कॉलेज में छात्रा को प्रमाणपत्र देतीं शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य वक्ता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी, सुमन मिश्रा व डॉ. नेहा सिंह ने हिन्दी भाषा कौशल दक्षता के अन्तर्गत 'हिन्दी भाषा में व्याकरण का सुदृढ़ीकरण' व भविष्य में उसके प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों को समझाया। छात्राओं ने कार्यशाला में लेखन, चित्र लेखन, पत्र लेखन, वर्ण शब्दावली, संधि विच्छेद को व्याकरण के सुदृढ़ीकरण द्वारा समझाया। अंत में सभी को प्रमाणपत्र दिए गए। प्रो. अनीता राठी ने सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मीना कुमारी तोमर, विभाग प्रभारी डॉ. वन्दना भारद्वाज व डॉ. मीना कुमारी मौजूद रहीं। संवाद

**अमर उजाला / inext**

**दिंनाक 03/05/2023 को अनुशासन समिति का समापन समारोह हुआ**

## छात्राओं को सम्मानित किया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अनुशासन विभाग में समापन समारोह का आयोजन हुआ। चीफ प्रॉक्टर प्रो. हुमा मसूद ने प्राचार्य प्रो. अनीता राठी को पुष्प गुच्छ प्रदान किया। इसके बाद छात्राओं को प्रमाणपत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया। असिस्टेंट चीफ प्रॉक्टर प्रो. दीपा त्यागी व प्रो. शिवाली अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. महिमा ठाकुर, डॉ. ममता, डॉ. पूजा राय, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. ममता सिंह आदि मौजूद रहीं। संवाद

## कर्मठ छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अनुशासन समिति का समापन समारोह बुधवार को हुआ. चीफ प्राक्टर प्रो. हुमा मसूद और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने अनुशासन विभाग की कर्मठ छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया. जिन्होंने वर्ष भर महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ गतिविधियों में भी विशेष अनुशासन व्यवस्था बनाए रखी. छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रो. दीपा त्यागी एवं प्रो. शिवाली अग्रवाल ने उन्हें अपने जीवन में भी अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया.

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 03/05/2023**



मतदान करना हम सभी का अधिकार है। इससे देश और शहर के विकास के लिए जरूरी है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें। समाज के उत्थान के लिए हमें सही प्रतिनिधि का चुनाव करना होगा, जिससे अपने क्षेत्र का विकास हो सकें। अपने क्षेत्र से जुड़े हर पहलू को जानना हमारा कर्तव्य है। मतदान आपको अपनी मर्जी से सुरक्षित और बेहतर व्यवस्था चुनने का अधिकार देता है। मतदान करते समय ध्यान रहें कि किसी व्यक्ति या पार्टी के बजाय अपनी मूलभूत आवश्यकताओं और शहर के विकास के बारे में सोच समझकर मतदान करें। हर वोट बहुमूल्य है। स्वयं वोट करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

**प्रो. दीपा त्यागी,** हिंदी विभागाध्यक्ष इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

**दैनिक जागरण**

**दिंनाक 15/05/2023 को उर्दू विभाग मे क्षमता निर्माण कौशल विकास के तहत उर्दू कंप्यूटर मे नए रुझान कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

## छात्राओं को दी उर्दू वेबसाइट की जानकारी

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के उर्दू विभाग में सोमवार को क्षमता निर्माण कौशल विकास के तहत उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान कार्यक्रम्म का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उर्दू विभागाध्यक्ष मेरठ कालेज डा. यशिका ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद ने बताया र्तमान समय में कंप्यूटर का प्रयोग आवश्यक है। वर्तमान में टेक्नोलाजी ने मानव जीवन के समस्त क्षेत्रों में एक क्रांति उत्पन्न की है। जिसका लाभ मनुष्य कई तरह से उठा रहा है। कंप्यूटर विशेषज्ञ मोहम्मद अब्दुल्ला ने छात्राओं को उर्दू इम्पेज और उर्दू वेबसाइट के बारे में बताया। प्रो. दीपा त्यागी, डा. शुभ्रा त्रिपाठी, डा. ममता सिंह, डा. कविता, डा. मोनिका और डा. दीक्षा भी उपस्थित रहीं।

**दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 19/05/2023 को इको क्लब की ओर से जन आंदोलन कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं पोधारोपण किया**

## एक दो एक दो पेड़ काटना छोड़ दो मेरठः

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में इको क्लब की ओर से मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली वाला वैश्विक जन आन्दोलन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं पौधारोपण किया. प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. रैली कालेज परिसर से निकलकर जिम खाना मैदान पहुंची जहां छात्राओं ने पौधारोपण किया. रैली ईव्स चौराहा व बुढ़ाना गेट चौराहा होते हुए वापस कालेज परिसर पहुंची. रैली के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण को बचाना है, पेड़ों से धरती को सजाना है व एक दो एक दो, पेड़ काटना छोड़ दो नारे लगाकर जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया. संचालन महिमा ठाकुर ने किया. प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. दीपा त्यागी, डा. स्वर्णा और डा. ममता सिंह भी उपस्थित रही.




**...पेड़ काटना छोड़ दो :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में इको क्लब की ओर से जन आंदोलन कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं पौधारोपण किया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने रैली को रवाना किया। रैली कालेज से जिमखाना मैदान पहुंची, जहां छात्राओं ने पौधारोपण किया। इसके बाद रैली ईव्स चौराहा और बुढ़ाना गेट चौराहा होते हुए वापस कालेज परिसर पहुंची। रैली में छात्राओं ने पर्यावरण को बचाना है, पेड़ों से धरती को सजाना है व एक दो एक दो, पेड़ काटना छोड़ दो जैसे नारे लगाए। महिमा ठाकुर, प्रो. दीप्ति कौशिक, प्रो. दीपा त्यागी, डा. स्वर्णा और डा. ममता रहीं • सौ. प्रबंधन

**दैनिक जागरण / inext**

**दिंनाक 20/05/2023 को छात्राओ ने आइआइएमटी मे आयोजित जिला स्तरीय युवा कार्यक्रम मे लोक संगीत सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान**



इस्माईल पीजी कालेज की छात्राओं ने आइआइएमटी में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में लोक संगीत सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने बताया कि संगीत विभाग की छात्राओं ने सामूहिक प्रस्तुति देकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजयी छात्राओं में हर्षिता शर्मा, अनुष्का टंडन, अदिति, सिदरा, दिव्या निराला और प्रेरणा खेर हैं• सौ. कालेज प्रबंधन

CITY BRIEFS

### इस्माइल कॉलेज ने पाया दूसरा स्थान



MEERUT : इस्माइल पीजी कालेज की छात्राओं ने आइआइएमटी में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में लोक संगीत सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य डा. अनीता राठी ने बताया कि संगीत विभाग की छात्राओं सामूहिक प्रस्तुति देकर दूसरा स्थान प्राप्त कर कालेज का गौरव बढ़ाया. विजयी छात्राओं के नाम हर्षिता शर्मा , अनुष्का टंडन, अदिति, सिदरा, दिव्या निराला और प्रेरणा खेर है.

**अमर उजाला**

**दिंनाक 20/05/2023 को इको क्लब की ओर से मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई**

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में इको क्लब की ओर से मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने रैली को रवाना किया। यह रैली कॉलेज से शुरू होकर जिमखाना मैदान तक पहुंची। छात्राओं ने पौधरोपण भी किया। संचालन इको क्लब की इंचार्ज महिमा ठाकुर ने किया। इस अवसर पर प्रो. दीपा त्यागी, डॉ. स्वर्णा सहित अन्य मौजूद रहीं। संवाद

**अमर उजाला / inext / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 22/05/2023 को उर्दू विभाग में चल रहे क्षमता निर्माण कौशल विकास के अंतर्गत कंप्यूटर मे नए रुझान कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

## भाषा का सही प्रयोग जरूरी : प्रो. अनीता



इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज में हुए कार्यक्रम में शामिल शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के उर्दू विभाग में क्षमता निर्माण कौशल विकास के तहत कंप्यूटर के बारे में बताया गया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कहा कि भाषा कोई भी हो, जरूरत है उसे सही तरीके से सीखने एवं उपयोग में लाने की। प्रो. दीपा त्यागी ने कहा कि कंप्यूटर के लिए कई भाषाओं के सॉफ्टवेयर बनाए गए, जिससे हम आवश्यकतानुसार कार्य करते हैं। अंत में उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद ने सभी का आभार प्रकट किया। संवाद

## कौशल विकास पर हुई कार्यशाला



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज उर्दू विभाग में चल रहे क्षमता निर्माण कौशल विकास के अंतर्गत कंप्यूटर में नए रुझान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग अध्यक्षा प्रोफेसर दीपा त्यागी का फरहा नाज व डॉ. शबिस्ता ने स्वागत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हुमा मसूद ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद अर्पित किया।

## छात्राओं ने ने ली साफ्टवेयर की जानकारी



इस्माइल पीजी कालेज के उर्दू विभाग में क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यशाला के अंतर्गत कंप्यूटर में नए रुझान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रो. दीपा त्यागी ने छात्राओं को कृतिदेव साफ्टवेयर की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे इसमें बहुत सी भाषाओं के साफ्टवेयर बनाए गए. जिससे आज हम अपने आवश्यकता अनुसार कार्य करते हैं. कंप्यूटर विशेषज्ञ मोहम्मद अब्दुल्ला ने सभी कंप्यूटर क्लासेस की रिपोर्ट पेश की. उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद भी उपस्थित रही.

**अमर उजाला**

**दिनांक 22/05/2023 को अंग्रेजी विभाग मे परिवर्तन के एक उपकरण के रूप मे अनुवाद अध्ययन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया**

**अनुवाद अध्ययन पर हुआ व्याख्यान :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में 'परिवर्तन के एक उपकरण के रूप में अनुवाद अध्ययन' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. पारुल त्यागी एवं मुख्य वक्ता प्रो. आलोक कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। इसके बाद छात्राओं को बताया गया कि अनुवाद के विकास और उसके बाद सूचनाओं के प्रसारण के तरीके के साथ विषय, साहित्य और तुलनात्मक अध्ययन बेहतर हुआ है। अनुवाद अध्ययन शैक्षणिक और सामाजिक दायित्व भी बन गया है। सत्र में 50 छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन एवं संयोजन डा. स्वर्णा और महिमा ठाकुर ने किया। इस मौके पर प्रो. हुमा मसूद, प्रो. दीप्ति कौशिक, डा. ममता, डा. विनेता, हिना, अरीबा आदि उपस्थित रहीं। संवाद

अमर उजाला / हिन्दुस्तान

दिंनाक 23/05/2023 को हिंदी विभाग मे एडऑन कोर्स की शुरुआत की गई

## हिंदी व्याकरण का ज्ञान अपेक्षित : प्रो. पूनम




इस्माईल डिग्री कॉलेज में एडऑन कोर्स का शुभारंभ करतीं अतिथि। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में एड-ऑन कोर्स प्रारंभ हुआ। इसका विषय 'प्रतियोगी परीक्षाओं में हिन्दी व्याकरण एवं पारिभाषिक शब्दावली की भूमिका' रहा।

शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व मुख्य वक्ता प्रो. पूनम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता ने बताया कि बीएड व बीएएलएलबी के पाठ्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हिन्दी व्याकरण का ज्ञान अपेक्षित बताया। इस दौरान डॉ. नेहा सिंह व प्रो. दीपा त्यागी आदि मौजूद रहीं। संवाद

## इस्माईल में एडऑन कोर्स की शुरुआत हुई

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में एडऑन कोर्स की शुरुआत की गई। शुभारंभ मप्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. पूनम सिंह का कुमार सुमन मिश्रा ने स्वागत किया। प्रो. दीपा त्यागी ने आभार जताया। इस दौरान कविता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर लगभग 50 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संचालन डा. स्व्रर्णा, विभागध्यक्षा महिमा ठाकुर, सहायक आचार्य ने किया।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 24/05/2023 को उर्दू विभाग मे उर्दू कंप्यूटर मे नए रुझान विषय पर दस दिवसीय कोर्स संपन्न हुआ

### युवा जागरण




### निरंतर सीखने का प्रयास करें...

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के उर्दू विभाग में दस दिन से चल रहे क्षमता निर्माण कौशल विकास अंतर्गत बुधवार को उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान कार्यक्रम का समापन हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि आज के समय में सभी को कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। भविष्य में इस प्रकार के कोर्स काम आने वाले हैं। छात्राओं ने दस दिन में जो सीखा है, उन्हें अपने जीवन में उपयोग में लाएं और निरंतर सीखने का प्रयास करें। डा. शादाब अलीम और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी 30 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए • सौ. कालेज

दैनिक जागरण, Meerut, 25 May 2023 3

### CITY BRIEFS

### निरंतर सीखने का प्रयास करें छात्राएं




MEERUT : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के उर्दू विभाग में दस दिन से चल रहे क्षमता निर्माण कौशल विकास अंतर्गत बुधवार को उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान कार्यक्रम का समापन हुआ. विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने कार्यक्रम की सराहना की. मुख्य अतिथि प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि आज के समय में सभी को कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए. भविष्य में इस प्रकार के कोर्स काम आने वाले हैं. छात्राओं ने दस दिनों में जो सीखा है, उन्हें अपने जीवन में उपयोग में लाएं और निरंतर सीखने का प्रयास करें. डा. शादाब अलीम और प्राचार्य प्रो. अनीता राठी 30 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए.

### छात्राओं को मिले प्रमाणपत्र

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग में उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान विषय पर दस दिवसीय कोर्स संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. हुमा मसूद ने प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी, डॉ. शादाब अलीम एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ मोहम्मद अब्दुल्ला को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। अंत में 30 छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान / inext

## दिंनाक 25/05/2023 को राज्य ललित कला अकादमी, संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान मे ग्रीष्मकालीन वर्कशॉप शुरू हो गई

### इस्माईल कॉलेज में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ उत्तर प्रदेश एवं संस्कार भारती मेरठ महानगर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2023 का उद्घाटन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि प्रांतीय विभाग अध्यक्ष शील वर्धन व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी रहीं और विशिष्ट अतिथि संजीवेश्वर त्यागी ने दीप प्रज्वलन किया। डॉ. दिशा दिनेश ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. ममता, डॉ. विनेता, डॉ. एकता चौधरी, डॉ. बबीता आदि मौजूद रहीं। संवाद

### कार्यशाला में छात्राएं सीखेंगी विभिन्न कलाएं

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



meerut@inext.co.in

**MEERUT (25 May):** इस्माईल पीजी कॉलेज में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आरंभ किया गया. इसका आयोजन राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ उत्तर प्रदेश, संस्कार भारती मेरठ महानगर के सहयोग से किया जा रहा है. यह आयोजन कॉलेज के चित्रकला विभाग में होगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय विभाग अध्यक्ष शील वर्धन एवं कॉलेज की हिंदी की विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी रही. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीवेश्वर त्यागी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन किया गया.

**संस्कार भारती का गीत गाया**

इसके बाद संस्कार भारती का ध्येय गीत साध्यते संस्कार भारती का गायन किया गया. कार्यक्रम संयोजिका एवं राज्य ललित कला अकादसी द्वारा नियुक्त क्षेत्रीय प्रशिक्षक डॉ. दिशा दिनेश ने कार्यक्रम की रूपरेखा को बताया. उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल की कार्यशाला इस्माईल कॉलेज के प्रांगण में हो रही है. यह 13 जून तक चलेगी.

**आर्ट्स के बारे में बताया**

उन्होंने बताया कि इस दौरान छात्राओं को विभिन्न आर्ट्स के बारे में बताया जाएगा. कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा. प्रांतीय विभाग प्रमुख शीलवर्द्धन ने संस्कार भारती के उद्देश्यों के विषय में विस्तार से बताया. इस अवसर प्रो. दीपा त्यागी, प्रो. ममता, डॉ. विनेता, डॉ एकता चौधरी, डॉ बबीता, डॉ निकहत, विनीता गुप्ता, ममता त्यागी, अनिल शर्मा, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे. जितेंद्र शर्मा ,प्रीति, समरीन, लक्ष्मी, निदा, विप्रा, नंदिनी भी रही.

### आईएन में शुरू हुई वर्कशॉप, मिलेगा प्रशिक्षण

मेरठ। आईएन पीजी कॉलेज में राज्य ललित कला अकादमी, संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन वर्कशॉप शुरू हो गई। प्रांतीय विभाग अध्यक्ष शीलवर्धन, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा त्यागी एवं संजीवेश्वर त्यागी ने शुभारंभ किया। क्षेत्रीय प्रशिक्षक डॉ. दिशा दिनेश के अनुसार गुरुवार से शुरू हुई वर्कशॉप 13 जून तक चलेगी। प्रो. ममता, डॉ. विनेता, डॉ. एकता चौधरी, डॉ. बबीता, डॉ. निकहत एवं विनीता गुप्ता रहीं।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिंनाक 25/05/2023 को हिंदी विभाग एवं शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग मे एडऑन कोर्स की शुरुआत हुई

### उच्चारण शुद्धि का प्रशिक्षण दिया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में एड-ऑन कोर्स के तृतीय दिन प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी व्याकरण की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में वर्तनी शोधन, उच्चारण शुद्धि प्रशिक्षण व मूल्यांकन के अंतर्गत सुमन मिश्रा ने प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में संस्कृत विभाग की प्रो. सपना ने छात्राओं को संधि व समास का बोध कराया। संयोजन डा. नेहा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. दीप त्यागी मौजूद रहीं। वहीं शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग में एड-ऑन कोर्स शुरू हुआ, जिसका शीर्षक 'योग और स्वास्थ्य जागरूकता' रहा। शुभारंभ योग विभाग के मंत्री सुनील सैन, अक्षमा त्यागी, भारतीय योग संस्थान दिल्ली से प्रशिक्षित धनीराम तथा भारतीय योग व्यायाम सीईओ धीरज शाह ने किया। सुनील सैन ने योग कराया। इस अवसर पर डॉ. विनेता, डॉ. एकता चैधरी, निखत, डॉ. नेहा, सुमन श्वेता व नुसरत मौजूद रहीं। संवाद



इस्माईल पीजी कालेज में एडआन कोर्स के कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं • सौ. कालेज

### शरीर को आरोग्य व शक्तिशाली बनाता है योग

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में गुरुवार को एडआन कोर्स की शुरुआत हुई। जिसका शीर्षक योग एंड हेल्थ अवेयरनेस रहा। मुख्य वक्ता सुनील सैन ने कहा कि हम वर्तमान में स्वास्थ्य समस्याओं से प्रतिदिन गुजर रहे हैं। योग द्वारा शरीर को आरोग्य तथा शक्तिशाली बनाया जा सकता है। वहीं हिंदी विभाग में चल रहे एडआन कोर्स के तीसरे दिन प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी व्याकरण की भूमिका विषय पर चर्चा हुई। सुमन मिश्रा ने छात्राओं को वर्तनी शोधन एवं उच्चारण शुद्धि के बारे में बताया। संस्कृत विभाग की डा. सपना ने संधि एवं समास के बारे में बताया। सत्र की अध्यक्षता प्रो. दीपा त्यागी ने की।

## अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / inext

## दिंनाक 26/05/2023 को शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग मे एडऑन कोर्स 'योग और स्वास्थ्य जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित हुआ



छात्राओं ने सीखा अष्टांग योग : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में चल रहे एडआन कोर्स में शुक्रवार को योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम में भारतीय योग व्यायाम के संस्थापक धीरज शाह ने छात्राओं को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के बारे में भी बताया। डा. विनेता, डा. मीनू शर्मा, डा. नेहा, सुमन व शारीरिक शिक्षा विभाग की श्वेता भी उपस्थित रहीं। वहीं राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ संस्कार भारती की ओर से कालेज में असिस्टेंट प्रो. दिशा दिनेश छात्राओं को कोलाज बनाना सिखाया।

### वर्कशॉप में छात्राओं ने सीखा अष्टांग योग

PIC : JNN



छात्राओं को कराई गई योग क्रियाएं.

#### कालेज में चित्रकला कार्यशाला में कोलाज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

**MEERUT (26 May, JNN):** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में चल रहे एडआन कोर्स में शुक्रवार को योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम में भररतीय योग व्यायाम के संस्थापक धीरज शाह ने छात्राओं को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया. उन्होंने जीवन में होने वाले तनाव और चिंता से बाहर आकर अपने लक्ष्य तक पहुंचने के उपाय गताए. महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के बारे में भी बताया. इसमें यम, नियम, आसन, प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि की बात की और ब्राह्मणी प्राणायाम आसनों का अभ्यास करवाया गया. डा. विनेता, डा. मीनू शर्मा, डा. नेहा, सुमन व शारीरिक शिक्षा विभाग की श्वेता भी उपस्थित रहीं. वहीं राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ संस्कार भारती महानगर की ओर से कालेज में चित्रकला कार्यशाला में कोलाज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रो. दिशा दिनेश छात्राओं को को[illegible] बनाना सिखाया.

#### प्रयोगात्मक परीक्षा 30 को होगी

**MEERUT:** कनोहर लाल पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष गृह विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 मई को होगी. प्राचार्य डा. अलका चौधरी ने बताया कि छात्राएं प्रयोगात्मक परीक्षा की सामग्री के साथ सुबह 8.30 बजे उपस्थित रहें.

### छात्राओं ने प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया



इस्माईल डिग्री कॉलेज में योग करतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग में एड-ऑन कोर्स 'योग और स्वास्थ्य जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन भारतीय योग व्यायाम फाउंडर के सीईओ धीरज शाह ने छात्राओं को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। प्रो. दीप्ति, डॉ. विनेता, डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. नेहा, श्वेता, नुसरत मौजूद रहीं। संवाद

### योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग में एडऑन कोर्स योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम के दूसरे दिन भारतीय योग व्यायाम फाउंडर के सीईओ धीरज शाह द्वारा छात्राओं को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। अष्टांग योग के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान डॉ. विनेता, डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. नेहा, सुमन, शारीरिक शिक्षा विभाग की अंशकालिक प्रवक्ता श्वेता, नुसरत का सहयोग रहा।

**अमर उजाला / दैनिक जागरण**

**दिंनाक 26/05/2023 को राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान मे चित्रकला कार्यशाला आयोजित हुई**

## छात्राओं ने क्राफ्ट वर्क बनाना सीखा

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वाधान में दस दिवसीय चित्रकला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के तीसरे दिन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिशा-दिनेश ने छात्राओं को क्राफ्ट वर्क जैसे दीवार घड़ी, रंगोली, वॉल हैंगिंग, पॉट मेकिंग, पेपरवेट व पेन होल्डर आदि बनाना सिखाया। इस दौरान विनीता गुप्ता, ममता, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद



इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षिका व छात्राएं। संवाद

## छात्राओं ने कोलाज बनाना सीखा



इस्माईल पीजी महिला कॉलेज में कोलाज बनाना सीखतीं छात्राएं। अमर उजाला

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज, लखनऊ राज्य ललित कला अकादमी व उप्र संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम के दूसरे दिन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिशा दिनेश ने छात्राओं को कोलाज बनाना सिखाया। प्रांतीय विभाग प्रमुख शील वर्धन गुप्ता, डॉ. विनीता, डॉ. एकता चौधरी, डॉ. निकहत, डॉ. शाजिया, डॉ. अंजू गुप्ता शाइस्ता, मोनिका आदि मौजूद रहीं। संवाद



**चित्रकला कार्यशाला** : राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ और संस्कार भारती महानगर की ओर से इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में शनिवार को चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने क्राफ्ट वर्क में दीवार घड़ी, रंगोली, वाल हैंगिंग, लुकिंग मिरर, पाट मेकिंग, पेपरवेट, पेन होल्डर बनाना सीखा। डा. दिशा

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 29/05/2023 को राज्य ललित कला अकादमी की ओर से चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला मे चित्रकार अनस सुल्तान ने छात्राओं को जानकारी दी**



## समझाया रंगों का महत्व...

राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ और संस्कार भारती महानगर की ओर से इस्माइल नेशनल महिला पीजी कालेज में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में सोमवार को चित्रकार अनस सुल्तान ने छात्राओं को फुल लाइफ स्टडी में पेस्टल आन पेपर विषय के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आयल और ऐक्रेलिक कलर से पहले का स्टेप ड्राइंग आन पेस्टल पेपर होता है। जिससे हम आसानी से कंपोजीशन ड्राइंग कलर को समझ पाते हैं। मुजफ्फरनगर से प्राची जैन, नोएडा से अंजुम, दौराला से ललित, मवाना से अमित, हिमांशु, प्रेरणा, प्राची, अनन्या, रचना, पायल, पूजा और अर्पिता ने भी कार्यशाला में भाग लिया। प्राचार्य प्रो. अनिता राठी एवं संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री आ. सुधाकर आशावादी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक डा. दिशा दिनेश भी उपस्थित रहीं • सौ. कालेज

**दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 29/05/2023 को शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग मे चल रहे एड ऑन कोर्स मे योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम की शुरुआत हुई**

### जरूर लगाएं ध्यान बढ़ती है एकाग्रता

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में चल रहे एड आन कोर्स में योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम में सोमवार को प्रो. शिवाली अग्रवाल ने ध्यान विषय पर बताया कि ध्यान करने से मस्तिष्क एक स्थान पर या किसी एक कार्य में लगा रहता है। सभी को ध्यान अवश्य करना चाहिए।

### हेल्थ अवेयरनेस के बारे में बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में योगा एंड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम के पांचवें दिन प्रो. शिवाली अग्रवाल, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्षा ने ध्यान विषय पर एक लेक्चर दिया उन्होंने योग का एक अंश ध्यान है जानकारी दी।

**<u>हिन्दुस्तान</u>**

**<u>दिंनाक 31/05/2023 को राज्य ललित कला अकादमी के सयुक्त तत्वावधान मे आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला मे छात्राओं को प्रशिक्षित किया</u>**

## छात्र-छात्राओं ने कलाकार के साथ बनाए सुंदर चित्र



इस्माईल कॉलेज में कार्यशाला के चित्रकला की बारीकियां सीखतीं छात्राएं।

मेरठ, संवाददाता। राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ, संस्कार भारती मेरठ महानगर एवं इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला-2023 के सातवें दिन महाविद्यालय के बीएड विभाग की कला प्रवक्ता विनीता गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने अतिथि कलाकार के साथ चित्र बनाए।

राज्य ललित कला अकादमी द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक डॉ. दिशा दिनेश ने अतिथि का स्वागत किया। तुबा, समरीन, प्रीति, अनुभा, आकांक्षा, लक्ष्मी, सायरा, अनुप्रिया, पल्लवी, विशाखा एवं जितेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा।

**<u>हिन्दुस्तान / अमर उजाला</u>**

**<u>दिंनाक 31/05/2023 को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर प्रहरी क्लब एवं रेंजर्स क्लब के सयुक्त तत्वावधान मे प्रतियोगिता आयोजित की गई</u>**

## नम्रा ने दिया सबसे अच्छा भाषण

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर प्रहरी क्लब एवं रेंजर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, मुख्य अतिथि सरबजीत सिंह व मुख्य वक्ता मद्य निषेध विभाग के प्रभारी प्रणव पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नम्रा, द्वितीय सानिया व तृतीय स्थान नेहा ने प्राप्त किया। संवाद




इस्माइल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व छात्राएं।

## गोष्ठी: युवा पीढ़ी नशा नहीं जिदंगी को चुनें

मेरठ। बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर आईएनपीजी कॉलेज में प्रहरी क्लब एवं रेंजर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी नशा नहीं बल्कि जिंदगी चुनें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरबजीत सिंह एवं मुख्य वक्ता मद्य निषेध विभाग मेरठ के प्रभारी प्रणव पांडे रहे। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने विचारों की अभिव्यक्ति की। लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया।

निर्णायक मंडल में रेंजर्स सह-प्रभारी एवं ईको क्लब प्रभारी महिमा ठाकुर एवं डॉ. नेहा सिंह रहीं। संयोजन एवं संचालन रेंजर प्रभारी डॉ. स्वर्णा ने किया।

**हिन्दुस्तान / inext**

**दिंनाक 01/06/2023 को राज्य ललित कला अकादमी के सयुक्त तत्वावधान मे आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला मे डॉ राजेंद्र ने विधार्थियों को क्रिएटिव लैंडस्केप बनाना सिखाया**

मेरठ, शुक्रवार, 2 जून 2023 08

शहर 30s



## छात्राओं ने सीखा लैंडस्केप बनाना

मेरठ। राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ, संस्कृति विभाग एवं आईएन पीजी कॉलेज के संयुकत तत्वावधान में जारी ग्रीष्मकालीन वर्कशॉप में गुरुवार को डॉ.राजेंद्र ने विद्यार्थियां को क्रिएटिव लैंडस्केप बनाना सिखाया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास को प्रेरित किया। डॉ.दिशा दिनेश, तुबा समरीन, प्रीति, विशाखा, निंदा, प्राची, बुशरा, आयशा, लक्ष्मी रहे।

## स्टूडेंट्स को लैंडस्केप चित्र बनाने की अहम टिप्स दीं

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



छात्राओं को चित्रकारी की टिप्स दी गईं.

**इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

meerut@inext.co.in

**MEERUT (1 June):** राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग व संस्कार भारती की ओर से इस्माइल कॉलेज में कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें पश्चिम यूपी के प्रसिद्ध वरिष्ठ कलाकार डॉ. राजेंद्र ने क्रिएटिव लैंडस्केप का डेमोस्ट्रेशन दिया. उन्होंने छात्र-छात्राओं को लैंडस्केप बनाने की बारीकियों को विस्तार से समझाया. स्टूडेंट्स को सभी रंगों के विषय में जानकारी दी गई एवं विभिन्न प्रश्नों का समाधान भी कलाकार द्वारा किया गया.

**ये लोग रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रो. अनीता राठी ने अतिथि कलाकार को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दिशा दिनेश द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की छात्राओं में तुबा समरीन प्रीति, विशाखा, निदा, प्राची, बुशरा, आयशा, लक्ष्मी, विप्रा नंदिनी एवं जितेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा.

**हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 01/06/2023 को पुलिस चौकी प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण पर लेक्चर दिया**

## छात्राओं को दी हेल्पलाइन की जानकारी

मेरठ। आईएन महिला पीजी कॉलेज में बुढ़ाना गेट पुलिस चौकी प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण पर लेक्चर दिया। उन्होंने छात्राओं को शासन की हेल्पलाइन नंबर 1090 और 1081 की प्रक्रिया समझाई। प्राचार्या प्रो.अनीता राठी, डॉ.मीना तोमर, डॉ.दिशा दिनेश एवं डॉ.नीलम शर्मा मौजूद रहीं।

**दैनिक आज का बुलेटिन**

**दिंनाक 02/06/2023 को महिला सशक्तिकरण के विषय में छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया**

2 दैनिक आज क

## छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का आयोजन



आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज, मेरठ में बुढ़ाना गेट पुलिस चौकी इंचार्ज देवेन्द्र मिश्रा के द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का आयोजिन किया गया। देवेन्द्र मिश्रा ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा शासन के हैल्प लाइन नं0 1090, 1081 के विषय में जानकारी दी कि किस प्रकार इन हैल्प लाइन का उपयोग किया जा सकता है ।

इसके क्या-क्या फयदे है तथा समझाया कि आप इनके उपयोग से किसी भी अप्रिय घटना से कैसे बच सकते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 अनीता राठी जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डा0 मीना तोमर, डा0 दिशा दिनेश एवं डा0 नीलम शर्मा आदि प्रवक्ताएं उपस्थित रहीं।

**अमर उजाला**

**दिंनाक 02/06/2023 को शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग मे 'योग और स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर कार्यक्रम हुआ**

my city # हम लोग



## योग करने से दूर होती हैं बीमारियां : ममता

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग में 'योग और स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर कार्यक्रम हुआ। 8वें दिन शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. ममता ने योग को एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति बताया। उन्होंने कहा कि योग करने से शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं।

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय कार्यरत मिथलेश तिवारी ने बताया कि कैसे हम अपने शरीर में होने वाली बीमारियों को दूर कर सकते हैं। प्रवक्ता श्वेता व नुसरत मौजूद रहीं।



इस्माईल पीजी कॉलेज में आयोजित योग शिविर में हिस्सा लेतीं छात्राएं। अमर उजाला

**अमर उजाला**

**दिंनाक 06/06/2023 को राज्य ललित कला अकादमी की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया**



इस्माईल डिग्री कॉलेज के चित्रकला विभाग में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थी। संवाद

## छात्राओं को चित्र बनाने सिखाए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ व संस्कार भारती की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। कार्यशाला के 13वें दिन मोदीनगर इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स की असिस्टेंट प्रो. डॉ. रुचि ने कला की विभिन्न तकनीकों से छात्राओं को अवगत कराया। चित्रकार आकाश कुमार ने एक्रेलिक में पोर्ट्रेट का डेमोंसट्रेशन, चारकोल, वाटर कलर, इंक पेन, बॉल पेन आदि विभिन्न माध्यमों से छात्राओं को चित्र बनाने सिखाए। संवाद

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिंनाक 12/06/2023 को राज्य ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित चित्रकला कार्यशाला का समापन हुआ**

## युवा जागरण



### छात्राओं के बनाए चित्रों की लगी प्रदर्शनी

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सोमवार को राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ और संस्कार भारती महानगर की ओर से छात्राओं द्वारा चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. नीलिमा गुप्ता, संजीवेश्वर त्यागी और प्रो. पंकज शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने कार्यशाला के दौरान बनाए विभिन्न चित्रों का प्रदर्शन किया। इस दौरान डा. सुधाकर आशावादी, राकेश जैन, जितेंद्र शर्मा, प्रो. पंकज शर्मा, डा. राजेंद्र राजन, डा. शुभा मालवीय और प्रो. विनीता व अन्य मौजूद रहे • सौ. कालेज



### पेंटिंग्स और क्ले की आकृतियों ने मोहा मन

मेरठ। राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उप्र, संस्कार भारती मेरठ महानगर व इस्माईल नेशनल कॉलेज की ओर से आयोजित चित्रकला कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. नीलिमा गुप्ता, पूर्व पर्यटन अधिकारी श्रीवर्धन गुप्ता, डॉ. दिशा दिनेश, संजीवेश्वर त्यागी, डॉ. सुधाकर आशावादी ने किया।

### इस्माईल कॉलेज में कार्यशाला शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला शुरू की गई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नीलितमा गुप्ता और संजीवेश्वर त्यागी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिशा दिनेश ने 20 दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रो. पंकज शर्मा, डॉ. राजेंद्र राजन, डॉ. शुभा मालवीय, डॉ. सुधाकर आशावादी, राकेश जैन आदि मौजूद रहे। संवाद

दैनिक आज का बुलेटिन

दिंनाक 13/06/2023 को संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2023 के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ

# संस्कार भारती मेरठ महानगर ने किया जितेंद्र शर्मा को सम्मानित





आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी

मेरठ। राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश, संस्कार भारती मेरठ महानगर मेरठ एवं इस्माइल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2023 के अंतर्गत सोमवार को आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ नीलिमा गुप्ता, संजीवेश्वर त्यागी जी व विशिष्ट अतिथि प्रो0 पंकज शर्मा ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए संस्कार भारती का ध्येय गीत साध्यते संस्कार भारती का गायन किया गया। सभी अतिथियों का पुष्पमाला व पटका पहना कर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय महामंत्री डॉ0 सुधाकर आशावादी जी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष राकेश जी जैन जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 दिशा दिनेश द्वारा 20 दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

डा0 दिशा दिनेश ने कहा कि 'कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा परंतु यह बिल्कुल नहीं नकारा जा सकता कि इस कार्यशाला आयोजन में जो योगदान जितेंद्र शर्मा जी का रहा वह बहुत अधिक सराहनीय है। इसी कारण संस्कार भारती मेरठ महानगर आपका आभार प्रकट करती है एवं आपके द्वारा दिए गए इस अतुलनीय सहयोग की सदा आभारी रहेगी।'

प्रांतीय महामंत्री एवं विभाग प्रमुख द्वारा जितेंद्र शर्मा को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर विशेष सम्मान दिया गया।

सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर आए अतिथियों में प्रो0 पंकज शर्मा, डॉ0 राजेंद्र राजन, डॉ0 शुभा मालवीय, डॉ0 सुधाकर आशावादी, श्री राकेश जैन, अनस, प्रो0 विनीता, प्रो0 ममता, जे0एस0 माथुरी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ0 दिशा दिनेश द्वारा किया गया।

<u>दैनिक आज का बुलेटिन</u>

<u>दिंनाक 21/06/2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग व रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यशाला का आयोजन हुआ</u>

3 दैनिक आज का बुलेटिन

## शारीरिक शिक्षा विभाग व रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्तवाधान में योग कार्यशाला का आयोजन





आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पी0जी0 कॉलिज में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो0 अनीता राठी की अध्यक्षता में शारीरिक शिक्षा विभाग व रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्तवाधान में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ0 ममता व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में योग विशेषज्ञ के रूप में धीरज शाह (फाउंडर एंड सीईओ व्यायाम वाइव्स प्राइवेट लिमिटेड योग स्टूडियो) ने बच्चो को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया और आज के समय में विद्यार्थी के जीवन में होने वाले तनाव और चिंता से बाहर आकर अपने लक्ष्य पर काम करने के गुण सिखाए। उन्होंने बताया कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं अपितु मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें योगाचार्य धीरज शाह ने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग को भी बताया जिसमें यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि की बात की और आसन प्रणाम का अभ्यास कराया, जिसमें वृक्षासन, ताड़ासन, कटिचक्रासन, कुर्सी आसन, कपालभाति, तितली आसन, भस्त्रिका प्राणायाम, ब्राह्मणी प्राणायाम, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया। कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा विभाग व रेंजर्स समिति के छात्राओं के साथ-साथ प्रवक्ताओं व अन्य प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रो0 अनीता राठी ने उत्तम योगाभ्यास प्रदर्शन करने के लिए प्रतिभागियोंरू यशी शर्मा को प्रथम, शुभाना जावेद को द्वितीय, शिवांगी सैनी को तृतीय व को शीतल को सांत्वना पुरस्कार देकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि योग मानव जीवन के लिए वरदान है। इसलिए हमें योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ0 स्वर्णा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ0 ममता (शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा) व डॉ0 स्वर्णा (रेंजर्स समिति प्रभारी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 विनेता, डॉ0 सारिका शर्मा, डॉ0 अंजु गुप्ता, कु0 श्वेता शर्मा व कु0 नुसरत फातमा का विशेष सहयोग रहा।

<u>अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान</u>

<u>दिंनाक 21/06/2023 को योग दिवस पर छात्राओं को सम्मानित किया गया</u>



इस्माईल कॉलेज में योग दिवस पर छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## सूक्ष्म व्यायाम, तितली आसन कराए

कॉलेजों में भी योग का महत्व बताया गया। कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज में प्रशिक्षक शिप्रा गोयल ने सभी को योगिक जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, तितली आसन आदि का अभ्यास कराया। आरजी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. रजनी रानी शंखधर, सीमा रानी, कमलेश, अंजू रानी मौजूद रहीं। आरजी पीजी कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती के तत्वावधान में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शुभारंभ डॉ. ममता ने किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में योग विशेषज्ञ धीरज शाह ने सभी को योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। शहीद मंगल पांडेय महिला पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में योग सत्र आयोजित हुआ।



इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कालेज एल ब्लाक शास्त्रीनगर में बुधवार को योग सप्ताह के समापन समारोह में महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी मुख्य अतिथि रही। विकास शर्मा ने विभिन्न आसन आदि कराए। एनसीसी कैडेट्स ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या डा. मृदुला शर्मा, अनुपम निधि एवं अंबिका मौजूद रहीं। • सौ. प्रबंधन